3 राजधानी
दो साल बाद बोर्ड परीक्षाएं

9 विदेश
बाइडन और पुतिन में फोन पर वार्ता

10 स्वास्थ्य
स्वस्थ रहना है तो एक्टिव रहें

12 स्पोर्ट्स
साकेत-रामकुमार ने जीता युगल खिताब

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 98
नई दिल्ली, रविवार, 13 फरवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



रिया चक्रवर्ती दो साल बाद काम पर लौटीं
विविध-11

# अब 22,842 करोड़ का बैंक घोटाला

- सीबीआई ने जहाज बनाने वाली एबीजी शिपयार्ड समेत कई हस्तियों पर दर्ज किया केस, बतायी सबसे बड़ी बैंक धोखाधड़ी
- आईसीआईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के नेतृत्व वाले 28 बैंकों के संघ को चूना लगाने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



प्रतीकात्मक फोटो

**देश** में एक और बैंक धोखाधड़ी मामला सामने आया है। अब तक के सबसे बड़े लगभग 22,842 करोड़ रुपये के इस सनसनीखेज बैंक धोखाधड़ी मामले में सीबीआई ने एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड और उसके तत्कालीन अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक ऋषि कमलेश अग्रवाल समेत अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

आरोपियों ने आईसीआईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के नेतृत्व वाले 28 बैंकों के संघ को कथित रूप से धोखा देकर रकम हड़प ली। सीबीआई ने कहा कि शनिवार को एजेंसी ने सूरत, भरूच, मुंबई और पुणे स्थित फर्म के निदेशकों सहित अन्य आरोपियों के 13 परिसरों पर छापे मार कर तलाशी ली। अग्रवाल के अलावा, एजेंसी ने तत्कालीन कार्यकारी निदेशक संथानम मुथास्वामी, निदेशक अश्विनी कुमार, सुशील कुमार अग्रवाल, रवि विमल नेवेतिया और एक अन्य कंपनी एबीजी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड को भी भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत नामित किया है। इन सभी पर भी आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और पदों के दुरुपयोग के कथित अपराध करने के आरोप लगाए गए हैं। सीबीआई ने बताया कि एसबीआई ने पहली बार 8 नवंबर, 2019 को शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर जांच एजेंसी ने 12 मार्च, 2020 को कुछ स्पष्टीकरण मांगा था। इसके बाद बैंक ने उसी साल अगस्त में नए सिरे से शिकायत दर्ज कराई।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि डेढ़ साल से अधिक समय तक जांच करने के बाद उसने 7 फरवरी, 2022 को प्राथमिकी दर्ज कर शिकायत पर कार्रवाई की है। कंपनी को 28 बैंकों और वित्तीय संस्थानों से ऋण सुविधा स्वीकृत की गई थी, जिसमें एसबीआई का 2,468.51 करोड़ रुपये का एक्सपोजर था। फोरेंसिक ऑडिट से पता चला है कि 2012-17 के बीच आरोपियों ने एक साथ मिलीभगत कर धन की हेराफेरी और आपराधिक विश्वासघात सहित अवैध गतिविधियों को अंजाम दिया। कहा जा रहा है कि सीबीआई द्वारा दर्ज यह सबसे बड़ा बैंक धोखाधड़ी का मामला है। फंड का इस्तेमाल बैंकों द्वारा जारी किए गए उद्देश्यों के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए किया गया। एजेंसी ने कहा कि आरोप लगाया गया था कि उक्त आरोपी ने तत्कालीन स्टेट बैंक ऑफ पटियाला, वाणिज्यिक वित्त शाखा, नई दिल्ली, तत्कालीन स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर, वाणिज्यिक शाखा, नई दिल्ली, भारतीय स्टेट बैंक, विदेशी शाखा (मुम्बई) सहित 28 बैंकों के संघ को धोखा दिया, जिनके संघ का नेतृत्व आईसीआईसीआईसीआई बैंक कर रहा था। सूरत स्थित कंपनी जहाज निर्माण और जहाजों की मरम्मत के कारोबार में लगी हुई थी। आरोप है कि आरोपियों ने एक साथ मिलीभगत कर बैंक से ली गई धनराशि का गलत इस्तेमाल किया। यानी, यह धन लेते समय जो उद्देश्य बैंक को बताया गया था, इसके लिए इस राशि का प्रयोग नहीं किया गया।

एजेंसी के बयान में कहा गया है कि कंपनी ने कथित तौर पर बड़ी रकम अपने संबंधित पक्षों को हस्तांतरित की और बाद में समायोजन प्रविष्टियां की गईं। यह भी आरोप लगाया गया था कि कंपनी को दिए गए बैंक ऋणों को डायवर्ट किया गया था और उसका विदेशी सहायक कंपनी में भारी निवेश पाया गया। यह भी आरोप है कि बैंकों से धन को संबंधित पक्षों के नाम पर बड़ी संपत्ति खरीदने के लिए इस्तेमाल किया गया था। मालूम हो कि देश में 13 हजार करोड़ रुपये के पीएनबी घोटाले समेत कई अन्य मामले पिछले वर्षों में सुर्खियों में रहे हैं।

# चीन ने एलएसी पर लिखित समझौता तोड़ा: जयशंकर

- विदेश मंत्री ने क्वाड सम्मेलन के बाद आस्ट्रेलियाई समकक्ष के साथ लद्दाख में चीन सीमा पर हालात से कराया अवगत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**लद्दाख** में सीमा पर तनाव के बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बड़े पैमाने पर सैनिकों को तैनात कर लिखित समझौते का अनादर किया है। उन्होंने यह भी कहा कि जब कोई बड़ा देश किसी लिखित समझौते की अवहेलना करता है, तो यह पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए चिंता का विषय होता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यह टिप्पणी मेलबर्न में अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष मारिस पायने के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में की।

विदेश मंत्री ऑस्ट्रेलिया के चार दिवसीय दौरे पर हैं, जहां उन्होंने शुक्रवार को क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लिया। क्वाड गठबंधन में भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका शामिल हैं। एलएसी की स्थितियों के बारे में सम्मेलन में जानकारी देते हुए हुए जयशंकर ने कहा कि वर्तमान हालात चीन द्वारा सीमा पर सामूहिक सैनिकों के लिए लिखित समझौतों की अवहेलना के कारण उत्पन्न हुआ है। उन्होंने ये टिप्पणी भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच पूर्वी लद्दाख सीमा गतिरोध पर एक सवाल के जवाब में की। यह पूछे जाने पर कि क्या शुक्रवार को यहां क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान भारत-चीन सीमा गतिरोध का मुद्दे पर चर्चा पर जयशंकर ने सकारात्मक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हमने (क्वाड) भारत-चीन संबंधों पर चर्चा की कि हमारे अपने पड़ोस में क्या हो रहा था इसके बारे में एक-दूसरे को जानकारी दी। यह एक ऐसा मुद्दा है जिसमें बहुत सारे देश रुचि लेते हैं, खासकर यदि वे भारत-प्रशांत क्षेत्र से हैं। जयशंकर ने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले संचार ने एक प्रशिक्षण, शांति, समृद्धि, क्षेत्र की स्थिरता में सुधार किया है। जयशंकर ने कहा कि क्वाड देशों के चार विदेश मंत्रियों ने एक बिंदु बनाया कि हम यहां सकारात्मक चीजें करने, शांति, समृद्धि, क्षेत्र की स्थिरता में योगदान करने के लिए हैं। चीन के विदेश मंत्री द्वारा क्वाड की आलोचना करने पर जयशंकर ने कहा कि हमारे कार्य और रुख बहुत स्पष्ट हैं, और बार-बार इसकी आलोचना करने से हमें कोई कम विश्वसनीय नहीं बनता है। चीन ने क्वाड समूह का विरोध किया है, जिसमें अमेरिका पर अन्य देशों का इस्तेमाल हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन को उकसाने के लिए करने का आरोप लगाया है, जबकि क्वाड साथियों का कहना है कि साझेदारी क्षेत्र में शांति और स्थिरता प्रदान करना है।

# दो साल बाद कल स्कूल लौटेंगे 8वीं तक के छात्र

- शिक्षा निदेशालय ने दी हिदायत, एक सप्ताह तक किताबें लाने का दबाव न बनाएं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में करीब दो साल बाद नर्सरी से आठवीं तक के बच्चों के लिए स्कूल सोमवार से खुलेंगे। शिक्षा निदेशालय स्कूलों में नन्हें-मुन्नों के साथ सभी छात्रों के स्वागत के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। बच्चों को स्कूल भेजने से पहले उनके माता-पिता व अभिभावकों को एक सहमति पत्र देना होगा। इसके अलावा शिक्षा निदेशालय के द्वारा स्कूलों को नर्सरी से आठवीं क्लास तक के छात्रों के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किया गया है।

इस बाबत सभी स्कूल प्रमुखों को निर्देश दिए गए कि स्कूल खुलने के बाद अगले 2 सप्ताह तक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के मेंटल-इमोशनल वेल-बींग पर काम किया जाए। साथ ही यह भी कहा स्कूल खुलने के बाद बच्चों पर एक सप्ताह तक किताबें लाने का दबाव न बनाया जाए। शिक्षा निदेशालय के अनुसार, स्कूलों की ओर से अभिभावकों को कहा गया है कि वह यह सुनिश्चित करें कि बच्चा अपना ही सामान इस्तेमाल करे। स्कूल में खेल या अन्य किसी सभा का आयोजन नहीं किया जाएगा। स्कूल खुलने के बाद बच्चों पर एक सप्ताह तक किताबें लाने का दबाव न बनाया जाए। उनके मनोरंजन के लिए विभिन्न गतिविधियों को शामिल करने के लिए भी कहा है।

स्कूल खुलने पर शिक्षकों को बच्चों व उनके साथ पहुंचे अभिभावकों का गर्मजोशी के साथ स्वागत को कहा गया। कक्षा में पहुंचने पर शिक्षक बच्चों से उनके लॉकडाउन के समय का अनुभव साझा करने के लिए कहेंगे। यदि कोई बच्चा अपना अनुभव साझा करने में असहज महसूस (शेष पेज 8)

# बंगाल के राज्यपाल ने किया सदन का सत्रावसान, भड़की तृणमूल

सौगर सेनगुप्ता। कोलकाता

**आगामी** बजट सत्र से पहले बंगाल में सरकार और राज्यपाल के बीच फिर विवाद छिड़ गया है। राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने शनिवार को राज्य विधानसभा का तत्काल प्रभाव से सत्रावसान का ऐलान कर दिया। उनके इस कदम पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी और इस कार्रवाई को अभूतपूर्व, मनमाना और अशालीनता बताया है।

राजभवन से जारी आदेश में कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 174 के खंड (2) के उप-खंड (ए) के तहत मुझे प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, जगदीप धनखड़, पश्चिम बंगाल का राज्यपाल, 12 फरवरी 2022 से विधानसभा का सत्रावसान करता हूं। किसी विधानसभा या संसद सत्र को स्थगित करने का अर्थ है कि इसे भंग किए बिना कुछ समय के लिए कार्यवाही को रोकना। राज्यपाल ने ट्वीट कर दावा किया कि उनकी कार्रवाई राज्य सरकार की एक सिफारिश के मद्देनजर आई है, जबकि टीएमसी नेतृत्व ने उनके दावे को खारिज कर दिया है। ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए बंगाल के मंत्री पार्थो चटर्जी ने कहा कि ऐसा कहीं देखा गया है कि कोई राज्यपाल (शेष पेज 8)

## टीएमसी में अंदरूनी कलह पर ममता ने नई एनडब्ल्यूसी बनाई



**कोलकाता।** पार्टी के अंदरूनी झगड़े को समाप्त करने के उद्देश्य से एक अचानक उठाए गए कदम में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को पार्टी में सभी शीर्ष पदों को भंग कर दिया और इसकी जगह 20 सदस्यीय नेशनल वर्किंग कमेटी (एनडब्ल्यूसी) बना दी है। पार्टी की अंदरूनी कलह में ममता के भतीजे और सांसद अभिषेक बनर्जी तथा कुछ वरिष्ठ नेता संलिप्त बताए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के कालीघाट स्थित आवास पर शनिवार को बुलाई गई एक आपात बैठक के बाद वरिष्ठ नेता पार्थो चटर्जी और फिरहाद हकीम ने कहा कि एनडब्ल्यूसी से चुने जाने वाले नए पदाधिकारियों की घोषणा बाद में की जाएगी। बैठक से बाहर निकलते हुए चटर्जी ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष के रूप में फिर चुने जाने के बाद ममता बनर्जी ने पार्टी मामलों को देखने के लिए समिति बनाई थी। आज उसी समिति की बैठक थी, जिसमें ममता बनर्जी ने पार्टी की नई कार्यसमिति के गठन (शेष पेज 8)

# जानेमाने उद्योगपति राहुल बजाज का निधन

भाषा। मुंबई



**बजाज** समूह के पूर्व चेयरमैन राहुल बजाज का शनिवार को पुणे में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर दुख व्यक्त किया और उद्योग जगत में उनके योगदान को याद किया। बजाज समूह के पूर्व अध्यक्ष राहुल बजाज का पुणे में बीमारी के कारण निधन हो गया। राहुल बजाज ने बजाज ऑटो में गैर-कार्यकारी निदेशक और चेयरमैन पद से पिछले वर्ष 30 अप्रैल को इस्तीफा दिया था हालांकि वह चेयरमैन एमेरिटस बने रहे। कुछ समय से उनकी तबियत ठीक नहीं थी और शनिवार को दोपहर करीब ढाई बजे उनका निधन हो गया। अधिकारी ने बताया कि बजाज की अंत्येष्टि रविवार को की जाएगी। बजाज के परिवार में उनके दो बेटे राजीव बजाज और संजीव बजाज (शेष पेज 8)

# अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ नेटवर्क का भंडाफोड़, 22 लोग गिरफ्तार

- डार्कनेट के जरिए चल रहे धंधे में सॉफ्टवेयर इंजीनियर, वित्त विश्लेषक, एमबीए स्नातक और एनसीबी कर्मी थे शामिल
- चार माह चले अभियान में दिल्ली-एनसीआर समेत 17 स्थानों पर मारे गए छापे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**स्वापक** नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने देश भर में फैले अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ के नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। डार्कनेट, अज्ञात क्रिप्टोकरेंसी के लेन देन और फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए यह कारोबार किया जा रहा था।'डार्कनेट' इंटरनेट का वह छिपा हुआ हिस्सा है, जहां विशेष सॉफ्टवेयर के जरिए ही पहुंचा जा सकता है। गिरफ्तार किए गए लोगों में सॉफ्टवेयर इंजीनियर, वित्त विश्लेषक, एमबीए स्नातक और एनसीबी का कर्मचारी शामिल है।

एनसीबी ने मादक पदार्थ के तीन प्रमुख बाजार-डीएनएम इंडिया, डीआरईडी और द ओरिएंट एक्सप्रेस का भंडाफोड़ किया है। ये बाजार डॉर्कनेट के जरिए चलाए जा रहे थे और दिल्ली-एनसीआर, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, असम, पंजाब, झारखंड, पश्चिम बगांल और राजस्थान में चार माह चले अभियान के बाद इनका पता चला। इस संबंध में चार मामले दर्ज किए गए हैं और देशभर में चले अभियान में 17 स्थानों पर छापे मारे गए। उत्तरी क्षेत्र के लिए एनसीबी के उप महानिदेशक ज्ञानेश्वर सिंह ने नई दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि ये मादक पदार्थ कुरियर सेवा और भारतीय डाक विभाग नेटवर्क के जरिए अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड और पोलैंड आदि देशों से (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,152 | |
| निफ्टी | 17,374 | |
| सोना | 48,669 | /10g |
| चांदी | 62,214 | /kg |

## क्विक न्यूज

### नक्सली मुठभेड़ में सीआरपीएफ अधिकारी का बलिदान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में शनिवार को नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक अधिकारी बलिदान और एक जवान घायल हो गया। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि घटना सुबह साढ़े नौ बजे जिले के बसागुड़ा पुलिस थाना अंतर्गत पुटकेल गांव में एक छोटी नदी के पास उस वक्त हुई, जब सीआरपीएफ की 168वीं बटालियन का एक गश्ती दल सड़क सुरक्षा ड्यूटी पर निकला था। उन्होंने कहा कि जब गश्ती दल राजधानी रायपुर से करीब 440 किलोमीटर दूर जंगल में डोंगल चिंता नामक छोटी नदी के निकट घेरा डाल रहा था, तभी उसके ऊपर माओवादियों ने भारी गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद दोनों तरफ से गोलियां चलीं। आईजी ने कहा, इस घटना में 168वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट एस बी टिर्की शहीद हो गए, जबकि अप्पा राव नामक एक जवान घायल हो गया।

# उप्र में दूसरे चरण और उत्तराखंड गोवा में चुनाव प्रचार संपन्न

- राजनीतिक दलों ने प्रचार के अंतिम दिन झोंकी ताकत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, देहरादून, पणजी



कन्नौज में जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**उत्तराखंड** और गोवा में 14 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को प्रचार समाप्त हो गया। ये दोनों राज्य राजनीतिक अस्थिरता के लिए जाने जाते हैं जहां भाजपा सत्ता बनाए रखने का प्रयास कर रही है। 14 फरवरी को ही उत्तर प्रदेश में होने वाले दूसरे चरण के चुनाव के लिए भी प्रचार अभियान आज संपन्न हो गया। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेता जहां विकास के लिए मतदाताओं से फिर से डबल इंजन की सरकार लाने का आह्वान करते रहे हैं, वहीं कांग्रेस और आम आदमी पार्टी जैसे विपक्षी दल महंगाई और किसानों के मुद्दे को लेकर भाजपा पर निशाना साधते रहे हैं। उत्तराखंड की सभी 70 विधानसभा सीट और गोवा की सभी 40 सीट पर सोमवार को मतदान होगा। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण (शेष पेज 8)

# ईशान बने आईपीएल इतिहास के दूसरे सबसे महंगे भारतीय

- दस खिलाड़ियों ने छुआ दस करोड़ का आंकड़ा

भाषा। बेंगलुरू




**भारत** के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में युवराज सिंह के बाद दूसरे सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बन गए जबकि कुल 10 खिलाड़ियों को यहां चल रही नीलामी के पहले दिन शनिवार को 10 करोड़ रुपए या इससे अधिक की धनराशि में खरीदा गया। ईशान को मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद से लंबी होड़ के बाद 15 करोड़ 25 लाख रूपए में फिर खरीदा।

तेज गेंदबाजों में भी टीमों ने दिलचस्पी दिखाई जबकि अनकैप्ड (जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेले हैं) खिलाड़ियों पर भी मोटी बोली लगाई गई। तेज गेंदबाज दीपक चाहर में कई टीमों ने दिलचस्पी दिखाई लेकिन आखिर में चेन्नई सुपर किंग्स उन्हें 14 करोड़ रुपए खर्च करके अपनी टीम से फिर से जोड़ने में सफल रहा। चाहर के अलावा जिन तेज गेंदबाजों को मोटी रकम मिली उनमें शार्दुल ठाकुर (दिल्ली कैपिटल्स, 10.75 करोड़ रुपए), पिछले सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले हर्षल पटेल (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर, 10.75 करोड़ रुपए), प्रसिद्ध कृष्णा (राजस्थान रॉयल्स, 10 करोड़ रुपए), लॉकी फर्गुसन (गुजरात टाइटन्स, 10 करोड़ रुपए), अनकैप्ड आवेश खान (लखनऊ सुपरजाइंट्स, 10 करोड़ रुपए), कैगिसो रबाडा (पंजाब किंग्स 9.25 करोड़ रुपए), ट्रेंट बोल्ट (रॉयल्स, आठ करोड़ रुपए), जोश हेजलवुड (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर, 7.75 करोड़ रुपए) और मार्क वुड (लखनऊ सुपरजाइंट्स, 7.50 करोड़ रुपए) प्रमुख हैं। विकेटकीपरों ने भी टीमों को आकर्षित किया और इनमें सबसे बड़ी धनराशि मिली ईशान को जिनके लिए मुंबई और हैदराबाद के बीच जबर्दस्त होड़ लगी। ईशान का आधार मूल्य दो करोड़ रूपए था। विश्व कप 2011 में भारत की जीत के नायक रहे युवराज को दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) ने 2015 सत्र से पहले रिकॉर्ड 16 करोड़ रूपए में खरीदा था। आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला क्रिस मौरिस हैं जिन्हें 2021 में मिनी नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने 16.25 करोड़ रूपए में खरीदा था। भारत के स्टायलिश बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को केकेआर ने 12 करोड़ 25 लाख रूपए में तो श्रीलंका के हरफनमौला वानिंदु हसरंगा को आरसीबी ने 10.75 करोड़ रूपए में खरीदा। वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन को सनराइजर्स ने 10.75 करोड़ रूपए में खरीदा।

दिनेश कार्तिक को आरसीबी ने साढे पांच करोड़ रूपए में जबकि जॉनी बेयरस्टॉ को पंजाब किंग्स ने पौने सात करोड़ रूपए में अपनी टीम में शामिल किया। अंबाती रायुडू को चेन्नई ने इसी रकम पर फिर से खरीदा। आवेश आईपीएल नीलामी में सबसे बड़ी कीमत पर बिकने वाले अनकैप्ड खिलाड़ी बने। अन्य अनकैप्ड खिलाड़ियों (शेष पेज 8)

### लखनऊ सुपरजाइंट्स के प्रमुख खिलाड़ी

| | |
|---|---|
| आवेश खान | 10 करोड़ |
| जैसन होल्डर | पौने नौ करोड़ |
| कृणाल पंड्या | 8.25 करोड़ |
| मार्क वुड | 7.50 करोड़ रुपए |
| क्विंटोन डिकॉक | पौने सात करोड़ |
| दीपक हुड्डा | पौने छह करोड़ |

# जेवर एयरपोर्ट तक मेट्रो की डीपीआर तैयार

## सफर होगा और भी आसान, डीएमआरसी के अधिकारी यमुना प्राधिकरण के सामने कल पेश करेंगे रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा से जेवर एयरपोर्ट तक जाना अब और आसान हो जाएगा। एयरपोर्ट को मेट्रो रेल से जोड़ने के लिए डीपीआर तैयार हो गया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन सोमवार को यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के सामने प्रोजेक्ट को प्रस्तुतीकरण देगा। इस बैठक में आगे की रणनीति पर फैसला लिया जाएगा। डीएमआरसी प्राधिकरण को बताएगी कि कैसे नोएडा एयरपोर्ट को मेट्रो रेल की कनेक्टिविटी दी जाएगी। जानकारी के मुताबिक नोएडा एयरपोर्ट के सितंबर 2024 तक चालू होने से पहले इस रूट पर मेट्रो रेल शुरू करने की तैयारी है।




रिपोर्ट के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-2 से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक 7 स्टेशन बनाए जाएंगे। इससे पहले इस रूट पर 25 स्टेशन बनाए जाने का की बात कही जा रही थी, लेकिन अब हाई स्पीड मेट्रो चलाने को लेकर प्रस्ताव रखा गया है। मेट्रो की स्पीड 120 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी। इस रूट की लंबाई 35.64 किलोमीटर हो गई। मेट्रो ट्रैक का निर्माण कार्य कब बनकर तैयार होगा और कितनी लागत से बनेगा इसका जिक्र बैठक में किया जाएगा।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ग्रेटर नोएडा से जेवर एयरपोर्ट तक मेट्रो की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट डीपीआर के साथ ग्रेटर नोएडा से नई दिल्ली एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन तक फिजबिलिटी रिपोर्ट भी बनाएगा। दोनों प्रोजेक्ट की रिपोर्ट में क्या-क्या काम करेंगे, इसके लिए डीएमआरसी ने यमुना प्राधिकरण को टर्म ऑफ रेफरेंस टीओआर सौंप दिया है। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-2 से जेवर एयरपोर्ट तक मेट्रो चलाई जानी है। इसके लिए पहले सामान्य मेट्रो चलाने की योजना थी। इसकी डीपीआर बन गई थी। लेकिन, एयरपोर्ट के चलते यहां एक्सप्रेस मेट्रो चलाई जाएगी।

इसके लिए डीएमआरसी से डीपीआर बनवाने का फैसला लिया गया। डीएमआरसी ने अपनी सहमति दे दी थी। कोरोना महामारी के चलते इसमें देरी हुई है। अब कोरोना महामारी कम हुई तो डीएमआरसी ने यमुना प्राधिकरण को टीओआर दे दिया है।

टीओआर के मुताबिक, नॉलेज पार्क दो मेट्रो स्टेशन से नोएडा एयरपोर्ट तक 35.6 किमी लंबे मेट्रो कॉरिडोर की डीपीआर तैयार की जाएगी। इसमें मेट्रो स्टेशन की संख्या कम से कम रखी जाएगी।

इस रूट पर 120 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से मेट्रो दौड़ाने के लिए स्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। इसके अलावा डीपीआर में मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट, यात्री, डिपो और स्टेशन की लोकेशन आदि की जानकारी होगी। प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबकि ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-2 से जेवर एयरपोर्ट तक 35.64 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर 7 स्टेशन बनाए जाएंगे। इसकी गति सीमा 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक होगी। डीएमआरसी ने जेवर एयरपोर्ट और आईजीआई को मेट्रो से जोड़ने के लिए भी प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी है। यह अभी तक का सबसे लंबा ट्रैक होगा।

### यहां बनेंगे स्टेशन

1. नॉलेज पार्क-2
2. टेकजोन
3. सलारपुर अंडरपास
4. सेक्टर-18
5. सेक्टर-20
6. सेक्टर-28, 29
7. जेवर एयरपोर्ट

हवाई अड्डे के दस किमी दायरे में सुंदर नजारा

# धनौरी वेटलैंड बनेगी बर्ड सेंचुरी

● क्षेत्र में सारस और काले हिरण पाए जाते हैं

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

धनौरी वेटलैंड को बर्ड सेंचुरी घोषित कराने के लिए काम शुरू होगा। इसके संरक्षण की योजना को लेकर अगले हफ्ते बैठक होगी। इसमें वेटलैंड का क्षेत्र तय करने और उसका दायरा बढ़ाने पर भी चर्चा होगी। बैठक में लिए जाने वाले फैसलों पर अमल किया जाएगा। यह जानकारी यमुना प्राधिकरण की तरफसे दी गई है।

गौतमबुद्ध नगर जिले के धनौरी गांव में वेटलैंड है।अभी इसकी हालत बदहाल है। इसकी देखरेख वन विभाग करता है। जेवर में एयरपोर्ट आने के बाद इस वेटलैंड की अहमियत और बढ़ गई है। दरअसल, एयरपोर्ट के 10 किलोमीटर के दायरे में पर्यावरण संरक्षण को लेकर काम चल रहा है। इस क्षेत्र में सारस और काले हिरण पाए जाते हैं। इनका संरक्षण बहुत जरूरी है। धनौरी वेटलैंड इस 10 किलोमीटर क्षेत्र से बाहर हैए लेकिन अब इस वेटलैंड के दिन बहुरने वाले हैं। इस वेटलैंड को बर्ड सेंचुरी के रूप में मान्यता दिलाने की कवायद शुरू होगी।

इसको लेकर यमुना प्राधिकरण में अगले हफ्ते बैठक होगी। इस बैठक में यमुना प्राधिकरण के अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी और पर्यावरणविद शामिल होंगे।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुण वीर सिंह ने बताया कि बैठक में धनौरी वेटलैंड का क्षेत्र तय करने, वेटलैंड में फैली जलकुंभी की लगातार निकासी, संरक्षण का प्लान बनाने सहित तमाम मुद्दों पर चर्चा होगी। भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून एयरपोर्ट के 10 किलोमीटर के दायरे में पर्यावरण को संरक्षित करने की योजना बनाई है। अब इस योजना पर अमल किया जाएगा। संस्थान ने जो सिफ ारिशें की है, उनको भी धनौरी वेटलैंड में लागू कराया जा सकता है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसे में दो की मौत

● पिकअप वाहन को ट्रक ने मारी टक्कर, दो गंभीर रूप से घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना एक्सप्रेसवे पर बीती रात बड़ा हादसा हुआ है। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई है और कई गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक इनमें से 2 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद करीब दो घंटों तक यमुना एक्सप्रेसवे पर यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। हादसाग्रस्त वाहनों और एक्सप्रेस.वे पर बिखरी पड़ी सब्जियों को हटाया।



मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात यह हादसा मथुरा जिले में बलदेव थाना क्षेत्र के दायरे में हुआ है। यमुना एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन नंबर 118 के पास दुर्घटना हुई। यमुना एक्सप्रेसवे पर मथुरा से दिल्ली की ओर जा रहे एक पिकअप को ट्रक ने टक्कर मार दी।

पिकअप में सब्जियां लदी हुई थीं। इस हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। इनमें से 2 लोगों की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पंक्चर होने के कारण पिकअप एक्स्प्रेसवे पर खड़ी हुआ थी। तेज रफ्तार कैंटर टमाटर से भरी पिकअप में जा घुसा और पलट गया। एक्सप्रेसवे से गुजर रहे लोगों ने डायल.112 को कॉल करके हादसे के बारे में जानकारी दी।

# जिले में आए 250 वीआईपी नंबर पहले आओ पहले पाओ है स्कीम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

वीआईपी नंबरों के शौकीन लोगों के लिए बड़ी खबर है। नोएडा परिवहन विभाग की ओर से वीआईपी नंबरों की बोली लगनी शुरू हो गई है।

वीआईपी कैटेगरी के 250 नंबर इस बार बिना ऑनलाइन के जरिए बुक करवाए जा रहे हैं। इन नंबरों की कीमत कम रखी गई है। इसके अलावा सामान्य नंबरों की बुकिंग जारी है। लग्जरी गाड़ियों का वीआईपी नंबर हासिल करने वालों के शहर में कोई कमी नहीं है। हाल के दिनों परिवहन विभाग में यूपी 16 डीजी और सीडी शुरू हो गई थी। जिसमें 346 नंबर वीआईपी कैटेगरी के लिए बोली लगाई जा चुकी है।

इसके बाद बचे हुए 250 नंबरों को अब पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बिना ऑनलाइन बोली की प्रक्रिया के बुक कराने का मौका दिया है। शहर के लोग वीआईपी नंबरों की वाहन चलाने के शौकीन है।

लोगों में गाड़ियों के वीआईपी नंबर को लेकर इतना क्रेज है कि वह उसके लिए लाखों रुपए खर्च कर देते हैं। परिवहन विभाग द्वारा वेबसाइट पर नंबर बुक करा सकते हैं। सिफारिश के आरोप से बचने के लिए इस बार पहले आओ और पहले पाओ स्कीम लागू की गई है।

# उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने शिक्षक पात्रता परीक्षा लीक मामले में 2 बदमाशों को किया गिरफ्तार

● फरार होने के बाद पुलिस ने 25 हजार का ईनाम घोषित किया था

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा यूपीटीईटी के पेपर लीक मामले में फ रार चल रहे दो इनामी बदमाशों को उत्तर प्रदेश विशेष कार्य बल एसटीएफ तथा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार किया गया है।

उत्तर प्रदेश एसटीएफ की नोएडा यूनिट के पुलिस अधीक्षक एसपी कुलदीप नारायण सिंह ने बताया कि नवंबर माह में उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। इस मामले में कार्रवाई करते हुए नोएडा एसटीएफ ने 30 नवंबर को प्रिंटिंग प्रेस के मालिक अनूप राय प्रसाद को दिल्ली से गिरफ्तार किया था, जबकि उन्हें पेपर छापने का ठेका देने वाले शिक्षा विभाग के अधिकारी संजय उपाध्याय को एसटीएफ ने 12 दिसंबर को गिरफ्तार किया था।

उन्होंने बताया कि अनूप राय प्रसाद और संजय उपाध्याय के बीच नोएडा के एक होटल में पेपर छापने की डील हुई थी, जिसके बाद यह पेपर लिक हुआ था।

एसपी ने बताया कि इस मामले में फरार चल रहे मुजफ्फरनगर बुढ़ाना निवासी बलराम उर्फ बबलू को एसटीएफने शनिवार को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि बबलू के पास से पुलिस ने महत्वपूर्ण दस्तावेज और जानकारी हासिल की है, इतना ही नहीं बबलू की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित था। एसपी ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए एसटीएफ नोएडा यूनिट ने शुक्रवार को जनपद बागपत से इसी मामले में फ रार चल रहे 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश किरठल निवासी फिरोज को गिरफ्तार किया था।

## संक्षिप्त समाचार



शिल्प हॉट में डायनासोर मेले की जानकारी देते आयोजक।

### डायनासोर प्रदर्शनी 27 मई को

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-62 स्थित एक्सपो सेंटर में 27 मई को आयोजित होने वाली डायनासोर प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र साबित होगी। इस प्रदर्शनी का आयोजन अफ्रीका की डिनो एक्सपो द्वारा किया जा रहा है। भारत में डायनोसोर पर यह पहली प्रदर्शनी है, जो नोएडा में आयोजित की जा रही है। सेक्टर.33ए स्थित शिल्प हाट में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान एक्सपो सेंटर के निदेशक जय मनीष शर्मा ने यह जानकारी दी। पत्रकार वार्ता में आयोजन कमेटी की मुखिया रंजना चितकारा व चारू वार्ष्णेय ने बताया कि यह प्रदर्शनी 26 जून तक चलेगी। इस प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार की आदमकद डायनासोर की प्रजातियों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए जहां पर आम लोगों के लिए टिकट की व्यवस्था रहेगी। वहीं दिल्ली तथा एनसीआर के पब्लिक स्कूलों में छात्रों को मुफ्त टिकट की सुविधा प्रदान की जाएगी। यह प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र साबित होगी वही डायनासोर के बारे में लोगों को विभिन्न तरह की जानकारियां भी उपलब्ध कराएगी। इस मौके पर डिनो एक्सपो के चेयरमैन डेविड हून ने भी अफ्रीका से ऑनलाइन पत्रकारवार्ता में शिरकत की।

### एमिटी में भू-सामरिक और सुरक्षा चुनौतियों पर परिचर्चा

**नोएडा।** सेक्टर-125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय में चीन का पुनरूत्थान. दक्षिण पूर्व एशिया और इंडो पैसफिक्र क्षेत्र के लिए भू-सामरिक और सुरक्षा चुनौतियां विषय पर ऑनलाइन परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया। परिचर्चा सत्र का शुभांरभ देहरादून के इंडियन मिलिट्री अकादमी आईएमए के पूर्व कमांडेंट लेफ्ट जनरल डॉ जे.एस नेगी, एमिटी सांइस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फांउडेशन के अध्यक्ष डॉ डब्लू सेल्वामूर्ती और महानिदेशक लेफ्ट जनरल डॉ एस.के गिडिऑक ने किया।

### दुष्कर्म करने वाले पिता को आजीवन कारावास

**गाजियाबाद।** नाबालिग बेटी को डरा.धमकाकर लगातार एक साल तक दुष्कर्म करने वाले शराबी पिता को पाक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हर्षवर्धन ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अदालत ने विधिक सेवा प्राधिकरण को आदेश दिया है कि पीड़िता को मानसिक और शारीरिक आघात की पूर्ति के लिए उचित प्रतिकर दिया जाए। प्रतिकर का भुगतान तीस दिन के अंदर जिलाधिकारी द्वारा प्रतिकार और पुनर्वास निधि से किया जाए। अदालत ने यह भी कहा कि अगर इस तरह की निधि नहीं है तो प्रतिकर का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। वहीं बचाव पक्ष ने तर्क दिया था कि ऑटो चालक पिता बेटी की असामाजिक हरकतों और इधर.उधर घूमने पर रोकता था तो उसने झूठा आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करा दी थी।

### परिषदीय विद्यालयों में ब्लूटूथ स्पीकर का होगा प्रयोग

**नोएडा।** जिले के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता सुधारने के लिए अब ब्लूटूथ स्पीकर का प्रयोग किया जाएगा। इसकी खरीदारी विद्यालय प्रबंधक समिति एसएमसी से होगी। ब्लूटूथ स्पीकर की डिजिटल शिक्षा से बच्चों की अंग्रेजी, गणित समेत अन्य विषयों का ज्ञान दिया जाएगा। डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शासन ने यह कदम उठाया है। इस तकनीक के जरिए शिक्षक अपने मोबाइल और लैपटॉप से बच्चों को डिजिटल शिक्षा दे सकेंगे। विद्यालय स्तर पर स्पीकरों की खरीदारी शुरू हो चुकी है। खरीदारी के लिए प्रत्येक विद्यालय को दो हजार रुपए मिले हैं।

# सोशल मीडिया पर लिखे पोस्ट पर मचा बवाल

● दो समुदायों के बीच मारपीट, 15 पर केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सेक्टर-63 क्षेत्र की चोटपुर कॉलोनी में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में सोशल मीडिया पर लिखे गए एक पोस्ट को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद हो गया। पुलिस ने इस संबंध में 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है।




अपर पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय इला मारन ने बताया कि 10 फरवरी को मतदान के बाद चोटपुर कॉलोनी में रहने वाले वीरेंद्र चौधरी नामक व्यक्ति ने भारतीय जनता पार्टी भाजपा के प्रत्याशी के जीतने का स्टेटस लगाया, जिस पर कॉलोनी के ही पाशा नामक युवक ने अपशब्द लिख दिया।

इस बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया तथा मारपीट हुई। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात को पाशा ने वीरेंद्र चौधरी पक्ष के लोगों को हिंडन नदी के सजवान नगर के पास बातचीत करने के लिए बुलाया। वहां पर भी दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना को लेकर कुछ लोग सेक्टर-63 में पुलिस थाना पहुंचे तथा मामले की शिकायत की। अधिकारी ने बताया कि पाशा सहित 15 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 गौतमबुद्ध नगर में पहले चरण के मतदान के तहत 10 फ रवरी को मतदान हुआ था। गौतमबुद्धनगर जिलों की सभी 3 सीटों पर भाजपा ने एक बार फिर अपने सभी मौजूदा विधायकों को पर दांव लगाया है। दादरी से तेजपाल सिंह नागर, जेवर से धीरेंद्र सिंह और नोएडा से पंकज सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। बता दें कि, उत्तर प्रदेश में इस बार यहां सात चरणों में मतदान होगा और 10 मार्च को मतगणना होगी। देश के सबसे बड़े राज्य यूपी में विधानसभा की 403 सीटें हैं। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को शानदार सफलता मिली थी।

# 10वीं की छात्रा लापता, कोतवाली के बाहर परिजनों ने किया हंगामा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के शक्ति खंड-चार, इंदिरापुरम से शुक्रवार दोपहर लापता हुई 10वीं की छात्रा का पुलिस पता नहीं लगा पाई। इससे गुस्साए लोगों ने रात में करीब 12 बजे इंदिरापुरम कोतवाली पहुंचकर पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया।

पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। शक्ति खंड-चार में छात्रा परिवार के साथ रहती है। उसके पिता के मुताबिक, शुक्रवार दोपहर में छात्रा तिकोना पार्क, शक्ति खंड-चार में बच्चों के साथ खेल रही थी। दोपहर करीब तीन बजे वह अचानक लापता हो गई। करीब दो घंटे तक उसे आसपास खोजा गया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

पुलिसकर्मी एक-दो घंटे इंतजार करने की बात करके चले गए। इसके बाद शाम करीब सात बजे मामले की नीति खंड पुलिस चौकी में लिखित शिकायत दी। छात्रा की फोओ भी पुलिस को दिया। रात करीब 11 बजे तक मामले में कोई कार्रवाई होती नहीं देखकर वह स्थानीय लोगों के साथ इंदिरापुरम कोतवाली पहुंचे।

# कंपनी में डायरेक्टर बनाने का झांसा देकर 15 लाख रु. ठगे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में कंपनी में डायरेक्टर बनाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 15 लाख रुपय्ये हड़पने का मामला सामने आया है। एसएसपी के आदेश पर कविनगर पुलिस ने मेरठ के कंपनी संचालकों समेत चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का केस दर्ज कर लिया है।

कविनगर ई.ब्लॉक निवासी कपिल खत्री का कहना है कि 2018 में पीएल शर्मा रोड स्थित लक्ष्मी निवास में रहने वाले राहुल मित्तल ने संतोष कुमार से मुलाकात कराई। दोनों ने बताया कि गुरुनानक नगर आश्रम वाली गली दिल्ली रोड मेरठ निवासी विवेक जैन और विशाल जैन की मैसर्स वाइटल कम्यूनिकेशन प्रालि० नाम से कंपनी है। उन्हें एल एंड टी से बड़ा ऑर्डर मिला है, जिसके लिए रुपयों की आवश्यकता है। वह 15 लाख रुपये लगाते हैं तो वह कंपनी में 20 फ ीसदी के हिस्सेदार होंगे। वह उन्हें कंपनी का डायरेक्टर बना लेंगे। उन्होंने 4 फ रवरी 2019 को कंपनी के खाते में 15 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए।

## एनी डेस्क डाउनलोड करा टीचर के 50 हजार निकाले

**गाजियाबाद।** साइबर ठगों ने एक महिला टीचर को झांसे में लेकर मोबाइल पर एनी डेस्क ऐप डाउनलोड कराकर 50 हजार रुपये की ठगी कर ली। टीचर रंजना आर्या ने नेट बैंकिंग शुरू करने के लिए ऑनलाइन हेल्पलाइन नंबर सर्च कर उस पर बात की, लेकिन तकनीकी दिक्कत के चलते फोन कट गया।

कुछ देर पर अन्य नंबर से उनके मोबाइल पर कॉल आया। कॉलर ने प्ले स्टोर से एनी डेस्क ऐप डाउनलोड कराने पर जोर दिया।

उनके डेबिट कार्ड का फोटो भी मंगवा लिया। फिर खाते से 49,895 रुपये की ठगी कर ली।



यातायात वालंटियर्स के सहयोग से सेक्टर-21/25 चौराहा पर जन-सामान्य को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया।

# औवेसी फायरिंग केस में हथियार सप्लायर गिरफ्तार

● 40 हजार में शुभम और सचिन को बेचे थी दो पिस्टल और कारतूस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

एआईएमआईएम के नेशनल चीफ असदुद्दीन ओवैसी पर ग्रेटर नोएडा के रहने वाले सचिन और शुभम ने जानलेवा हमला किया था।



इस मामले में पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। पुलिस ने उस व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसने सचिन और शुभम को अवैध हथियार बेचे थे। बताया जा रहा है कि इस व्यक्ति ने शुभम और सचिन को 30 से 40 हजार रुपए में 2 पिस्टल और कारतूस दिए थे। हापुड़ के एसपी दीपक ने बताया कि बीते 3 फरवरी 2022 को पिलखुआ के छिजारसी टोल प्लाजा पर ओवैसी पर जानलेवा हमला हुआ था।

ओवैसी पर ग्रेटर नोएडा के रहने वाले सचिन पंडित और शुभम ने गोली चलाई थी। हालांकि, इस हमले में ओवैसी बाल-बाल बचे थे। घटना के तुरंत बाद ओवैसी ने ट्वीट करते हुए इस पूरे मामले की जानकारी दी थी। जिसके बाद पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ओवैसी पर गोली चलाने वाले सचिन और शुभम को गिरफ्तार कर लिया था।

हापुड़ पुलिस ने इस मामले में ग्रेटर नोएडा पुलिस से भी मदद मांगी है। जांच के दौरान हापुड़ पुलिस ने इन मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान अलीम निवासी नगलामठ जनपद मेरठ के रूप में हुई है। जांच में पता चला है कि अलीम से ही सचिन और शुभम ने अवैध हथियार खरीदे थे।

अलीम अवैध हथियारों को बिहार से लाया करता था। पुलिस अलीम से पूछताछ कर रही है। पुलिस को आशंका है कि अलीम काफी समय से एनसीआर में अवैध हथियारों की सप्लाई कर रहा है। हापुर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अलीम बिहार से आने वाले ट्रक में अवैध हथियार एनसीआर में लाया करता था। हापुड़ के एसपी दीपक ने बताया कि इस पूरे मामले में सचिन, शुभम और अलीम 24 घंटे तक रिमांड पर रहेंगे।

इस दौरान आरोपियों से पूछताछ की जाएगी। पुलिस को उम्मीद है कि इस पूरे मामले में और भी अहम जानकारी रिमांड के दौरान मिलेगी। पुलिस इस मामले में काफी गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है। घटना के बाद ओवैसी को जेड प्लस सिक्योरिटी दी गई है। ओवैसी को गृह मंत्रालय द्वारा जेड प्लस सिक्योरिटी प्रदान की गई है।

# लोनी सीट पर हार-जीत की लगी शर्त एंग्रीमेंट सोशल मीडिया पर वायरल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान हो गया है। अब गाजियाबाद में एक अजीबोगरीब हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां 2 अलग-अलग उम्मीदवारों के समर्थकों के बीच एक अजीब शर्त लगी है।



शर्त के मुताबिक हारने वाले प्रत्याशी का समर्थक जितने वाले प्रत्याशी का समर्थक 18,000 रुपए देगा। यह शर्त 10 रुपए के स्टाम्प पेपर पर लगाई गई है। शर्त और हार जीत के पैसे का आदान-प्रदान 15 मार्च को होना है। लोनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले अमित बैसला और इकबाल के बीच शर्त लगी है। शर्त के मुताबिक अमित बैसला भाजपा समर्थक और इकबाल सपा रालोद गठबंधन समर्थक है। भाजपा समर्थक अमित बैसला का दावा है कि नंदकिशोर गुर्जर एक बार फिर से विधायक बनेंगे, लेकिन इकबाल का दावा है कि इस बार लोनी विधानसभा को नया विधायक मिलेगा। शर्त के मुताबिक जिस समर्थक का प्रत्याशी हारेगा, वह व्यक्ति जीतने वाले को 18,000 रुपए देगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# दो साल बाद बोर्ड परीक्षाएं, तैयारियां तेज

## प्रैक्टिकल वर्क, अतिरिक्त कक्षाओं के साथ हर छात्र पर दिया जाएगा व्यक्तिगत रूप से ध्यान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

शिक्षा निदेशालय ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं के मद्देनजर बच्चों की तैयारी कराने के लिए कमर कस ली है।

बोर्ड परीक्षाएं अप्रैल अंत में होना निश्चित हुआ है। पढ़ाई के साथ-साथ प्रायोगिक कार्यों पर ध्यान दिया जाएगा।

लम्बे समय तक ऑनलाइन कक्षाओं के बाद ऑफलाइन मोड में पढ़ाई होने के साथ ये बेहद जरुरी हो गया है कि बच्चों की प्रैक्टिकल क्लास भी बेहतर ढंग से कराया जाए ताकि उन्हें हैंड्स ऑन लर्निंग मिले।

इस बाबत शनिवार को शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता की अध्यक्षता में कक्षाओं के बेहतर संचालन और बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर सभी स्कूल प्रमुखों के साथ समीक्षा की गई।

बैठक में शिक्षा सलाहकार शैलेन्द्र शर्मा एवं अतिरिक्त निदेशक (स्कूल) रीता शर्मा ने सभी विद्यालय प्रमुखों को आगामी परीक्षाओं के साथ-साथ सोमवार से नर्सरी से आठवीं तक की कक्षाओं के लिए स्कूल खोले जाने को लेकर तैयारी संबंधी जरुरी चर्चा की।

हिमांशु गुप्ता के अनुसार, शिक्षकों द्वारा हर एक बच्चे पर व्यक्तिगत ध्यान दिया जाएगा ताकि बच्चों पठन-पाठन पर ध्यान केंद्रीत कर सके। स्कूल प्रमुख शिक्षकों के साथ रोजाना समीक्षा बैठक करेंगे।

ताकि छात्रों के सीखने संबंधी जरुरतों को समझ कर उसे पूरा किया जा सके। बच्चों के सीखने की जरूरत के अनुसार प्राधानाचार्य एसएमसी फंड से अतिरिक्त रिसोर्स पर्सन्स को भी बुला सकेंगे। हर बच्चे को सीबीएसई और शिक्षा निदेशालय द्वारा तैयार किए गए सैंपल पेपर प्रिंटेड फॉर्म में मुहैया कराया जाएगा।

स्कूलों के बंद होने के कारण पढ़ाई में हुए नुकसान और छात्रों के प्रदर्शन में सुधार के लिए रेमेडियल क्लास भी ली जाएगी।

शिक्षा विभाग की वेबसाइट edudel.nic.in पर एकेडमिक एंड एग्जामिनेशन सेक्शन पर जाकर भी बच्चे डाउनलोड कर सकते है सैंपल पेपर व लर्निंग मटेरियल। विस्थापन या अन्य कारणों से स्कूल से दूर हुए बच्चों को वापस स्कूल बुलाने की कोशिश की जाएगी। शिक्षा निदेशक सोमवार से जिलावार शिक्षा अधिकारियों व स्कूल प्रमुखों के साथ करेंगे समीक्षा बैठक ताकि बेहतर ढंग से बच्चों की तैयारी हो सके।



शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता की अध्यक्षता में कक्षाओं के बेहतर संचालन और बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर सभी स्कूल प्रमुखों के साथ एक मीटिंग करते हुए।

## स्कूलों में छोटे बच्चों के लिए तनावमुक्त माहौल बनाने पर जोर

- दो हफ्ते तक नहीं डाला जाएगा पढ़ाई का दबाव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

करीब दो साल बाद राजधानी दिल्ली में सोमवार से नर्सरी से आठवीं तक की कक्षाएं फिर शुरू होंगी। शिक्षा निदेशालय सभी स्कूलों को छात्र-छात्राओं की स्कूल वापसी को लेकर पूरी तरह से तैयार है। इस बाबत शुक्रवार को शिक्षा निदेशालय द्वारा दिशा निर्देश भी जारी किया गया था। जिसके अनुसार स्कूलों के खुलने पर पहले बच्चों की मनोस्थिति को समझने का प्रयास किया जाएगा और पढ़ाई के लिए जल्दबाजी न कर उपयुक्त वातावरण तैयार कर उन्हें धीरे-धीरे पढ़ाई से जोड़ा जाएगा। शिक्षा निदेशालय के अनुसार, माइंडफुलनेस व हैप्पीनेस क्लास की मदद से छात्रों को तनाव और डर से उबार कर पढ़ाई से बेहतर ढंग से जोड़ा जाएगा। पढ़ने व गणित संबंधी बुनियादी कौशल में आए लर्निंग-गैप को पहचान कर मिशन बुनियाद की गतिविधि की मदद से किया जाएगा खत्म। महामारी के कारण स्कूल बंद होने से बच्चे किन परिस्थितियों से गुजरे उन अनुभवों को साझा करने का मौका दिया जाएगा। उचित माहौल तैयार कर अन्य विद्यार्थियों व स्कूल के साथ घुलने-मिलने का अवसर दिया जाएगा। टीचर वन-ऑन-वन इंटरेक्शन की मदद से हर बच्चों से भावनात्मक रूप से जुड़ने का काम करेंगे। वन-ऑन-वन असेसमेंट के द्वारा बच्चों की लर्निंग संबंधी आवश्यकताएं को समझेंगे।

# राजधानी की जिला अदालतों में हाइब्रिड सुनवाई के लिए 1.26 करोड़ रुपये मंजूर

- 804 कोर्ट कक्षों के लिए नेटवर्किंग तथा राउटर, स्विच, डेस्कटॉप एवं अन्य आईटी उपकरणों की खरीदे जाएंगे



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी की सात जिला अदालतों में हाइब्रिड सुनवाई के लिए कंप्यूटर नेटवर्क के उन्नयन और डिजाइन को लेकर कंसलटेंसी सर्विस के लिए 1.26 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं।

इस माह के शुरू में जारी आदेश में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यू) ने जिला अदालतों में हाइब्रिड सुनवाई के लिए लैन (लोकल एरिया नेटवर्क) और एवी (ऑडियो विजुअल) के उन्नयन को लेकर कंसलटेंसी सेवाओं के वास्ते इस व्यय को मंजूरी दी थी। पीडब्ल्यूडी के अनुसार, मंजूर राशि का इस्तेमाल दिल्ली के सात जिला अदालत परिसरों के 804 अदालत कक्षों में आंतरिक नेटवर्किंग की डिजाइन एवं उन्नयन तथा राउटर, स्विच, डेस्कटॉप एवं अन्य आईटी उपकरणों की खरीद पर भी किया जाएगा। इन सभी कार्यों के लिए कुल आवंटित राशि 1,26,62,875 रुपये है। पीडब्ल्यूडी ने सूचित किया कि इस संबंध में निविदाएं ई-टेंडरिंग के जरिए संसाधित की जाएंगी तथा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ठेकेदारों को सभी भुगतान इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर के जरिए किए जाएं।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा था कि दो मार्च से पूर्ण रूप से फीजिकल (प्रत्यक्ष) सुनवाई शुरू की जाएगी, जबकि मामला-दर-मामला के अधार पर अपवादात्मक परिस्थितियों में ही हाइब्रिड या वर्चुअल सुनवाई की इजाजत दी जाएगी।

## राजधानी में कोविड के 920 नए मामले, 13 की मौत

**नई दिल्ली।** बीते 24 घंटे में दिल्ली में 920 नए मामले सामने आए हैं। संक्रमण दर 1.68 फीसदी दर्ज की गई है। इस दौरान 13 लोगों की जान चली गई है। वहीं राहत की बात है कि बीते 24 घंटे में 1,388 मरीज डिस्चार्ज हुए हैं।

बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 920 नए मामले सामने आए हैं संक्रमण दर 1.68 फीसदी दर्ज की गई है। सक्रिय मरीजों की संख्या अब 4,331 हो गई है। इसके अलावा बीते 24 घंटे में 13 मरीजों की से जान गई है जिसके बाद मरने वालों का कुल आंकड़ा 26,060 पहुंच गया है।

# पांच सौ सीसीटीवी की जांच से पकड़े दो लुटेरे

- आनंद विहार इलाके में महिला को ई-रिक्शा से गिराकर की थी लूटपाट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आनंद विहार इलाके में सरेराह महिला से लूटपाट के मामले में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है।

घटना के समय ई रिक्शा सवार महिला बदमाशों के साथ जोर जबरदस्ती में सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गई थी। इस वारदात को सुलझाने के लिए पुलिस ने 70 किलोमीटर तक रुट पर लगे करीब पांच सौ सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली, जिसके बाद आरोपियों के बारे में मिले सुराग पर उन्हें पकड़ा। इनमें एक आरोपी सौ से अधिक मामलों में शामिल रहा है। वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल, हेलमेट, जूते, जैकेट, एक बैग, पिस्टल व कारतूस बरामद किए गए हैं। पीड़िता का लूटा गया हैंड बैग भी मिल गया है। आरोपी बेहद कुख्यात बदमाश है जो विशेष रुप से ऑटो, ई रिक्शा व साइकिल रिक्शा सवार महिला को ही अपना निशाना बनाते थे। बदमाशों की पहचान मनीष उर्फ ऋषी व मोहित गुप्ता के रूप में हुई है। ये दोनों एक दूसरे से साल 2016 में तिहाड़ जेल में मिले थे, जिसके बाद जेल से बाहर आने पर साथ मिलकर वारदात करने लगे। मनीष 106 अपराधिक वारदातों में शामिल रहा है, जिस पर पचास हजार रुपए का इनाम भी घोषित था।

पुलिस उपायुक्त आर साथिया सुंदरम ने बताया पीड़ित महिला एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए ई रिक्शा से जा रही थी। दोपहर करीब एक बजे जब वह सीआर मॉल गुरमीत टैंट हाउस के निकट पहुंची तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने उसका बैग छीनने की कोशिश की। इस दौरान चालक ने बाइक की रफ्तार बढ़ा दी जिस कारण महिला ई रिक्शा से सड़क पर जा गिरी। इस घटना में उसके सिर पर गंभीर चोट आई। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच की। घायल महिला को भी इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



# हाशिम बाबा-शाहरुख गैंग का शूटर गिरफ्तार

- पिछले साल मई में कोविड-19 के कारण मिली थी जमानत, हो गया था फरार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अपराध शाखा को हाशिम बाबा-शाहरुख गैंग के शॉर्प शूटर को पकड़ने में कामयाबी मिली है।

गैंग के कुख्यात बदमाश की पहचान प्रवेश उर्फ समर उर्फ कमल उर्फ संजय के रूप में हुई है। आरोपी के पास से एक पिस्टल व पांच कारतूस बरामद किए हैं। हत्या समेत कई मामलों में आरोपी प्रवेश जेल में बंद था। मई 2021 को उसे कोविड के कारण उसे तीन माह की जमानत मिली। जिसके उसने दोबारा सरेंडर नहीं किया। इस बीच लगातार वह वारदातों को अंजाम दे रहा था।

अगस्त 2021 में विरोधी गैंग से प्रवेश व उसके साथियों की गैंगवार हो गई थी। खुद प्रवेश गोली लगने के बाद सफदरजंग अस्पताल में भर्ती हुआ था, लेकिन मौके लगते ही वहां से फरार हो गया था। इसके बाद आरोपी आदर्श नगर के एक कारोबारी से वसूली का प्रयास कर रहा था, लेकिन उससे पहले पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया।

अपराध शाखा के संयुक्त आयुक्त धीरज कुमार ने बताया कि उनकी टीम पिछले काफी समय से आरोपी प्रवेश की तलाश कर रही थी। छानबीन के दौरान इंस्पेक्टर सत्येंद्र मोहन, एसआई संजीव कुमार, इमरान खान व अन्यों की टीम को नी फरवरी को सूचना मिली कि आरोपी प्रवेश पुरानी दिल्ली के चावड़ी बाजार मेट्रो स्टेशन के पास आने वाला है। सूचना के बाद फौरन जाल बिछाकर आरोपी को दबोच लिया।

# महिला बस ड्राइवरों की नियुक्ति की शर्तों में ढील

- न्यूनतम ऊंचाई 159 सेमी से घटाकर 153 सेमी और अनुभव को घटाकर एक महीने किया : गहलोत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

परिवहन विभाग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए महिला चालकों के लिए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के संचालन में बस चालक के रूप में आवेदन करने के मानदंडों में ढील दी है।

महिलाओं के लिए अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करने, सार्वजनिक परिवहन और ड्राइविंग कार्यबल में उनकी भागीदारी बढ़ाने के मकसद से बस चालक के रूप में न्यूनतम लंबाई 159 सेमी से घटाकर 153 सेमी कर दी गई है। इसके अलावा, भारी मोटर वाहन (एचएमवी) लाइसेंस जारी करने के बाद के अनुभव मानदंड को तीन साल से घटाकर एक महीने कर दिया गया है। सरकार महिला चालकों को एक महीने की अवधि के दौरान अपनी बसों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करेगी। अनिवार्य रूप से एक महीने का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद, महिलाओं को सार्वजनिक परिवहन बेड़े में बस चालक के रूप में शामिल करने के लिए परीक्षण के दौर से गुजरना होगा। एक अन्य निर्णय में, दिल्ली सरकार ने अपने बुराड़ी चालक प्रशिक्षण संस्थान में उन महिला चालकों को एक महीने का मुफ्त प्रशिक्षण देने का भी प्रावधान किया है। आगामी बजट 2022-23 में समर्पित सब्सिडी के माध्यम से महिलाओं को पूर्ण शुल्क माफी प्रदान करने का प्रस्ताव किया गया है। दिल्ली सरकार हमेशा महिलाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्रदान करने और कार्यबल में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रही है। राज्य परिवहन सेवाओं के भीतर बस चालक के रूप में कार्यरत होने की इच्छा रखने वाली युवा महिलाओं के लिए ऊंचाई मानदंड लंबे समय से एक रुकावट का विषय रहा है। इस बाधा को दूर करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने विभिन्न हितधारकों द्वारा प्रतिनिधित्व किए जाने के बाद दिसंबर 2020 में न्यूनतम ऊंचाई मानदंड को पहले ही घटाकर 159 सेमी कर दिया था। दिल्ली सरकार ने 4261 नए ई-ऑटो रजिस्ट्रेशन में से 33 फीसदी विशेष रूप से महिला ड्राइवरों के लिए आरक्षित किए थे।



# एनजीटी में 10 साल पुराने डीजल वाहन के प्रयोग की याचिका खारिज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने दिल्ली-एनसीआर में 10 साल पुराने डीजल वाहनों पर लगी पाबंदी से छूट देने का अनुरोध करने वाली उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें याचिकाकर्ता की दिव्यांगता को आधार बताया गया था।

एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल और न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल की पीठ ने कहा कि तय हो चुके मामले में इस तरह की याचिकाएं विचार योग्य नहीं हैं। पीठ ने कहा कि तय हो चुके एक मामले में इस तरह के आवेदन पर हर समय सुनवाई की अनुमति नहीं दी जा सकती। विचार योग्य न होने के कारण आवेदन को खारिज किया जाता है। एनजीटी सरबजीत ए सिंह की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याचिका में आवेदक के शत-प्रतिशत दिव्यांग होने के आधार पर 10 साल से अधिक पुराने वाहन के इस्तेमाल की छूट प्रदान करने का निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया था। डीजल वाहनों से होने वाला उत्सर्जन कैंसर पैदा करने वाली प्रकृति का होता है और 40 सीएनजी वाहनों के बराबर प्रदूषण फैलाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### हेल्दी फूड से मिलेगी कोरोना से सुरक्षा



डॉ. आरपी पाराशर

**नई दिल्ली।** स्कूल खुलने की घोषणा से अभिभावक खुश तो हैं लेकिन चिंतित भी हैं। आयुर्वेद विशेषज्ञ और प्रशांत विहार पंचकर्मा हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ आरपी पाराशर ने अभिभावकों को सलाह दी है कि स्कूली बच्चों को पौष्टिक भोजन दें जिससे उनकी इम्यूनिटी बढ़े और लाइफस्टाइल से संबंधित रोगों से भी बचाव हो। बच्चों को लंच के लिए घर से टिफिन बना कर दें जिसमें वसा, नमक और मीठे की मात्रा कम से कम हो। ब्रेड के बजाय ताजा मिस्सी रोटी बना कर दें, साथ ही दाल और हरी सब्जियों का प्रयोग छात्रों को नियमित रूप से कराएं। डॉ पाराशर ने स्कूल प्रबंधकों से भी अपील की कि कैंटीन में जंक और फास्ट फूड के बजाय हेल्दी फूड बनवाएं जो न सिर्फ कोरोना से बचाए बल्कि मोटापा और डायबिटीज जैसे रोगों से बचाव में भी सहायक हो।

### आप वादों को पूरा करने में रहे विफल : भारद्वाज



**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस के मीडिया संचार विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा जारी 70 चुनावी घोषणाओं पर कई सवाल पूछे। उन्होंने केजरीवाल से सवाल पूछा कि पिछले 7 वर्षों से उनकी सरकार है। उनके चुनावी घोषणा पत्र में से उन्होंने कितने वादों को पूरा किया और जन लोकपाल बिल अभी तक क्यों लागू नहीं किया गया। वह अन्य चुनाव वाले राज्यों में जाकर अपने चुनाव पत्र में दिल्ली के विकास मॉडल की जो झूठी तस्वीर दिखा रहे है और दावा कर रहे है कि उन्होंने चुनावी घोषणा पत्र के वादों को पूरा किया है। भारद्वाज ने बताया कि अरविन्द केजरीवाल ने अपने चुनावी घोषण पत्र में जारी वादों को पूरा नहीं किया। केजरीवाल दिल्ली की जनता की तरह अन्य चुनावी राज्यों के मतदाता को लोक-लुभावनी घोषणाएं करके भ्रमित करना चाहते है। अनिल भारद्वाज ने कहा कि वर्ष 2013 में जब केजरीवाल ने 49 दिन की सरकार गिराई थी तो इन्होंने जनता से पूर्ण बहुमत मांगा था और कहा था कि अगर आप पार्टी की सरकार पूर्ण बहुत के साथ आती है तो जन लोकपाल बिल लाया जाऐगा परन्तु आप पार्टी की सरकार को 7 साल हो चुके है।

# पूर्वी निगम 60 महिला शौचालयों में लगाएगी सैनिटरी वेंडिंग मशीनें

- स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग के लिए नगर निगम की पहल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्वी नगर निगम महिलाओं के सुविधाओं के लिए 60 महिला शौचालयों में सैनिटरी वेंडिंग नेपकिन मशीनें लगा रहा है।

पूर्वी दिल्ली नगर निगम पैसों की कमी के बावजूद अपने नागरिकों को बेहतर सुविधा सुविधाएं देने के लिए कृत संकल्पित है। स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छा स्थान प्राप्त हो, इसके लिए अपने संसाधनों का पूरा-पूरा उपयोग कर रहा है। पूर्वी निगम के सभी शौचालय पर स्वच्छ, सुंदर तथा हर समय उपयोग में रहने लायक बनाए रखने के लिए निगरानी कर रहा है। बहुत ज्यादा संख्या में महिला शौचालयों का उपयोग होता पाया गया है, ऐसे लगभग 60 शौचालयों को चिन्हित किया गया है। उन सभी 60 महिला शौचालयों में सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन और इंसीनरेटर लगा रहे है, ताकि महिलाओं की निजता बनी रहे और जरूरत के समय उन्हें निजी उपयोग की वस्तुएं और उनके निस्तारण का स्थान व साधन सहजता से मिल सके।





# बोरिंग का गंदा पानी पिला रही सरकार : भाजपा

- डीजेबी के स्थायी किए 700 कर्मी अनुबंधित नहीं बल्कि अनुकंपा वाले : नेता प्रतिपक्ष

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षी सरकार बोरिंग का गंदा पानी की बिना किसी जांच व शुद्धिकरण किए बिना लोगों तक पहुंचा रही है। केजरीवाल ने पूरे प्रदेश में 600 से ज्यादा बोरवेल लगाने का काम किया है। हालांकि एनजीटी ने साल 2019 से ही दिल्ली में बोरवेल लगाने पर प्रतिबंध लगा रखा है।

यह आरोप दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता और नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने लगाया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता और नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शनिवार को एक संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आज सात साल बाद भी जनता को शुद्ध एवं साफ पानी के नाम पर बोरवेल का गंदा, अशुद्ध एवं बिना शोधित पानी पिलाया जा रहा है। उस पानी को पीकर हजारों लोग कई तरह की बिमारियों के शिकार हो रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल द्वारा दिल्ली जलबोर्ड के जिन 700 कर्मचारियों को नियमित किया गया है वो अनुबंधित नहीं बल्कि अनुकंपा के आधार पर नौकरी मिली है। मतलब यह कि जिस दिन से इन कर्मचारियों को नौकरी मिली वे उसी दिन से नियमित हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली जलबोर्ड के अंदर 3000 अनुबंधित कर्मचारी है, जिन्हें अभी तक नियमित नहीं किया गया है।

# अंबेडकर के जीवन पर नाटक का 25 से होगा मंचन

## जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 12 मार्च तक प्रतिदिन दो शो देख सकेंगे दर्शक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रेरणादायी जीवन को एक संगीतमय नाटक के ज़रिए दर्शाया जाएगा। उनके जीवन पर दुनिया का सबसे बड़ा शो दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 25 फरवरी से 12 मार्च तक चलेगा। इस नाटक के प्रतिदिन दो शो होंगे।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि दुनिया में बाबा साहब के करोड़ों प्रशंसक व अनुयायी हैं और उनमें से एक मैं भी हूं। सीएम केजरीवाल ने कहा कि बाबा साहब के जीवन पर आधारित यह शो जनता के लिए यह शो बिल्कुल मुफ्त है, लेकिन सीमित सीट होने के कारण टिकट पहले बुक करना होगा। मोबाइल नंबर 8800009938 पर



काल करके या www.babasahebmusical.in पर टिकट बुक कर सकते हैं। जानेमाने कलाकार रोहित रॉय, बाबा साहब की भूमिका निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार ने बाबा साहब के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके जीवन पर भव्य संगीतमय नाटक आयोजित करने का निर्णय लिया था। पहले यह नाटक पांच जनवरी से शुरू होने वाला था, लेकिन ओमीक्रोन के प्रसार के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था। प्रतिदिन दो शो होगा, पहला शो शाम 4 बजे और दूसरा शाम 7 बजे आयोजित होगा।

सीएम श्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर की भूमिका रोहित रॉय करेंगे। रोहित रॉय एक जानेमाने कलाकार हैं। यह एक बहुत बड़ा मेगा शो है, जिसमें 100 फुट बड़ा स्टेज है और उसके उपर 40 फीट का रिवाल्विंग स्टेज है। यह बहुत बड़ा शो है।

मैं समझता हूं कि पूरी दुनिया के अंदर इस स्तर का शो पहली बार दिल्ली में किया जा रहा है। मैं आप सब लोगों से अपील करूंगा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आप लोग आएं। बाबा साहब के जीवन पर आधारित इस शो का आनंद उठाएं और बाबा साहब अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लें। मुख्यमंत्री ने आज एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर हमारे देश के सबसे महानतम नेताओं में से एक माने जाते हैं। उन्होंने अपने जीवन में बहुत संघर्ष किया। उनके जीवन हम सब को बहुत प्रेरणा मिलती है। बाबा साहब ने पूरा जीवन संघर्ष किया। संघर्ष करके जिस तरह से उन्होंने गरीब व दलित लोगों के न्याय के लिए लड़ाई और एक गरीब परिवार से निकल कर वे देश के कानून मंत्री बने और देश का संविधान लिखे। दिसंबर के महीने में उनके महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर सरकार ने निर्णय लिया था कि बाबा साहब अंबेडकर के जीवन पर हम एक बहुत बड़ा शो का आयोजन करेंगे। जिसे जनता को दिखाएंगे, ताकि दिल्ली की सारी जनता उनसे प्रेरित हो सके।

## संस्कृत साहित्य में कवि भर्तृहरि नीतिकार के रूप में हैं प्रसिद्ध

**नई दिल्ली।** दिल्ली संस्कृत अकादमी दिल्ली सरकार द्वारा संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में नवोन्मेष व्याख्यानमाला में आयोजित वेबिनार 'भर्तृहरि का शब्दब्रह्म सिद्धन्त' विषय पर चर्चा की गई। जिसमें संस्कृत साहित्य के कवि भर्तृहरि प्रसिद्ध नीतिकार बताया गया।

मुख्य वक्ता शिक्षाविद् दिल्ली संस्कृत अकादमी की उपाध्यक्षा डॉ. कान्ता भाटिया ने बताया कि भर्तृहरि एक महान संस्कृत कवि व इतिहास में नीतिकार के रूप में प्रसिद्ध हैं। इनके शतकत्रय की उपदेशात्मक कहानियाँ भारतीय जनमानस को विशेष रूप से प्रभावित करती हैं। प्रत्येक शतक में सौ-सौ श्लोक हैं। भर्तृहरि का शब्दब्रह्म सिद्धन्त संस्कृत साहित्य में अदभुत ज्ञान है। इससे भर्तृहरि ने संस्कृत साहित्य के साथ साथ दर्शन को भी नया स्वरूप दिया है।

# कोरोना से हुए नुकसान पर गृहमंत्री को लिखा पत्र

- तीनों लॉकडाउन के चलते दिल्ली समेत देश के व्यापारियों को हुआ भारी नुकसान : कैट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तीनों लॉकडाउन के चलते दिल्ली सहित देश के व्यापारियों को हुए व्यापार के नुकसान की भरपाई आपदा प्रबंधन क़ानून, 2005 की धारा 12 के अंतर्गत करने के लिए कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र भेजकर माँग की है।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा को करोना महामारी के कारण वर्ष 2020 से लेकर अब तक देश में तीन बार लॉक डाउन के'द्र एवं राज्य सरकार ने लगाया। जिसके कारण देश भर के व्यापारियों की आजीविका का साधन बेहद बुरी तरह प्रभावित हुआ।





व्यापारियों को न केवल अपनी दुकानें बंद करनी पड़ी बल्कि अपने कर्मचारियों की आजीविका को जारी रखते रहने की वजह से सरकारी आदेश के अनुसार उनको तनख़्वाह भी देनी पड़ी। ज्ञातव्य है की न तो केंद्र सरकार अथवा किसी भी राज्य सरकार ने ही व्यापारियों को न तो कोई आर्थिक पैकेज दिया एवं न ही कोई सहायता दी गई। इन सबके चलते देश के व्यापारियों को अपना व्यापार दोबारा सुचारु रूप से चलाने में बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

भरतिया एवं खंडेलवाल ने कहा की आज देश के व्यापार पर अस्तित्व बचाने का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। जिसके कारण व्यापार गति ही नहीं पकड़ पा रहा है। इन सब संकटों से उबरने के लिए आजीविका के नुकसान की भरपाई किया जाना सरकार का दायित्व है। शाह से आग्रह किया की आपदा प्रबंधन क़ानून ,2005 की धारा 12 का पालन करते हुए सरकार तुरंत नुकसान की भरपाई के लिए सभी राज्य सरकारों को दिशा निर्देश जारी करें।

गुरुग्राम के सेक्टर-109 की चिंतल्स सोसायटी हादसे की

# सीबीआई जांच व गैर जमानती धारा में केस पर अड़े लोग

**गुस्साए लोगों ने कहा खट्टर साहब ट्वीट से कुछ नहीं होगा आप ग्राउंड पर आईए**

**सेक्टर-109 में इस सोसायटी में टावर-डी की छत गिरने से दो लोगों की हुई है मौत**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



लेंटर गिरने से दो लोगों की मौत के बाद मांगों को लेकर नारेबाजी करते चिंतल्स पैराडिसो सोसायटी के निवासीगण।

**सेक्टर**-109 स्थित चिंतल्स पैराडिसो सोसायटी में इमारत की छह मंजिल से छत गिरने के मामले में शनिवार को सोसायटी के निवासियों ने प्रदर्शन किया। सोसायटी वासियों ने सरकार से मांग की कि चिंतल कंपनी के मालिक के खिलाफ गैर जमानती धारा में केस दर्ज किया जाए। साथ ही इस घटना की सीबीआई जांच कराई जाए। गुस्साए लोगों ने कहा कि खट्टर साहब आपके ट्वीट से कुछ नहीं होगा, आप ग्राउंड पर आईये

शनिवार को सोसायटी के मेन गेट के बाहर सोसायटी के निवासियों ने धरना दिया। यहां पहले तो लोगों ने कंपनी मालिक अशोक सोलोमन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मौके पर आकर स्थिति का आंकलन करने की मांग की। गुस्साए लोगों ने कहा कि खट्टर साहब आपके ट्वीट से कुछ नहीं होगा, आप ग्राउंड पर आईये। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर भी सही नहीं की। यह एफआईआर धारा 304ए में की गई है, जो कि जमानती धारा है। उनकी मांग है कि एफआईआर में धारा 304 लगाई जाए और जमानत ना होने दी जाए। यह पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाता है।

## आज की मार्केट के हिसाब से पैसा वापसी की मांग

**लोगों** का कहना है कि सोसायटी में घटिया निर्माण सामग्री को लेकर उन्होंने कई बार शिकायत की थी और स्ट्रक्चर ऑडिट की मांग की थी। स्ट्रक्चर ऑडिट हुआ जरूर, लेकिन यहां के लोगों को उसके बारे में कुछ खास जानकारी नहीं दी गई। सिर्फ इतना ही बताया गया कि रिपोर्ट में छोटी-छोटी कमियां सामने आई हैं, जिन्हें दुरुस्त कर दिया जाएगा। अब इस हादसे के बाद लोगों ने सवाल उन अधिकारियों पर भी उठाए हैं, जिन्होंने ऑडिट किया। रिपोर्ट तैयार की। उस रिपोर्ट के आधार पर कैसे बिल्डर को क्लीन चिट दे दी। सरकार अधिकारियों पर भी सख्त कार्रवाई करे, जिन्होंने लोगों की जान के साथ खिलवाड़ किया है। लोगों ने कहा कि बिल्डर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उसे जेल भेजा जाए। सोसायटी के आईआईटी जैसे संस्थान से ऑडिट कराया जाए। इस बिल्डिंग में हर स्तर पर लापरवाही बरती गई है। इसे असुरक्षित घोषित करके लोगों को वर्तमान मार्केट रेट पर करोड़ों रुपये वापस दिलाए जाएं।

## कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो सिस्टम से उठ जाएगा भरोसा...

**चिंतल्स** पैराडिको सोसायटी में रहने वाली महिला कौशल्या देवी, रेणुका भाटिया, प्रोमिला, पूजा अग्रवाल, नीतू यादव और निहारिका का कहना है कि इतने बड़े हादसे के बाद भी कंपनी मालिक पर कोई खास कार्रवाई नहीं की गई है। मात्र चार साल में ही बिल्डिंग का इस तरह से लेंटर गिरने गंभीर बात है। ऐसी घटना उन्होंने देश में कभी नहीं सुनी। जिंदगी भर की पूंजी यहां फ्लैट खरीदने में लगा दी है, अब लोग बेघर हो गए हैं। सरकार, प्रशासन को चाहिए कि बिल्डर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। अगर ऐसा नहीं होता है तो आम आदमी का सरकार, प्रशासन से भरोसा उठ जाएगा। कौशल्या देवी का कहना है कि वह पहले इसी डी टावर में रहती थी। यहां दरारें आने के कारण भय से वह ए टावर में चली गई। पूरी सोसायटी कहीं से भी सुरक्षित नहीं है।

## मंत्री इंद्रजीत सिंह ने अचानक रद्द किया दौरा

**चिंतल्स** पैराडिसो सोसायटी में हुए हादसे को लेकर शनिवार को केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का दौरा तय हुआ। जिला प्रशासन की ओर से इसकी जानकारी मीडिया तक पहुंचाई गई। सुबह 11 बजकर 49 मिनट पर मीडिया को बताया गया कि दोपहर 1 बजे मंत्री राव इंद्रजीत सिंह हादसे वाले स्थल पर पहुंचेंगे। इसके बाद 1 बजकर 36 मिनट पर मैसेज भेजकर जानकारी दी गई कि जिला प्रशासन और गुरुग्राम पुलिस के परामर्श केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने अपना सेक्टर-109 का दौरा रद्द कर दिया है। वे रास्ते से वापस लौट गए हैं।

## अब तो लोग मर भी गए हैं, एफआईआर करा लें

**सोसायटी** के निवासियों ने यह भी कहा कि पिछले साल जुलाई में वे शिकायत लेकर पुलिस थाने में गए थे, छह घंटे तक खड़े रखा। इसके बाद भी उनकी शिकायत लेने से मना कर दिया गया। वीरेंद्र सिंह नाम के पुलिस कर्मी ने तो यह भी कहा था कि कोई मरा तो नहीं है। गुस्साए लोगों ने भावुकता से कहा कि आज तो लोग मर भी गए हैं। आज तो एफआईआर कर लें। लोगों ने कहा कि इस घटना की सीबीआई जांच की जाए। पुलिस पर उन्हें भरोसा नहीं है। आगामी कार्रवाई के लिए निवासी कानूनी सलाह लेकर काम करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### द्रोणाचार्य कालेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने निकाली रैली



गुरुग्राम में शनिवार को जागरुकता रैली निकालते द्रोणाचार्य कालेज के एनएसएस के स्वयंसेवक और अन्य लोग।

**गुरुग्राम।** द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय में चल रहे 7 दिवसीय शिविर के चलते शनिवार को स्वयंसेवकों द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र अंतिल के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह रैली महाविद्यालय से शुरू होकर भीम नगर चौक, गुड़गांव गांव तथा सेक्टर-12 से निकलते हुए महाविद्यालय पहुंची। रैली के चलते बच्चों ने अपने उत्साह से बेटियों से सम्बंधित नारे लगाकर समाज के लोगों को बेटियों के सुरक्षित जीवन, शिक्षा एवं अच्छे भविष्य के प्रति जागरूक किया। और इस अवसर पर एनएसएस के इंचार्ज डॉ. गोविंद सिंह, डॉ. सीमा एवं महाविद्यालय के अन्य प्रोफेसर डॉ. प्रवीन सिंह फोगाट, डॉ. नील मनी गौर, डॉ. आरके शर्मा तथा अशोक कुमार की विशेष उपस्थिति रही।

### दिल का दौरा पड़ने से हुई 48 वर्षीय मजदूर की मौत

**सोहना।** दिल का दौरा पड़ने से 48 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। मृतक मूलरुप से झारखंड का निवासी था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के साथ कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। निमौठ चौकी में तैनात एसआई हरीसिंह ने बताया कि गांव राहाका में बनी एसपीआर कंपनी में झारखंड का मूल निवासी 48 वर्षीय शिव शंकर महतो नौकरी करता था। शिव शंकर महतो अपने अन्य साथियों के साथ झोंपड़ी बनाकर रह रहा था। शुक्रवार की सुबह शिव शंकर महतो अपनी झोंपड़ी में मृत पाया गया। जिसकी मौत दिल का दौरा पड़ने से होना पोस्टमार्टम के अनुसार पाया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को शव गृहकक्ष में रखवा दिया है। मृतक के परिजन शुक्रवार की देर शाम तक आने की संभावना है। जिन्हे शव को सौंप दिया जाएगा।

### चार दिन से लापता युवक का शव नाले में मिला

**सोहना।** चार दिन से संदिग्ध हालत हुआ 35 वर्षीय युवक का शव घर से मात्र 100 मीटर दूरी पर गंदे पानी के नाले में मिला। मौके पर पहुंची पुलिस शव को नाले से बाहर निकालने के बाद पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। शहर के वार्ड-8 की नहर कॉलोनी निवासी 35 वर्षीय अनिल सोमवार से संदिग्ध हालत में लापता था। जिसको काफी तलाशने के बाद उसके भाई विजयपाल ने सिटी थाना में अनिल के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। अनिल गुरुवार को अपने घर से मात्र 100 मीटर की दूरी पर पलवल-सोहना मार्ग के साथ बना गंदा पानी के नाले में पड़ा दिखाई दिया। सबसे पहले उसकी पहनी हुई शर्ट नजर आई। शक के आधार पर पुलिस की मदद से शव को बाहर निकाला गया। शव निकालने के बाद मृतक की पहयान अनिल के रूप में हो गई। मृतक के भाई विजय पाल ने बताया कि अनिल मानसिक रुप से परेशान रहता था। जिसके कारण से दौरे आते थे। सिटी थाना पुलिस ने शुक्रवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### सेमग्रस्त व लवणीय भूमि सुधार के लिए नई योजना

**गुरुग्राम।** डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि हरियाणा सरकार ने किसानों के हित में सेमग्रस्त एवं लवणीय भूमि सुधार योजना लागू की है, जिसके तहत पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2022 निर्धारित की गई है। उन्होंने सेमग्रस्त व लवणीय भूमि की समस्या को दूर करने के लिए किसानों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। डीसी ने इस महत्वपूर्ण योजना की जानकारी देते हुए बताया कि सेमग्रस्त एवं लवणीय भूमि सुधार योजना में आवेदन करने के लिए किसान को 1,000 रुपये की फीस देनी होगी, जोकि किसान के अंशदान में समायोजित कर दी जाएगी।

# हादसे के चंद मिनट पहले ही 5वीं मंजिल से बाहर निकले थे 13 लोग



संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**सुनीता श्रीवास्तव को ड्राइंग रूम में खींच लाई मौत**

**सुनीता की बहन वॉशरूम गई, नौकर को पानी लाने किचन में भेजा**

**चिंतल्स** पैराडिसो सोसायटी हादसे के बाद अब कई ऐसे पहलू सामने आ रहे हैं, जिन्हें सुनकर अच्छा भी लग सकता है व दुख भी होगा। इस टावर में कई लोग खुशकिस्मत थे तो कुछ बदकिस्मत भी।

जिस टावर डी के लेंटर गिरे, उसकी पांचवीं मंजिल के फ्लैट में एक कश्मीरी परिवार रहता है। उनके यहां शादी का कार्यक्रम था। फ्लैट में 13 लोग ठहरे हुए थे। जब यह हादसे हुआ, उससे कुछ मिनट पहले ही सभी लोग फ्लैट से शादी कार्यक्रम के लिए बाहर निकले थे। उन्हें हादसे के बारे में जब पता चला, जब शादी का कार्यक्रम पूरा करके वापस लौटे। जब लौटे तो उनका फ्लैट तहस-नहस हो चुका था। यह उनकी अच्छी किस्मत ही कही जाएगी कि वे बाहर निकले तो जान बच गई।

दूसरी मंजिल पर अधिकारी एके श्रीवास्तव व उनकी पत्नी सुनीता श्रीवास्तव रहते थे। उस दिन सुनीता की बहन भी घर पर थी। बताया जा रहा है कि हादसे होने से थोड़ी देर पहले तक ड्राइंग रूम में कोई नहीं था। फिर सुनीता की बहन वहां आई, लेकिन तुरंत वह वॉशरूम के लिए चली गई। इसी बीच सुनीता वहां आकर सोफे पर बैठ गई। बैठते ही यह हादसा हुआ और सुनीता मलबे में दब गई। उनके नौकर की किस्मत अच्छी थी। उसे चंद सेकेंड पहले ही उसे पानी लाने के लिए किचन में भेजा था। वह हादसे का शिकार होने से बच गया। एके श्रीवास्तव ड्राइंग रूम से बालकॉनी की तरफ जा रहे थे। इसलिए मलबा उनके पांव पर गिरा। अच्छी किस्मत दूसरी मंजिल पर हादसे का शिकार हुई एकता भारद्वाज के बेटे की भी रही। एकता भारद्वाज की तो हादसे में जान चली गई, लेकिन उनका बेटा कुछ समय पहले ही सोसायटी की पार्क में खेलने चला गया था।

**संगीता सिंहल ने सप्ताह पहले खरीदा था फ्लैट :** चिंतल्स पैराडिसो सोसायटी में रहने के लिए संगीता सिंहल ने एक सप्ताह पहले ही फ्लैट खरीदा था। यह फ्लैट इसी डी टावर की आठवीं मंजिल पर लिया था। चार दिन पूर्व हवन आदि करवाकर शिफ्ट होना शुरू कर दिया था। अब इस हादसे के बाद पूरे टावर को खाली करवाकर सील कर दिया गया है। फिलहाल उन्हें सोसायटी के कम्युनिटी सेंटर में ठहराया गया है। अपने भविष्य को लेकर सुनीता सिंहल का परिवार आशंकित है।

# बेजुबान होकर भी बड़े संदेश देती हैं कलाकृतियां:यादव

**सेक्टर-82 अपने कार्यालय में कला प्रदर्शनी का किया शुभारंभ**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-82 में कला प्रदर्शनी के शुभारंभ पर कलाकारों के साथ मुख्य अतिथि सुंदर लाल यादव।

**भारतीय** जनता पार्टी पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुंदर लाल यादव ने सेक्टर-82 स्थित अपने कार्यालय में कला प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कलाकारों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों को सराहा। यह कला प्रदर्शनी 13 फरवरी तक रहेगी।

कला प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए सुंदर लाल यादव ने कहा कि कला की कोई जुबान नहीं होती, लेकिन वह बड़े संदेश देती है। कलाकारों द्वारा रंगों के माध्यम से यहां बनाई गई कलाकृतियां नायाब हैं। उन्होंने कहा कि हर कलाकृति अपने आप में विशेष है। अपनी सोच और समझ से कूची-रंगों से कलाकार कैनवस पर कलाकृतियां उकेरते हैं। कला के कद्रदान ही इस बात का आभास कर सकते हैं कि कलाकार अपनी कलाकृति के माध्यम से क्या संदेश देना चाहता है। सुंदर लाल ने कहा कि कलाकृति बनाना भी बहुत बड़ा टैलेंट होता है। इस कला प्रदर्शनी में कुल 13 कलाकारों ने अपने हाथ से बनायी हुई कलाओं को लोगों के बीच में दर्शाया। कलाकार अंजुला पांडे, बिस्वदीप सरकार, दीपशिखा बिश्नोई, देविंदर जावा, हिमेश चौहान, कमल देवनाथ, पियाली घोष अग्रवाल, रेणुका, अरुण, रूपाली पालीवाल, सपना यादव, शीतल सचदेव, शीतल शर्मा, सिद्धार्थ आदि की यहां कलाकृतियां लगाई गई।

इस आर्ट गैलरी को सिद्धार्थ दास और गुरुग्राम फाइन आर्ट अकेडमी द्वारा आयोजित किया गया है। सभी कलाकारों ने यह पहली कला प्रदर्शनी लगायी। भविष्य में भी नए गुरुग्राम में इससे भी बड़े स्तर पर इसे ले जाया जाएगा। इस अवसर पर ममता यादव, अशोक मलिक, धर्मबीर यादव, अमरेश, रमेश यादव, अमित, सतीश, सरपंच संजय यादव आदि उपस्थित रहे।

# श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच करेगी डॉक्टरों की टीम

**गुरुग्राम।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा विशिष्ट खिलाड़ियों का सम्मान समारोह एवं कैथ लैब का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया।

समारोह का आयोजन कर्मचारी राज्य बीमा निगम की 187 वीं बैठक के साथ किया गया। कार्यक्रम में भूपेंद्र यादव, श्रम एवं रोजगार कैबिनेट मंत्री एवं पर्यावरण वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री भारत सरकार एवं केंद्रीय राज्य मंत्री श्रम एवं रोजगार पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय भारत सरकार रामेश्वर तेली ने विशेष रूप से भाग लिया।

यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी, गाजियाबाद के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ पीएन अरोड़ा ने ईएसआई की नेशनल एग्जीक्यूटिव काउंसिल के बोर्ड सदस्य के रूप में इस बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने इस समारोह में पैरा बैडमिंटन चैंपियन अर्जुन अवॉर्डी खेल रत्न अवॉर्डी एवं पद्मश्री खिलाड़ी प्रमोद भगत को एक करोड़ रुपए की राशि से सम्मानित किए जाने पर उन्हें व्यक्तिगत रूप से हार्दिक बधाई दी। प्रमोद भगत को टोक्यो पैरालंपिक खेलों में गोल्ड मेडल जीतने के लिए यह पुरस्कार दिया गया। डॉ अरोड़ा ने बताया कि इस बैठक में एक बड़ा निर्णय लिया गया कि हम फैक्ट्री को एक यूनिट मानकर वहां पर श्रमिकों के स्वास्थ्य का परीक्षण करेंगे। फैक्ट्री मालिकों के साथ मिलकर एक दिन तय किया जाएगा जब ईएसआईसी के डॉक्टरों की टीम वहां श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण करेगी और यह फिट इंडिया मूवमेंट का एक हिस्सा होगा और ऐसे में श्रमिकों को बीमारी होने से पहले ही उनके स्वास्थ्य की जांच की जा सकेगी और बड़ी बीमारियों के होने से उन्हें बचाया जा सकेगा।



डॉ. पीएन अरोड़ा पद्मश्री अवॉर्डी खिलाड़ी प्रमोद भगत के साथ।

## गुरु रविदास जयंती पर ग्राम पंचायतों में महा सफाई अभियान आज से

**सोहना।** गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष में खंड की 35 ग्राम पंचायतों में 13 से 16 फरवरी के बीच महा सफ ई अभियान चलाया जाएगा। जिसकी शुरुआत 13 फरवरी को राष्ट्रपति के गोद ली ग्राम पंचायत दौला से की जाएगी। प्रदेश सरकार ने गुरु रविदास की जयंती को राज्य स्तर पर मनाने का फैसला लिया है। जिसकी शुरुआत 13 से की जाएगी। प्रदेश के अंदर इस उपलक्ष में महा सफाई अभियान चलाया जाएगा। जिसकी शुरुआत राज्य सरकार में विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली जिला फ तेहबाद के टोहाना ग्राम पंचायत से करेंगे। सोहना ब्लॉक में इस अभियान की शुरूआत ग्राम पंचायत दौला से की जाएगी। अभियान का अंत 16 फ रवरी गुरु रविदास की जयंती के दिन किया जाएगा। अभियान में ग्राम पंचायत में बीडीपीओ, ग्राम सचिव, जेई, एसडीओ, पूर्व पंच व सरपंच, नंबरदार, आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी, सामाजिक संगठन और मजदूर आदि सेवादार शामिल होंगे।

# ब्रेक फेल होने से बेकाबू ट्रक 30 फुट गहरी खाई में गिरा



हादसे में घायल होने वाला ट्रक चालक धर्मपाल।



सोहना घाटी से 30 फुट गहरी खाई में गिरा ट्रक।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** घाटी में ब्रेक फेल होने पर बेकाबू हुआ प्लास्टिक दाने से भरा ट्रक 30 फु ट में गहरी खाई गिरा। हादसे में ट्रक 90 फीसदी क्षतिग्रस्त हो गया तथा कैबिन में फंसा चालक खून से लथपथ होकर बाहर सुरक्षित निकल आया।

शुक्रवार की सुबह 4 बजे तावडू की तरफ से आ रहा ट्रक के घाटी में उतरते समय ब्रेक फेल हो गए। ब्रेक फेल होने पर चालक के लाख प्रयासों के बावजूद ट्रक बेकाबू होकर घाटी की करीब 30 गहरी खाई में सड़क किनारे बनी दीवार को तोड़ता हुआ कूद गया। इस हादसे में 18 टन प्लास्टिक दाने से भरा ट्रक पूरा चकनाचूर हो गया।

ट्रक की कैबिन में फंसा चालक धर्मपाल निवासी मोठूका तहसील निमका जिला शिखरबाया पाठन राजस्थान निवासी अपने आप की खून से लथपथ होकर बाहर निकल आया। जिसके सिर, पैर और हाथों में चोटें लगी। मौके पर पहुंची दो स्कूटी सवार राहगीरों ने चालक धर्मपाल को नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहां से उपचार सुविधा देने के बाद डॉक्टरों ने छुट्टी दे दी। चालक धर्मपाल ने बताया कि वह जयपुर से प्लास्टिक का दाना लेकर फरीदाबाद जा रहा था। घाटी के बीच में ब्रेक फेल हो गए। वह अकेला ही गाड़ी को लेकर जा रहा था।

## बाल-बाल बचा परिवार

**घाटी** की गहराई खाई में जिस स्थान पर प्लास्टिक दाने से भरा ट्रक गिर गया। वह आबादी क्षेत्र लगता है। ट्रक गिरने के दौरान 20 से 25 की स्पीड में था। यदि ट्रक की गति और भी तेज होती तो कई मकानों को भारी क्षति के साथ जन हानि हो सकती थी।

# घरेलू बहुभाषी कथाकार जी5, इंडिया का बिंज-ए-थॉन के साथ मनाएगा चौथी वर्षगांठ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**जी5,** भारत का सबसे बड़ा घरेलू वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और मनोरंजन चाहने वालों के लिए बहुभाषी कहानीकार ने अपने चौथीं वर्षगांठ का जश्न मनाने के लिए 12 से 14 फरवरी के बीच तीन दिवसीय कैंपेन ज़ी5 इंडिया का बिंज-ए-थॉन के लॉन्च की घोषणा की है।

आगामी चौथी वर्षगांठ पर ब्रांड की एक और पेशकश, जी5 स्पार्क भी शामिल है, जिसका उद्देश्य जी5 की पहले से ही दमदार एवीओडी कंटेंट लाइब्रेरी को अहाना कुमरा, अमोल पाराशर, अदा शर्मा, प्रियांक शर्मा, नवीन कस्तूरिया इत्यादि जैसे अभिनेताओं द्वारा अभिनित कुछ बहुचर्चित वेब श्रृंखला जैसे हॉलिडे, रेडी 2 मिंगल, डूड, द ग्रेट इंडियन वेडिंग, हैप्पी एवर आफ्टर को पेश करके और मजबूत करना है। स्पार्क पर लोकप्रिय अभिनेता जैसे तापसी पन्नू, नसीरुद्दीन शाह, अनुपम खेर, नीना गुप्ता और जैकी श्रॉफ द्वारा अभिनित लघु फिल्में जैसे बारिश और चाउमीन, हाफ फुल, खुजली, खीर इत्यादि की एक विशाल लाइब्रेरी भी एवीओडी उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध होगी। चौथी वर्षगांठ पर टिप्पणी करते हुए, जी5 इंडिया के मुख्य बिजनेस ऑफिसर, श्रीमनीष कालरा ने कहा, हम अपने चौथे वर्ष में बड़े उत्साह और जोश के साथ प्रवेश कर रहे हैं। चौथी वर्षगांठ के अवसर पर टिप्पणी करते हुए, निमिषा पांडे, चीफ कंटेंट ऑफिसर, हिंदी ओरिजनल, जी5 ने कहा, ओटीटी की लोकप्रियता बढ़ने के साथ, कंटेंट की खपत लोकतांत्रिक हो गई, जिससे रचनाकारों के लिए नई अवधारणाओं एयर शैलियों के साथ कथा लिखने और विस्तार करने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

# कीटों से फसल बचाने को लगाएं सोलर पावर एलईडी लाइट ट्रैप

**गुरुग्राम।** प्रदेश सरकार द्वारा खेती में पेस्टिसाइड्स के बढ़ते उपयोग को कम करने के लिए विभिन्न प्रकार की अनुदान योजनाएं चलाई जा रही हैं। अब इसी क्रम में किसानों की फसलों को कीट पतंगों से बचाने व खेती में पेस्टिसाइड्स की निर्भरता को कम करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा सोलर पावर एलईडी लाइट ट्रैप उपकरण पर 75 प्रतिशत का अनुदान प्रदान किया जा रहा है।

जिला प्रशासन के प्रवक्ता ने कहा कि ये रसायनिक दवाइयां कीटों को तो मार देती हैं, लेकिन इसके जहरीले अंश मिट्टी में मिलकर उसकी उत्पादन क्षमता व किसान का स्वास्थ्य दोनों को प्रभावित करते हैं। ऐसे में जिला में

**सरकार द्वारा उपकरण पर दी जा रही है 75 प्रतिशत तक सब्सिडी**

किसानों को पेस्टीसाइड के खतरों से दूर करने और फसलों को कीटों से बचाने के लिए अब एडवांस सोलर लाइट ट्रैप अपनाने पर जोर दिया जा रहा है।

**उपकरण में लगाई जाती है सोलर प्लेट :** इस उपकरण में एक छोटी सोलर प्लेट लगाई जाती है। जो दिन में उपकरण में नीचे की तरफ लगी बैटरी को चार्ज करती है। बीच में खाली जगह छोड़ कर एक इलेक्ट्रिक रैकेट लगा दिया जाता है।

# अमेजन फैशन एंड ब्यूटी पर वेलेंटाइन डे के लिए गिफ्ट्स

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**वेलेंटाइन** डे पर, अमेजन फैशन एंड ब्यूटी आपको प्यार के इस खूबसूरत मौसम का जश्न मनाने का एक और मौका दे रहा है। चाहे आप किसी दोस्त के लिए शॉपिंग कर रहे हों, या फिर ऐसे शख्स के लिए जो आपकी जिंदगी में आप से भी ज्यादा अहमियत रखता है। अमेजन फैशन के पास आपके लिए बेहद खास चीज है।

अमेजन के वैलेंटाइन डे स्टोर पर मौजूद फैशन एवं ब्यूटी प्रोडक्ट की एक शानदार रेंज के साथ, शानदार गिफ्ट की शॉपिंग करें और अपैरल, ज्वैलरी, स्किन केयर, मेक-अप आदि के विशाल कलेक्शन पर उपलब्ध शानदार डील्स और ऑफ़र का लाभ उठाएं। इस वेलेंटाइन डे पर फैशन एंड ब्यूटी प्रोडक्ट पर रोमांचक ऑफर का लाभ उठाएं अप्रैल-एलन सोली, हरपा, यूसीबी, पीटर इंग्लैंड आदि जैसे टॉप ब्रांडों पर 70 प्रतिसत तक की छूट

ज्वेलरी-199 रुपये की शुरुआती रेंज वाले आभूषण खरीदें एस्टेल, यलो चिम्प्स आदि जैसे टॉप ब्रांडों पर 60 प्रतिशत तक छूट पाएं। उपहार के विकल्पों पर 60 प्रतिशत तक छूट पाएं। कल्याण ज्वेलर्स, भीमा ज्वेलर्स आदि जैसे टॉप ब्रांडों से 30 प्रतिशत की छूट और मेकिंग चार्जेज पर 100 प्रतिशत तक छूट का लाभ उठाएं वॉचेज टॉप ब्रांडों पर 70 प्रतिशत तक की छूट टॉमी हिलफिगर की फैशन वॉचेज पर मिनट न्यूनतम 20 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक की छूट प्राप्त करें। इसके साथ ही फास्टैक, रीबॉक, फॉसेल आदि के नए लॉन्च की खरीदारी करें।

स्किनकेयर और मेक-अप-मेबेलिन, रेनी, शुगर कॉस्मेटिक्स, मेकअप रिवोल्यूशन आदि जैसे टॉप ब्रांडों पर 40 प्रतिशत तक की छूट। मेकअप उत्पादों पर 30 प्रतिशत तक छूट प्राप्त करें। मेबेललीन, बॉम्बे शेविंग कंपनी, प्लम, किमिरिका आदि से मेकअप किट में नए लॉन्च और गिफ्टिंग

वॉलेट्स और हैंडबैग-लावी, टॉमी हिलफिगर, लिनो पेरोस, एल्डो आदि जैसे ग्राहकों के पसंदीदा ब्रांडों पर 70 प्रतिसत तक छूट का आनंद लें।

# ईएसआईसी में विश्वस्तरीय कैथलैब की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनएच-3** स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव और राज्यमंत्री रामेश्वर तेजी ने शनिवार को वर्चुअल विश्व स्तरीय कैथलैब का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हृदय रोगियों को अब उच्च स्तरीय इलाके लिए निजी अस्पताल के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। एक ही छत के नीचे मरीजों को पूरा इलाज मिलेगा। हालांकि कैथलैब में ऑपरेशन करते हुए मरीज के परिजन भी देख सकेंगे।

जानकारी के मुताबिक जिले का मेडिकल कॉलेज होने के बावजूद भी ईएसआई में कैथलैब नहीं थी। जबकि यहां देखा जाए, तो जिले में करीब साढे

## हर माह करीब 700 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं ईएसआई में

छह लाख ईएसआई कार्ड धारक हैं। हृदय रोगियों की बात करें हर माह करीब 700 मरीज ईएसआई में इलाज के लिए पहुंचते हैं। जिन्हें निजी अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता था।

निजी अस्पतालों में एक मरीज की एंजियोप्लास्टी (स्टेंट डालना) पर करीब डेढ़ लाख रुपये का खर्च आता है। हालांकि, यह खर्च ईएसआईसी वहन करता है, लेकिन को इलाज के लिए काफी भागदौड़ करनी पड़ती है। मरीजों की परेशानी को देखते हुए


ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कैथलैब के उद्घाटन के दौरान चिकित्सक।

एनआईटी तीन स्थित ईएसआइसी मेडिकल कॉलेज में दिल्ली एम्स और सिंगापुर की तर्ज कैथ लैब स्थापित की गई। इस बारे में जानकारी देते हुए कॉलेज के डीन डॉ. असीम दास ने कहा कि ईएसआईसी अस्पताल में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए नए आयाम स्थापित कर रहा है। ईएसआईसी अस्पताल में सर्वश्रेष्ठ कर्डियेक कैथ लैब की सुविधा मिल गई है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की सोच से हृदय आघात जैसी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए इमरजेंसी एंबुलेंस सुविधा मात्र एक तुरंत उपलब्ध करवा सकेंगे।

हर व्यक्ति के लिए टोल फ्री नंबर 1800180020 पर यह सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर श्रम एंव रोजगार मंत्रालय के सचिव सुनील बर्धवाल, ईएसआईसी के महानिदेशक मुखमीत सिंह भाटिया, वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ अनिता सक्सेना, पंडित बीडी शर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति, पद्म भूषण प्रोफेसर डॉ. केके तलवार, पद्मश्री प्रोफेसर डॉ. उपेंदर कौल, प्रो. डॉ. राजेश यादव व प्रो. डॉ.एके पांडे आदि शामिल रहे।

# बीके अस्पताल: डीजी सेट बदलने के दौरान मरीजों को झेलनी पड़ी परेशानी

## 10 फरवरी को दे दी गई थी बिजली कट की सूचना: डॉ. यादव

## बच्चों की नर्सरी में भर्ती 11 शिशुओं को किया गया एफआरयू में रेफर

कविता। फरीदाबाद

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में एक बार फिर पांच घंटे का बिजली कट लगा दिया गया। यह नए 625 केवीए डीजी सेट की स्थापना के लिए पूर्व नियोजित बिजली कट था। अस्पताल प्रबंधन ने 10 फरवरी को सूचित कर था। ताकि कोई परेशानी न हो। नर्सरी में भर्ती बच्चों को प्रथम रेफरल यूनिटों में शिफ्ट कर दिया गया। वहीं कुछ बच्चों को निजी अस्पताल में लेकर जाने को कर्मचारियों ने यह कहकर दे दिए कि एफआरयू में जगह नहीं है। गरीब लोगों को अपने बच्चों को निजी अस्पतालों में भर्ती करवाने के दौरान



अस्पताल की ओपीडी के भीतर अंधेरे में बैठे मरीज।

जेब ढीली करनी पड़ी। दोपहर चार बजे भी लाइट ऑन-ऑफ होने के कारण बच्चों को अगले दिन भर्ती करने को कहा गया। ऐसे में लोग परेशान नजर आए। इससे पहले भी यहां गत 25 दिसंबर को करीब छह घंटे का बिजली कट लगा था। उस दौरान अस्पताल में पैनल चेंज करने का कार्य किया गया था।

**मैनुअल किया काम:** बीके अस्पताल में 625 केवीए के डीजी सेट नया लगाया गया है। अस्पताल का पूरा लोड पुराने जनरेटर से हटाकर नए डीजी सेट पर डाला गया। इस कार्य को पीडब्ल्यूडी इलेक्ट्रिक सब डिवीजन 13, गुरूग्राम और सेक्टर-8 के कर्मचारियों द्वारा करवाया गया। जिससे अस्पताल में कर्मचारियों और चिकित्सकों को


रेडियोलॉजिस्ट अंधेरे में कागजों को देखते हुए।

मैनुअल कार्य करना पड़ा।

**ऑपरेशन टाले गए:** जिन मरीजों के ऑपरेशन होने थे, उन्हें लौटा दिया गया। गंभीर रोगियों को रेफर कर दिया गया। बिजली कट से मरीजों और इलाज कर रहे चिकित्सकों को भारी परेशानियां हुई। लिफ्ट बंद होने से तीमारदार को मरीजों को रेम्प के जरिये विभिन्न वार्डो तक पहुंचाना पड़ा। बिजली कट से सबसे अधिक प्रयोगशाला, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, पंजीकरण करवाने में लोगों को परेशानी हुई।

**बच्चे किए रेफर:** नर्सरी से एफआरयू सेंटरों में यहां से 11 बच्चों को रेफर किया गया। शेष नवजात शिशुओं को यहां से निजी अस्पतालों में ले जाने को कह दिया गया। उन्हें चार बजे के बाद आने को कहा था, लेकिन चार


अस्पताल में बंद लिफ्ट के कारण सामान नीचे लाता तीमारदार।

बजे शुरू हुई बिजली ऑन-ऑफ होने से बच्चों को अगले दिन सुबह लाने की बात कही गई। ऐसे में उन्हें 24 घंटे निजी अस्पताल में बच्चों को रखने के लिए अपनी जेब ढीली करनी पड़ी।

**पीएमओ का कथन:** बीके अस्पताल की पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि 10 फरवरी को डीजी सेट बदलने का संदेश जारी किया था। नर्सरी से 11 नवजातों को एफआरयू में रेफर कर दिया था। अस्पताल में बढ़ती सुविधाओं के कारण बिजली का लोड बढ़ गया है। ऐसे में पुराना डीजी सेट इतना लोड नहीं ले रहा था। जिसे देखते हुए 625 केवीए का डीजी सेट लगाया गया है।

# बिजली विभाग ने छापा मार कर 15 चोरों पर लगाया 12 लाख रुपये का जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**गांव** एतमादपुर में बिजली चोरी की शिकायत के चलते शनिवार सुबह पांच बजे दक्षिण हरियाणा बिजली निगम की एक टीम ने छापामार दिया। जहां टीम ने 15 बिजली चोरों पर करीब 12 लाख रुपये का जुर्माना ठोंका है। टीम के द्वारा की जा रही छापेमारी को देखते हुए ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने बिजली निगम की टीम की गाड़ियों पर पथराव कर दिया, लेकिन गाड़ियों में उस दौरान कोई नहीं था, जिस कारण कोई बड़ी घटना नहीं घटी, लेकिन पथराव करने वालों के खिलाफ बिजली थाने में शिकायत दर्ज कराई हैं।

**यह है पूरा मामला:** गांव एतमादपुर में कुछ लोग कॉलोनी बना कर लोगों के घरों में सब मीटर लगा कर चोरी से बिजली बेच रहे हैं, बिजली विभाग को मिली सूचना के आधार पर सब डिवीजन सेक्टर-19, सूरजकुंड ओर बिजली विभाग के विजिलेंस की एक टीम गठित की गई। इस टीम में एसटीओ शुभम, सूजकुंड एसडीओ रिषभ कुमार और विजिलेंस एसडीओ हेमंत शर्मा सहित जेई और अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। टीम ने शनिवार सुबह पांच बजे गांव में छापा


गांव एतमादपुर में छापे के दौरान हुई घटना की सेक्टर 31 थाने में शिकायत करने पहुंचे बिजली निगम के अधिकारी।

मारा। छापेमारी की सूचना पर लोगों में अफरातफरी मच गई। कुछ तो अपने घरों में ताला लगाकर फरार गए। वहीं कुछ लोग चोरी से बिजली जलाते हुए पकड़े गए। एसडीओ शुभम ने बताया कि कुछ प्रॉपर्टी डीलरों ने गांव में 40-40 मकान बनाकर कॉलोनी काटी हुई हैं। लोगों के घरों में डीलर ने सब मीटर लगा दिए और लोगों को अपने मीटर से बिजली बेच रहे थे। टीम ने गांव में पहुंच कर सबसे पहले मीटर से कनेक्शन काटा। इसके बाद लोगों के घरों में बिजली जल रही थी। जांच के बाद ट्रांसफार्मर से लाइन को काट कर उसके अपने कब्जे में लिया। जांच में 70 किलो लोड का आंकलन हुआ है। इसे आधार पर 15 प्रॉपर्टी डीलरों पर 15 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ पुलिस में शिकायत दी गई है।

# किसी भी कीमत पर नहीं सौंपा जाएगा सिटी पार्क

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** स्थित सिटी पार्क को कानून का सहारा लेकर भू माफियाओं के हवाला किए जाने को लेकर शनिवार को आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि है बल्लभगढ़ के सिटी पार्क को शहर के कुछ राजनेताओं का संरक्षण लेकर भूमाफियाओं के हवाले किए जाने का काम किया जा रहा है।

भूमाफियाओं से प्रभावित होकर प्रशासन ने सिटी पार्क की चार दीवारी तक तुड़वा दी है। सिटी पार्क को कब्जाने के लिए नगर निगम प्रशासन एवं भाजपा सरकार मिलकर काम कर रही है। मगर यह आमजन से जुड़ा मामला है, इसको किसी भी कीमत पर कब्जाधारियों को कब्जा नहीं करने दिया जाएगा। शहर के कुछ प्रॉपर्टी


धर्मवीर भड़ाना।

डीलर एवं भू माफिया मिलकर प्रशासन की मदद से इसको कब्जा करना चाहते हैं। भड़ाना ने कहा कि प्रशासन अगर चाहता तो, इस मामले को निबटाया जा सकता था। मगर, सरकार एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से सुप्रीम कोर्ट में केस डालकर और वहां नकली कागज पेश कर इस सिटी पार्क को कब्जाया जा रहा है।

# 75 फीसदी उत्तरदाताओं के साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हम** कोविड-19 महामारी के तीसरे साल में प्रवेश कर रहे हैं, इसी बीच देश में इंटरनेट के उपयोग के रूझान और इंटरनेट पर निर्भरता तेज़ी से बढ़ी है। जिसके चलते डेटा की सुरक्षा का मुद्दा गंभीर हो गया है और साथ ही कई तरह के साइबर अपराधों के मामले भी तेज़ी से बढ़ रहे हैं। इनमें बैंकिंग धोखाधड़ी से लेकर ओटीपी/एटीएम धोखाधड़ी, महिलाओं के साथ छेड़छाड़ या उन्हें डराने धमकाने की गलत खबरें और डेटाचोरी तक शामिल हैं।

अमित कुमार, सीईओ, ओएलएक्स ऑटोज इंडिया ने बताया की सितम्बर 2021 में जारी नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) क्राइम इन इंडिया 2020 वॉल्यूम 2 के मुताबिक भारत में साइबर अपराध के 50,035 मामले दर्ज किए गए। इस दृष्टि से पिछले साल की तुलना में 11.8 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। साइबर अपराधों की दर जो 2019 में 3.3 (प्रति लाख आबादी पर) थी, वह 2020 में 3.7 तक पहुंच गई।

ओएलएक्स की पेशकश ओएलएक्स सेफर इंटरनेट डे स्टडी का चौथा संस्करण ऑनलाइन यूज़र्स को जागरुक बनाकर इंटरनेट को हर व्यक्ति के लिए बेहतर एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह भारतीय यूजर्स को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरुक और सतर्क बनाती है। हर व्यक्ति के लिए इंटरनेट को सुरक्षित बनाने के अवसरों पर रोशनी डालती है। इस साल 8 फरवरी को आयोजित इंटरनेशनल सेफर इंटरनेड डे के उपलक्ष में इस अध्ययन के परिणाम जारी किए गए। उन्होंने बताया की अध्ययन में पाया गया कि महामारी के दौरान तीन चौथाई उत्तरदाता कम से कम एक ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हुए। इस सूची में फाइनैंशियल धोखाधड़ी के मामले सबसे ज़्यादा रहे, अध्ययन में हिस्सा लेने वाले तकरीबन आधे 47 फीसदी उत्तरदाताओं को इसी तरह की धोखाधड़ी का सामना करना पड़ा। ऑनलाईन शॉपिंग भी इंटरनेट पर सबसे असुरक्षित एक्टिविटी रही।

जहां 36 फीसदी उत्तरदाताओं के साथ धोखाधड़ी हुई, इसके अलावा 20 फीसदी उत्तरदाताओं ने बताया कि सोशल मीडिया के इस्तेमाल के दौरान उनके साथ धोखाधड़ी हुई। 50 एवं इससे अधिक आयु वर्ग की बात करें तो हर 5 में 1 उत्तरदाता को कंटेंट कंज़्पशन के दौरान धोखाधड़ी का शिकार होना पड़ा (19 फीसदी)।

# आईएमटी क्षेत्र में बढ़ेंगे रोजगार के अवसर: शर्मा

**बल्लभगढ़।** हरियाणा के परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा ने सेक्टर 68 आईएमटी क्षेत्र में कैप्टन इंजीनियरिंग वर्क्स फैक्ट्री का रिबन काटकर उद्घाटन किया।

इस मौके पर परिवहन मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा का आईएमटी क्षेत्र में पहुंचने पर आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन फरीदाबाद के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने इंडस्ट्रीज के मालिक डीपी यादव को बधाई दी, उन्होंने कहा कि आईएमटी क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा इंडस्ट्रीज स्थापित होगी तो यहां के लोगों को रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इस अवसर पर आईएमटी इंडस्ट्री एसोसिएशन फरीदाबाद के प्रधान प्रमोद राणा, एसोसिएशन की जनरल सेकेट्री रश्मि सिंह, पूर्व पार्षद दयाचंद यादव आदि ने बधाई दी।


# गर्भपात करते हुए रंगे हाथ नर्सिंग होम संचालक गिरफ्तार किया

## रात दस बजे शुरू हुई छापेमारी सुबह चार बजे तक चलती रही

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नीलम बाटा रोड स्थित कृष्णा नर्सिंग होम पर छापेमारी की। जहां टीम ने भेजी गई नकली के माध्यम से अस्पताल की मैनेजिंग डायरेक्टर को गर्भपात करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करवाया है। रात नौ बजे शुरू हुई कार्रवाई सुबह चार बजे तक चलती रही।

**यह है पूरा मामला:** स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मान सिंह ने बताया कि सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता को शिकायत मिली थी कि नीलम बाटा रोड़ स्थित श्रीकृष्णा, नर्सिंग होम एंड लैब में अवैध रूप से गर्भपात करवाया जाता है। सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता ने डॉ. मानसिंह, अजय गोयल और एलएमओ



कृष्णा नर्सिंग होम के भीतर छापा मारती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

डॉ. अनमोल की टीम बनाकर छापेमारी के निर्देश दिए। टीम ने एक नकली ग्राहक बनाकर नर्सिंग होम में भेज दिया। नर्सिंग होम में मैनेजिंग डायरेक्टर समेत दो चिकित्सकों के नाम भी लिखे हुए थे। जहां नकली ग्राहक को स्टाफ नर्स लता गुलाटी ने देखा और उसे अल्ट्रासाउंड के लिए भेज दिया। नकली ग्राहक ने यह बात टीम को बताई। जिस पर टीम ने स्टाफ द्वारा बताए गए एनएच-पांच स्थित कपूर डायग्नोसिस जोकि डॉ. रीमा कपूर का है, वहां से एक हजार रुपये में अल्ट्रसाउंड करवा दिया। जिसके बाद में टीम ने पाउडर लगे एक हजार रुपये बरामद करते हुए वहां जांच की तो उन्हें कुछ नहीं मिला। इसके बाद टीम नकली ग्राहक गर्भवती को दोबारा श्रीकृष्णा नर्सिंग होम में लेकर पहुंची।

जहां रात को गर्भवती को खुद को स्टाफ नर्स बता रही लता गुलाटी ने दो गोलिया दे दी, एक मुंह में खाने के लिए और दूसरी शरीर में रखने के लिए। उसी दौरान गर्भवती ने टीम को सूचना दे दी। आरोपी ने गर्भपात के बदले में उससे 55 हजार रुपये मांगे थे। टीम ने छापा मारते हुए आरोपी लता को गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस ने विभिन्न तरीकों से लोगों को किया जागरुक

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के दिशा-निर्देश के तहत महामारी अलर्ट सुरक्षित हरियाणा के अनुसार फरीदाबाद पुलिस ने कोविड नियमों की अवेहलना करने वाले नागरिकों सहित दुकानदारों के चालान काटकर जूर्माना किया है। फरीदाबाद पुलिस द्वारा कल मास्क न पहनने वाले 206 लोगों के चालान करके 1.03 लाख का जुर्माना लगाया गया तथा 1 जनवरी से अब तक के आंकड़ों की बात करें तो मास्क के टोटल 16503 चालन करके 82.51 लाख का जुर्माना लगाया गया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना का प्रभाव धीरे धीरे कम हो रहा है और कुछ समय पश्चात इसके खत्म होने की संभावना जताई जा रही है परंतु जब तक यह पूरी तरह खत्म नहीं हो जाता तब तक हमें उचित सावधानियों का प्रयोग करना होगा। आमजन प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते रहें तथा अब ज्यादा लापरवाही न बरतें अन्यथा कोरोना एक बार फिर से अपने पैर पसार सकता है।

# बेसहारा और बीमार बुजुर्ग की पुलिस ने ली सुध

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आपने** अक्सर सुना होगा कि पुलिस वालों में दयाभाव नहीं होता। वह हर किसी के साथ दुर्व्यवहार करते हैं लेकिन पुलिस का एक दूसरा चेहरा भी है जो आमतौर पर जनता को नजर नहीं आता। पुलिस चुपचाप अपना काम करती रहती है परंतु पुलिस के अच्छे कार्यों का जितना क्रेडिट उन्हें मिलना चाहिए, वह मिल नहीं पाता। पुलिस द्वारा किए गए अच्छे कार्य किसी को नजर नहीं आते परंतु यदि कोई पुलिसकर्मी एक छोटी सी गलती भी कर दे तो लोगों के मन में पुलिस विभाग की छवि बहुत जल्दी नाकारात्मक हो जाती है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस विभाग में एक से एक शानदार ऑफिसर हैं जिन्हें अपने समाज के लोगों की परवाह भी है और वह उनकी भावनाओं की कदर भी करते हैं और समाज में भलाई के कार्यों में सक्रिय तौर पर हिस्सा लेते हैं। अभी 2 दिन पहले की ही बात है फरीदाबाद के इंदिरा नगर में रहने वाले 65 वर्षीय रमनबाबूजी की तबीयत खराब हो गई। उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। रमनजी का भरा पूरा परिवार है, उनके चार बेटे हैं लेकिन मौका पड़ने पर कोई भी उनके काम नहीं आया। उनके बच्चे उन्हें दवाई तक भी लाकर नहीं दे रहे थे और आखिर में जाकर पुलिस विभाग ही उनके काम आया जो पूरे समाज को अपने परिवार का सदस्य समझते हैं।

पुलिस ही थी जिन्होंने जाकर बुजुर्ग को संभाला और उनकी दवा पानी की व्यवस्था की। बुजुर्ग ने जब अपने बच्चों से उम्मीद छोड़ दी तो उन्होंने मदद के लिए पुलिस की आवाज संस्था के लिए काम करने वाले दीपक झा को अपनी समस्या बताई जिन्होंने थाना प्रभारी सेक्टर-7 इंस्पेक्टर नवीन को इसके बारे में बताया। इंस्पेक्टर नवीन को जैसे ही बुजुर्ग की हालत के बारे में जानकारी मिली तो उन्होंने पुलिस चौकी सेक्टर 7 इंचार्ज को तुरंत फोन करके जल्द से जल्द बुजुर्ग की सहायता करने के निर्देश दिए।

# संक्षिप्त समाचार

## शिविर में 85 यूनिट रक्त किया एकत्रित



रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद एनआईटी नेक्स्ट द्वारा आयोजित शिविर में रक्तदान करते समाज सेवी।

**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद एनआईटी नेक्स्ट द्वारा सेक्टर-4 स्थित पीपी स्टील कारपोरेशन में माता मालती मोहिंदर सिंह सिंघल की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसका फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान युवाओं ने उत्साह से रक्तदान किया। शिविर में कुल 85 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर प्रेम प्रकाश पसरीचा, क्लब के अध्यक्ष नवीन पसरीचा, सुनील मंगला, एचएल भूटानी, महेंद्र मेतानी, दीपक प्रसाद, जितेंद्र अरोड़ा, वासुदेव अरोड़ा, विपिन चावला, सुनील खंडूजा, दिनेश छाबड़ा, वीरेंद्र, समीर सपरा, संजय अग्रवाल, मोहिन्दर तनेजा, इशिता, प्रत्युष, जसलीन, चयन पसरीचा, रचना पसरीचा, डिम्पल व खुशबू गुप्ता आदि रक्तदाताओं की हौसला अफजाई कर शिविर को सफल बनाया। इस अवसर पर मुख्यातिथि विधायक नरेंद्र गुप्ता ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि कोरोना महामारी के चलते मरीजों के लिए रक्त की आवश्यकता बढ़ गई है, जिसकी पूर्ति के लिए हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान कर इस नेक कार्य में हाथ बंटाना चाहिए। वहीं प्रेम प्रकाश पसरीचा, क्लब के अध्यक्ष नवीन पसरीचा व समाजसेवी टोनी पहलवान कहा कि किसी भी स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया। रक्त दान किसी अनजान व्यक्ति की जान बचा सकता है।

## मंत्री गुर्जर और शर्मा ने किया मेयर कैम्प आफिस का उद्घाटन



मेयर कैंप आफिस का उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, मेयर सुमन बाला व अन्य पार्षद।

**फरीदाबाद।** केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और हरियाणा के परिवहन मंत्री पंडित मूलचन्द शर्मा ने सरकारी मेयर कैम्प आफिस का उद्घाटन किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जरों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में सरकार के द्वारा विकास के नए आयाम स्थापित किए गए है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जोड़ी फरीदाबाद के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। मेयर सुमन बाला ने आए हुए सभी मेहमानों का तहेदिल से स्वागत किया। इस कार्यालय पर लगभग 85 लाख रुपये की लागत आई है। इस मौके पर फरीदाबाद से विधायक नरेंद्र गुप्ता, मेयर सुमन बाला व धनेश अदलखा सहित कई पार्षद और गणमान्य लोग तथा एमसीएफ के अधिकारी गण मौजूद रहे।

## मंत्री कृष्णपाल गुर्जर करेंगे महा स्वच्छता अभियान की शुरुआत

**फरीदाबाद।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष में पूरे प्रदेश में शुरू हो रहे ग्रामीण क्षेत्रों के महा स्वच्छता अभियान की शुरुआत फरीदाबाद के दयालपुर गांव में केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर करेंगे। कार्यक्रम प्रात: 10:00 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त सतवीर सिंह मान ने शनिवार को गांव का दौरा भी किया। अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार संत गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष में 13 फरवरी रविवार को जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में महा स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में जन प्रतिनिधियों,धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं तथा नेहरू युवा केन्द्रों के युवाओं सहित आम जनमानस को भागीदार बनाकर जोड़ा जाएगा। उन्होने कहा कि इस अभियान में ग्रामीण क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्र को गंदगी मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि गांव के सभी सामुदायिक भवनों, स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों, ट्यूबवेल पम्पों, सिचाई विभाग के चैनलों, सामुदायिक शौचालयों में सफाई अभियान का अभियान चलाया जाएगा। गांवों में फिरनी के आसपास मिलने वाले कूड़े के ढेर या कुरड़ियों को उठाकार उस जगह को साफ किया जाएगा। इसी प्रकार से सभी धर्मिक स्थलों व कार्यालयों में भी सफाई अभियान चलाया जाएगा। प्लास्टिक कचरा प्रबन्धन के बारे में जोर दिया जाएगा।

## स्नैचिंग के चार आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान ने शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों और अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 प्रभारी राकेश सिंह की टीम ने स्नैचिंग के चार आरोपियों को लेबर चौक अंखिर सब्जी मंडी से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुदेश उर्फ सुधीस गांव मनकपुरा कासगंज उत्तर प्रदेश हाल गांव अनखीर, विकास उर्फ विक्का गांव निवा पनमार जिला रीवा मध्यप्रदेश हाल झुग्गी नजदीक गांव अनखीर, नरेश कुमार कोढी कालोनी, एनआईटी फरीदाबाद, सुरीत निवासी गांव शंकरगंज पार्ट-1 जिला इलाहाबाद उत्तरप्रदेश हाल निवासी अंखिर गांव के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच 48 की टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना एनआईटी के क्षेत्र में 8 फरवरी को हुई स्नेचिंग की वारदात में चार आरोपियों को गांव अंखिर की सब्जी मंडी से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से मोबाइल फोन और वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

## नशे के इंजेक्शन बेचता एक तस्कर गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए पुलिस थाना धौज प्रभारी विनोद कुमार व उनकी टीम ने नशे के इंजेक्शन तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मेवात से इंजेक्शन लाकर फरीदाबाद में सप्लाई करता था। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम जुनेद उर्फ काणा है जो फरीदाबाद के गांव धौज का निवासी है। थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ बस स्टैंड के पास पेट्रोलिंग कर रहे थे कि गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी अपने घर के बाहर नशे के इंजेक्शन बेच रहा है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचे जहां पर आरोपी ने अपने हाथ में दो काले लिफाफों में इंजेक्शन भर रखे थे। उन्हें वहां पर मौजूद नशेड़ियों को इन्हे बेच रहा था। पुलिस टीम ने आरोपी को मौके से काबू कर लिया और जब चेक किया गया तो उसके कब्जे से 21 बुप्रेनो तथा 21 इंजेक्शन एविल के बरामद हुए।

# पड़ोसी देश में उपजा आतंकवाद बड़ी चुनौती: एलजी सिन्हा

## ● पाकिस्तान का नाम लिए बिना ही जम्मू के उपराज्यपाल ने साधा निशाना

**भाषा।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना शनिवार को कहा कि पड़ोसी देश से उपजा मादक पदार्थ रूपी आतंकवाद एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियां इस खतरे से निपटने के लिए हरसंभव कोशिश कर रही हैं। उपराज्यपाल जम्मू में चन्नी बाईपास स्थित एक नशामुक्ति केंद्र के निर्माण की आधारशिला रखने के बाद एक समारोह को संबोधित कर रहे थे।



जम्मू-कश्मीर में अपनी तरह के पहले इस केंद्र के निर्माण पर 5.57 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस राशि में से 3.57 करोड़ रुपए स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत मिलेंगे और भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण से सीएसआर के तहत दो करोड़ रुपए मिलेंगे। इसका निर्माण अगले साल फरवरी तक पूरा होने की संभावना है।

सिन्हा ने अपने प्रशासन और सभी तबकों के लोगों से संयुक्त रूप से मादक पदार्थ रूपी आतंकवाद की चुनौती का मुकाबला करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से उन युवाओं का भविष्य बचाने को कहा जो सीमा पार से भेजे जा रहे नशीले पदार्थों की साजिश का असल लक्ष्य हैं।

पाकिस्तान का नाम लिए बिना सिन्हा ने कहा कि पड़ोसी देश सीमा पार से एक सुनियोजित साजिश के तहत मादक पदार्थ भेज रहा है। उपराज्यपाल ने कहा, उद्देश्य स्पष्ट है और इसे समझने के लिए रॉकेट विज्ञान की आवश्यकता नहीं है। पारंपरिक संघर्ष में बार-बार हारने के बाद वे जम्मू-कश्मीर और पड़ोसी राज्यों में युवाओं को बर्बाद करने के लिए छद्म युद्ध में शामिल हैं। सुरक्षाबल (छद्म युद्ध में) भी बढ़त बनाए हुए हैं, लेकिन उनके (पाकिस्तान) नापाक मंसूबों को नाकाम करने के लिए और अधिक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश से उपजे इस आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है। उपराज्यपाल ने देशभर में मादक पदार्थ की समस्या वाले 272 जिलों का जिक्र करते हुए कहा कि इनमें से 10 जिले जम्मू-कश्मीर में हैं। उन्होंने कहा कि गरीब, मध्यम और उच्च वर्ग के बीच मादक पदार्थों का इस्तेमाल बढ़ा है। सिन्हा ने मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस की कार्वाई की भी तारीफ की। इससे पहले जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने कहा कि पुलिस केंद्रशासित प्रदेश में मादक पदार्थ से मुक्ति दिलाने वाले 10 केंद्रों का संचालन कर रही है, जहां नशे के आदी 6000 से अधिक युवाओं का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में मादक पदार्थों का इस्तेमाल बढ़ा है और पुलिस बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ तथा मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित की गई राशि बरामद कर रही है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से जुड़े लोग मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित राशि का इस्तेमाल दहशतगर्दी फैलाने के लिए करते हैं।

## सांसद ने मंत्री के घर पर दिया धरना

**जयपुर।** कंटेनर हादसे में गुजर गए चालक की पत्नी की मांगों के समर्थन में राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा शनिवार को भी यहां राजस्थान सरकार के मंत्री राजेंद्र गुढ़ा के घर में धरने पर बैठे हैं। उल्लेखनीय है कि राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) के पेपर लेकर जा रहे कंटेनर के दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक रामनिवास की मौत गई थी। रामनिवास की पत्नी मनीषा के लिए आर्थिक सहायता एवं अन्य मांगों को लेकर मीणा शुक्रवार दोपहर से यहां राज्यमंत्री गुढ़ा के सरकारी निवास के लॉन में धरने पर बैठे हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत में राज्य सरकार पर संवेदनहीन होने का आरोप लगाया और कहा कि इस मामले में उच्च अधिकारियों ने जो आश्वासन दिया था, उसे पूरा नहीं किया गया। मीणा इस मामले में शुक्रवार को मुख्य सचिव उषा शर्मा से भी मिले थे लेकिन उन्होंने अधिकारी के रुख को निराशाजनक बताया।

## आरोप लगाने वालों को इलाज की जरूरत: उद्धव ठाकरे

**भाषा।** जालना (महाराष्ट्र)

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने विपक्षी भाजपा पर निशाना साधते हुए शनिवार को अपने कैबिनेट सहयोगी और स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे से कहा कि उन पर और राज्य सरकार पर आरोप लगाने वालों का मुफ्त इलाज किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा, थप्पड़ से डर नहीं लगता, प्यार से लगता है। उन्होंने यह भी कहा कि तमाचा लगाना और तमाचा खाना राजनीतिक जीवन का हिस्सा है और इसलिए उनकी जब कोई प्रशंसा करता है, वह घबरा जाते हैं। ठाकरे जालना में पब्लिक ट्रस्ट रजिस्ट्रेशन कार्यालय के नए भवन के उद्घाटन समारोह को वर्चुअल माध्यम से सम्बोधित कर रहे थे। टोपे ने भी वीडियो कांफ्रेंस के जरिए समारोह में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान उनकी प्रशंसा में कही गई कविता का उल्लेख करते हुए उन्होंने एक हिन्दी सिनेमा के उस संवाद को उद्धृत किया, थप्पड़ से डर नहीं लगता, प्यार से लगता है। उन्होंने कहा, थप्पड़ लगाना और थप्पड़ खाना हम राजनीतिज्ञों का जीवन है। इसलिए यदि कोई प्रशंसा करता है तो मैं घबरा जाता हूं। लेकिन मैं जानता हूं कि उनकी (विपक्ष की) प्रशंसा उन लोगों की प्रशंसा से अलग होती है, जो मेरे परिवार के सदस्य जैसे हैं। कोरोना वायरस महामारी के दौरान टोपे द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए ठाकरे ने कहा, आप (कोरोना केंद्र) जाते रहे और दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करते रहे, लेकिन विपक्ष आरोप लगा रहा है। उन लोगों (विपक्षियों) पर ध्यान न दें, क्योंकि उनके पेट में दर्द है और वे बेचैनी महसूस कर रहे हैं। उन्हें सरकारी अस्पताल में इलाज मुहैया कराइए।

# गोवा के चुनावी रण में त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार

## ● गोवा के दिवंगत मुख्यमंत्री मनोहर पार्किर के बेटे,भाजपा, कांग्रेस और आप उम्मीदवारों के बीच चुनाव में कांटे की टक्कर

**भाषा।** पणजी

**गोवा** विधानसभा चुनाव में पणजी सीट पर भारतीय जनता पार्टी के दिवंगत नेता एवं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्किर के बेटे, भाजपा के स्थानीय कद्दावर नेता अतानासियो मोनसेराटे, पूर्व में आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार रह चुके और अब कांग्रेस के टिकट से चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी तथा आप उम्मीदवार के बीच कांटे की टक्कर है। गोवा में सोमवार को मतदान में इन नेताओं की




चुनावी किस्मत का फैसला होगा। भाजपा ने विधायक मोनसेराटे को चुनाव मैदान में उतारा है। मोनसेराटे इससे पहले कांग्रेस में थे और उन्होंने 2019में भाजपा के प्रत्याशी को पराजित किया था। वह 2020में भाजपा में शामिल हो गए थे ।मोनसेराटे के खिलाफ चुनाव मैदान में हैं दिवंगत मुख्यमंत्री पर्किर के बेटे उत्पल पर्किर। भाजपा द्वारा टिकट नहीं दिए जाने से नाराज उत्पल निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में उत्पल पर्किर ने अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों का जिक्र किया था और कहा था कि वह चाहते थे कि पार्टी (भाजपा) किसी बेदाग छवि वाले उम्मीदवार को टिकट दे। कांग्रेस ने चुनाव में एल्विस गोम्स को टिकट दिया है। पूर्व नौकरशाह 2017 में आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार थे,लेकिन बाद में पार्टी छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे ।वहीं दूसरी ओर आप ने तीसरी बार वाल्मीकि नाइक को चुनाव मैदान में उतरा है। इससे पहले नाइक को 2017, और 2019 उपचुनाव में खड़ा किया गया था।

नाइक ने कहा कि निर्वाचित होने पर वह पणजी निर्वाचन क्षेत्र में रोजगार पर ध्यान केंद्रित करेंगे और वार्ड सभाओं का आयोजन करेंगे जिसमें नागरिक विधायक और अधिकारियों की उपस्थिति में अपने मुद्दों को हल करा सकते हैं।इन उम्मीदवारों के अलावा रिवोल्यूशनरी गोवा पार्टी (आरजीपी) से राजेश रेडकर (50) भी चुनाव मैदान में हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, पणजी में 22,408 पंजीकृत मतदाता हैं जिनमें 10,531 पुरुष और 11,877 महिलाएं हैं।



अमृतसर में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी पंजाब में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवारों का प्रचार ई-रिक्शा पर बैठकर करते हुए

**हिजाब विवाद**

# कर्नाटक सरकार ने पीयू कॉलेजों में अवकाश की अवधि 15 फरवरी तक बढ़ाई



**भाषा।** बेंगलूरु

**कर्नाटक** सरकार ने प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेजों में अवकाश की अवधि 15 फरवरी तक बढ़ा दी है। कई परिसरों में बढ़ते हिजाब विवाद के बाद राज्य सरकार ने नौ फरवरी से इन कॉलेजों को बंद कर दिया था और उन्हें 14 फरवरी को खोला जाना था। सरकार ने 16 फरवरी तक डिग्री और डिप्लोमा कॉलेजों को भी बंद रखने का आदेश दिया है।

सरकार ने अपने परिपत्र में कहा कि राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के एहतियाती कदम के तौर पर यह फैसला लिया गया है। प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा मंत्री बी सी नागेश के करीबी सूत्रों ने बताया कि नौवीं और 10वीं कक्षाएं 14 फरवरी से पहले की तरह शुरू होंगी। राज्य के कुछ हिस्सों में उच्च माध्यमिक स्कूलों तथा कॉलेज परिसरों में हिजाब बनाम भगवा स्कार्फ को लेकर विवाद ने तनाव पैदा कर दिया है। कुछ स्थानों पर अप्रिय घटनाएं और यहां तक कि हिंसक झड़पें भी हुई हैं।

### हिजाब विवाद के कारण मिल रही है धमकी: भाजपा विधायक

**मेंगलुरु।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और उडुपी से विधायक के रघुपति भट ने कहा कि हिजाब मामले के एक बड़े विवाद में बदल जाने के बाद उन्हें अज्ञात लोग फोन करके धमकी दे रहे हैं। कर्नाटक में पैदा हुए हिजाब विवाद के केंद्र उडुपी में महिलाओं के प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज की विकास समिति के अध्यक्ष भट ने संवाददाताओं से शुक्रवार को यहां कहा कि उन्हें धमकी देने के लिए आ रहे अधिकतर फोन विदेशों से इंटरनेट कॉल के जरिए किए गए हैं। भाजपा विधायक ने कहा कि उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं, जो उनके लिए नई बात नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें स्थानीय नंबर से भी कई फोन आ आए हैं और उन्होंने राज्य के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र को इसकी जानकारी दे दी है। उन्होंने कहा कि उन्हें अतीत में भी इस प्रकार की धमकियां मिल चुकी हैं और वह इनसे डरते नहीं हैं। विधायक ने दावा किया कि उडुपी के मुसलमान उनके साथ हैं और जिले के काजियों ने इस मामले पर उन्हें समर्थन दिया है। भट ने दोहराया कि उडुपी पीयू कॉलेज में जिन छह छात्राओं ने कक्षाओं में हिजाब पहनने की जिद की थी, उन्हें कुछ तत्वों ने गुमराह किया था।

## बेंगलुरु में स्कूल के नोटिस बोर्ड की भाषा को लेकर अभिभावकों का विरोध प्रदर्शन

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु स्थित एक निजी स्कूल में शनिवार को तब तनाव उत्पन्न हो गया जब विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने नोटिस बोर्ड पर कथित आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधन की ओर से नोटिस बोर्ड पर दिया गया संदेश कक्षा में हिजाब पहनने से संबंधित था। नोटिस बोर्ड पर दिए गए संदेश में इस्तेमाल की गई भाषा से नाराज लोग आज सुबह चंद्र लेआउट स्थित विद्यासागर इंग्लिश पब्लिक स्कूल के बाहर एकत्र हो गए। पता चला है कि नोटिस बोर्ड पर संदेश चस्पा करने वाले शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में एक अभिभावक शहाबुद्दीन ने बेंगलुरु में संवाददाताओं से कहा कि बेंगलुरु में हिजाब विवाद नहीं है, क्योंकि यह राज्य के अन्य हिस्सों में प्रचलित है। उन्होंने कहा, यह एक 20 साल पुराना स्कूल है, जहां हिंदू और मुसलमान एक साथ पढ़ रहे हैं। इस स्कूल में कम से कम 80 प्रतिशत छात्र मुस्लिम हैं। यहां की शिक्षा की गुणवत्ता बहुत अच्छी है, लेकिन यहां हिजाब कोई मुद्दा नहीं रहा। शहाबुद्दीन ने कहा कि एक शिक्षक ने छात्रों के एक वर्ग का जिक्र करते हुए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया जिसका अभिभावकों ने विरोध किया। उन्होंने मीडिया से अपील की कि वह इस मामले को बढ़ा-चढ़ाकर न दिखाए, क्योंकि यह एक स्थानीय मुद्दा है। सूचना मिलने पर पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारी प्रदर्शनकारियों को शांत करने के लिए मौके पर पहुंचे।

## राजस्थान में आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने पर एएसआई, कांस्टेबल निलंबित

**जयपुर।** सोशल मीडिया पर हिजाब-बुर्का से संबंधित आपत्तिजनक पोस्ट और टिप्पणी साझा करने करने के आरोप में राजस्थान पुलिस के एक कांस्टेबल और ट्रैफिक पुलिस में सहायक पुलिस उप निरीक्षक (एएसआई) को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) अनिल पेरिस देशमुख ने बताया कि जवाहर सर्कल थाने में तैनात कांस्टेबल रमेश और ट्रैफिक पुलिस के एएसआई सतवीर सिंह ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट और टिप्पणी साझा की थी जिसके बाद शुक्रवार को उन्हें उनके कदाचार के आरोप में शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया। उन्होंने बताया, पुलिस अधिकारी होने के नाते उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। इसलिए यह कार्वाई की गई। अधिकारियों के मुताबिक, कांस्टेबल ने आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किया जिसे एएसआई ने कुछ अन्य लोगों को भेजा था। पोस्ट मानक चौक थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति तक पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेते हुए प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है।

**PUBLIC NOTICE**

मेरे मुवक्किल श्री मीर सिंह पुत्र डालचन्द, पता : सी-22ए, न्यू अशोक नगर, वसुन्धरा इन्कलेव, दिल्ली-110096 मेरे मुवक्किल के द्वारा पुत्र श्री प्रदीप कुमार और पुत्रवधु शिवानी पाल उनके अवज्ञाकारी होने के कारण दोनों से अपने सम्बन्ध-विच्छेद करके अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं। भविष्य में उनके किसी कृत्य के लिए मेरे मुवक्किल व उनका परिवार उत्तरदायी नही होगा।

MANOJ KUMAR ADVOCATE
BAR LIBRARY NO.1, SUPREME COURT OF INDIA, NEW DELHI

**सार्वजनिक सूचना**

[illegible]

PREM PRAKASH - ADVOCATE
207, Plot-1, MLU Sector-10, Dwarka, New Delhi -110075 Ph.: 9871268399

**MOULIN COMMERCIAL LIMITED**
CIN: L74899DL1982PLC067811
Regd. Office: 1, Anand Gram, Aya Nagar Mehrauli, Gurgaon Road Delhi-110047
Email Id: kohli@vinylgroup.com; Website: https://www.moulin.co.in
Statement of Unaudited Standalone Financial Results for the Third Quarter & Nine Months Ended 31st December, 2021
(Rs. in Lacs except per share data)

| Particular | Quarter ended | | Nine Months Ended |
|---|---|---|---|
| | 31.12.2021 (Unaudited) | 31.12.2020 (Unaudited) | 31.12.2021 (Unaudited) |
| Total Income from Operations | 26.89 | 24.11 | 80.96 |
| Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (3.16) | 4.78 | 12.29 |
| Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (3.16) | 4.78 | 12.29 |
| Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (2.34) | 3.29 | 9.10 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (2.10) | 3.29 | 11.25 |
| Paid up Equity Share Capital (of Rs. 10/- each) | 57.30 | 57.30 | 57.30 |
| Earnings Per Share (of Rs. 1/- each) (for continuing and discontinued operations)- 1. Basic : 2. Diluted: | (0.37) (0.37) | (1.09) (1.09) | (1.25) (1.25) |

Notes:
1. The above is an extract of the detailed format of the unaudited financial Results for the third quarter and nine months ended 31st December, 2021 filed with the CSE under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results ended 31st December, 2021 is available on the CSE website (www.cseindia.com) and Company's website (https://www.moulin.co.in).
2. The above un-audited financial results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directorsin its meeting held on 11th February, 2022.

For MOULIN COMMERCIAL LIMITED
Sd/-
Ashish Gupta
Managing Director
DIN -00115090

Place: Delhi
Date: 11.02. 2022

# तेलंगाना के सीएम ने की सरमा को हटाने की पीएम से अपील

## ● राहुल गांधी पर असम के मुख्यमंत्री की कथित तौर पर टिप्पणी करने के बाद चढ़ा सियासी पारा

**भाषा।** हैदराबाद

**तेलंगाना** के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शनिवार को अपील की कि वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कथित टिप्पणी के लिए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को हटाएं। राव ने सरमा के बयान के लिए उन पर निशाना साधते हुए कहा , मोदीजी,क्या यही हमारी भारतीय संस्कृति है? क्या यही वेदों, महाभारत ,रामायण और भगवद गीता में सिखाया गया है ?मैं भाजपा अध्यक्ष नड्डा जी से प्रश्न करता हूं कि क्या यही हमारी संस्कृति है? राव ने यहां से 55 किलोमीटर दूर रायगिरि में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, आप उन्होंने हटाइए (असम के मुख्यमंत्री)। मैं यह मांग कर रहा हूं.....क्या कोई मुख्यमंत्री इस तरह से बात करता है? हर बात की सीमा होती है। आप अहंकारी हैं? तमाशा कर रहे हैं, आपको लगता है कि लोग चुप रहेंगे। दरअसल सरमा ने सितंबर 2016में सर्जिकल स्ट्राइक का सुबूत मांगने, कोविड रोधी टीके की प्रभावकारिता के बारे में प्रश्न करने के लिए राहुल गांधी के खिलाफ शुक्रवार को उत्तराखंड में कुछ टिप्पणियां की थीं। अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए राव ने कहा, क्या यही भाजपा की संस्कृति है? क्या यही हिंदू धर्म और संस्कृति है,मैं एक भारतीय होने के नाते यह मांग कर रहा हूं। मैं शर्मसार हूं। यह देश के लिए अच्छा नहीं है। आप को क्या लगता है कि हम हाथ बांधे चुप रहेंगे।

## सीबीआई ने देशमुख के सीए के ठिकानों पर की छापेमारी

**नागपुर।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने (सीबीआई) महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ दर्ज धनशोधन के मामले में नागपुर स्थित उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) से जुड़े 12 स्थानों पर शनिवार को छापेमारी की। दिल्ली और मुंबई से सीबीआई के दल शुक्रवार रात नागपुर पहुंचे और उन्होंने शनिवार सुबह छापेमारी शुरू की। अधिकारी ने कहा, इन 12 स्थलों में देशमुख के सीए के या तो आवास हैं या उनके कार्यालय परिसर हैं। मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परम बीर सिंह ने देशमुख पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, जिसके बाद उन्होंने पिछले साल अप्रैल में राज्य के गृह मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। देशमुख को प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले साल एक नवंबर को गिरफ्तार किया था और वह इस समय न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता देशमुख के खिलाफ 21 अप्रैल, को प्राथमिकी दर्ज की थी।

# कम्युनल गीत पर सेक्युलर संगीत का ट्रेलर पिट चुका है: नकवी

## ● भाजपा के वरिष्ठ नेता ने साधा विपक्षी दलों पर निशाना

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कम्युनल गीतै पर"सेक्युलर संगीत का ट्रेलरै,चुनावी बूथै पर पिट चुका है।

नकवी के कार्यालय की ओर से यहां जारी बयान के मुताबिक, उन्होंने रामपुर में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि "कम्युनल टिफिनै में सेक्युलर टमाटरै का "सियासी टशनै टांय-टांय फिस्स हो चुका है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, भाजपा के लिए धर्मनिरपेक्षता संवैधानिक प्रतिबद्धता है जबकि"छद्म सेक्युलर सियासी सिंडिकेटै के लिए "सियासी सुविधा का साधनै है। आजादी के 75 वर्षों में अल्पसंख्यक वोटों के "सियासी सौदागरों" ने अल्पसंख्यकों के शोषण की 75 शतरंजी चालें चली हैं। कभी भय की चाल, कभी भ्रम की ढ़ाल, कभी धर्म का जाल तो कभी अफवाहों-आशंकाओं के बवाल से वोटों का अपहरण करते रहे। नकवी ने यह भी कहा कि भाजपा के लिए "सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयासै, समावेशी संकल्प और संवैधानिक प्रतिबद्धता है। मोदी-योगी सरकार समाज के सभी वर्गों के "सम्मान के साथ सशक्तिकरणै के रास्ते पर मजबूती और पूरी ईमानदारी से चल रही है।

उनके मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तुष्टीकरण, परिवारवाद, धर्म, जाति, क्षेत्रवाद के राजनीतिक स्पीडब्रेकर को ध्वस्त कर "समावेशी सशक्तिकरणै का हाईवे तैयार किया है।

## कर्नाटक में दक्षिण कन्नड़ जिले के स्कूल में नमाज पढ़ने का मामला सुलझा

**मंगलुरु।** कर्नाटक में दक्षिण कन्नड़ जिले के अंकतडका स्थित एक सरकारी स्कूल की कक्षा के भीतर कुछ छात्रों द्वारा नमाज पढ़े जाने के मुद्दे को स्कूल के अधिकारियों, छात्रों और उनके माता-पिता के बीच शनिवार को हुई बैठक में सुलझा लिया गया। नमाज पढ़ने की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था और स्थानीय लोगों ने इस पर आपत्ति की थी। बैठक में शामिल हुए पुत्तुर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सी लोकेश ने बताया कि माता-पिता ने वादा किया है कि उनके बच्चे अब इस प्रकार की गतिविधि स्कूल परिसर में नहीं दोहराएंगे। बच्चों के माता-पिता ने इस पर सहमति जताई कि बच्चों की शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए और उनकी गतिविधियों से स्कूल का माहौल खराब नहीं होना चाहिए। लोकेश ने कहा कि बच्चों के माता-पिता ने यह भी आश्वासन दिया है कि वे शुक्रवार को स्कूल के दौरान नमाज के लिए बच्चों को नहीं ले जाएंगे।

**सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : आर-13, एस/एफ ग्रेटर कैलाश-, नई दिल्ली-110048
सीआईएन : एल34102डीएल1985पीएलसी020156
ई-मेल : sidhindia1985@gmail.com, वेबसाइट : www.sidhgroup.in
31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम
(राशि रू. में)

31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

| विवरण | तिमाही समाप्त 31-12-2021 (अलेखापरीक्षित | नौ माह समाप्त 31-12-2021 (अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31-03-2021 (लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|
| परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 287,750.00 | 744300 | 0 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 38,610.00 | (445,475.00) | (763,788.00) |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 38,610.00 | (445,475.00) | (763,788.00) |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 38,610.00 | (445,475.00) | (763,788.00) |
| अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 38,610.00 | (445,475.00) | (763,788.00) |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 29,623,000.00 | 29,623,000.00 | 29,623,000.00 |
| संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) (जैसाकि पूर्व वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | - | 0 | 0 |
| प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/-प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) | | | |
| (क) मूल : | 0.01 | (0.15) | (0.26) |
| (ख) तनुकृत : | 0.01 | (0.15) | (0.26) |

नोट्स :
1. उपरोक्त परिणाम निदेशक मंडल द्वारा 12 फरवरी, 2022 को सम्पन्न उनकी बैठक में अभिलेखबद्ध किया गया था।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही और नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है।
3. तिमाही और नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) पर तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.sidhgroup.in) पर उपलब्ध है।

कृते एवं हिते निदेशक मंडल
सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड
हस्ता./-
(अनिल शर्मा)
निदेशक
डीआईएन : 02928240

तिथि : 12-02-2022
स्थान : दिल्ली



# चार मंत्रियों व आजम की बची ताकत का होगा इम्तिहान

**दूसरा चरण**

शिव विजय सिंह। लखनऊ

**पश्चिमी** उत्तर प्रदेश व रुहेलखंड में दूसरे चरण में सोमवार 14 फरवरी को होने वाला चुनाव सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी के साथ ही साथ सबसे बड़े विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के लिए भी काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दूसरे चरण के चुनाव में जहां योगी सरकार के चार मंत्रियों के भाग्य का फैसला होगा तो वहीं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां की भी बची खुची ताकत का भी इम्तिहान होना है। सपा से रामपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी आजम खां दो वर्षों से जेल में बंद हैं जबकि उनके पुत्र अब्दुल्लाह आजम हाल ही में जेल से छूटकर आए हैं और स्वार सीट से समाजवादी पार्टी के बैनर तले सत्तारूढ़ दल भाजपा को ललकार रहे हैं।

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में नौ जिलों की 55 विधानसभा सीटों पर वोट 14 फरवरी को डाले जाएंगे। दूसरे चरण में सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा, संभल, मुरादाबाद, रामपुर के अलावा रुहेलखंड के बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर जिलों के 55 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। चुनाव के दूसरे चरण में बीजेपी के लिए चुनौतियां पहले चरण की तुलना में ज्यादा होंगी क्योंकि दूसरे चरण की सीटों में से ज्यादातर में मुस्लिम आबादी की बहुलता है और इन इलाकों में बरेलवी और देवबंद के मुस्लिम धर्म गुरुओं का भी काफी प्रभाव माना जाता है। साल 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में इस इलाके की 55 सीटों में से 38 सीटें बीजेपी को 15 सीटें समाजवादी पार्टी को और दो सीटें कांग्रेस को मिली थीं। इसलिए वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव का दूसरा चरण काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस चरण में प्रदेश सरकार के चार मंत्री चुनाव मैदान में हैं। सरकार के कद्दावर मंत्री और शाहजहांपुर से आठ बार के विधायक सुरेश कुमार खन्ना के क्षेत्र में मतदान इसी चरण में होगा। सुरेश कुमार खन्ना के सामने सपा ने तनवीर खां बसपा ने सर्वेश मिश्रा धांधू, और कांग्रेस ने पूनम पाण्डेय को प्रत्याशी बनाया है। इसी चरण में रामपुर की बिलासपुर सीट से प्रदेश सरकार के सिंचाई






राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख के भी भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद हो जाएगा। बलदेव सिंह औलख के सामने सपा ने अमरजीत सिंह, बसपा ने राम औतार कश्यप कांग्रेस ने संजय कपूर को उम्मीदवार बनाया है। सरकार की अन्य राज्यमंत्री गुलाब देवी चंदौली से फिर भाजपा की प्रत्याशी हैं। गुलाब देवी को सपा की विमलेश कुमारी, बसपा के रणविजय, कांग्रेस के मिथलेश कुमारी को टिकट दिया है। बरेली की बहेड़ी सीट से राज्यमंत्री छत्रसाल गंगवार को सपा के पूर्व विधायक अताऊर्रहमान बसपा के आसेराम और कांग्रेस के संतोष भारती चुनावी समर में ललकार रहे हैं।

दूसरे चरण में सबसे जबरदस्त मुकाबला रामपुर में हो रहा है। रामपुर से सपा के पूर्व मंत्री और रामपुर से सांसद आजम खां विधानसभा चुनाव के मैदान में हैं। आजम खां विभिन्न मामलों में पिछले दो साल से सीतापुर जेल में हैं। उनकी गैरमजूदगी में उनके बेटे अब्दुल्ला आजम और उनकी पत्नी रामपुर से विधायक तंजीन फातिमा मोर्चा संभाले हुए हैं। आजम के सामने कांग्रेस से पूर्व विधायक और रामपुर नवाब खानदान के नवाब काजिम अली खां, बसपा से सदाकत हुसैन



और भाजपा से पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना के बेटे आकाश सक्सेना प्रत्याशी हैं। इसी तरह से आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम स्वार सीट से प्रत्याशी हैं। अब्दुला के सामने अपना दल की तरफ से नवाब खानदान के हैदर अली खान बसपा से शंकर लाल और कांग्रेस से रामरक्षपाल उम्मीदवार है। पहली बार सपा से गठबंधन कर चुनाव मैदान में उतरे महान दल के अध्यक्ष केशवदेव मौर्य के बेटे चन्द्र प्रकाश मौर्या बदायूं की बिल्सी सीट से सपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। चन्द्र प्रकाश मौर्या के सामने भाजपा के हरीश शाक्य बसपा की ममता शाक्य और कांग्रेस के अंकित चौहान प्रत्याशी हैं।

# देवबंद में क्या चौथी बार फिर लहराएगा भगवा ?

अभिषेक रंजन। लखनऊ

**सहारनपुर** अपने आप में धार्मिक और राजनीतिक विरासत समेटे हुए है। शाह हारून चिश्ती और बाबा लाल दास की दोस्ती ने इस जनपद में सांप्रदायिक सदभाव को हमेशा सींचा है। सहारनपुर की पहचान वुड कार्विंग के काम से विश्व भर में फैली हुई है। आज भी यहां तैयार किया गया फर्नीचर पूरे देश में तो पसंद किया जाता ही है साथ ही बड़े स्तर पर उसका एक्सपोर्ट भी होता है। सहारनपुर में एक तरफ शाकुंभरी सिद्धपीठ है तो दूसरी तरफ विश्व प्रसिद्ध इस्लामिक संस्था दारूल उलूम है जो देवबंद में है। देवबंद से इस्लाम धर्म की पढ़ाई भी होती है साथ ही इस्लाम की एक पूरी धारा को भी संचालित किया जाता है। त्रिपुरा बाला सुंदरी सिद्ध पीठ भी यहीं है जहां पांडवों ने अपना अज्ञातवास काटा था। यहीं पर माता के नौ रूप देखने को मिलते हैं तो ग्यारह मुखी शिवलिंग के दर्शन भी यहां होते हैं। यहीं श्री कृष्ण गोशाला है जिसके मु य द्वार पर देववृन्द अंकित है। देवबंद का नाम बदलकर देववृन्द करने की माँग पुरानी है। यह जिला भले ही यूपी के अंतिम छोर पर हो लेकिन राजनीति में इसका असर हमेशा से रहा है। सहारनपुर के सबसे बड़े राजनीतिक नाम के तौर पर रशीद मसूद ने लखनऊ से दिल्ली तक अपनी पहचान बनाई। रशीद मसूद ही वो नेता थे जिन्होंने 1977 में सहारनपुर लोकसभा सीट पर पहली बार कांग्रेस को हराया था। भगवा आंधी में इस जिले की चार सीटों पर बीजेपी ने परचम लहराया था। बीजेपी ने फिर से देवबंद से ब्रजेश सिंह को उम्मीदवार बनाया है। सपा ने यहां से पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह राणा के बेटे कार्तिकेय राणा को प्रत्याशी बनाया है। दोनों राजपूत हैं। बसपा से चौधरी राजेंद्र सिंह और कांग्रेस से राहत खलील ताल ठोक रहे हैं। एआईएमआईएम ने जमीयत उलमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी के भतीजे उमेर मदनी को प्रत्याशी बनाया है। यहां का सारा गणित इस पर टिका हुआ है कि मुस्लिम मतों में बसपा, कांग्रेस और एआईएमआईएम कौन सबसे ज्यादा सेंधमारी करता है। भाजपा का सारा जोर ध्रुवीकरण पर है। राजपूत मतों के लिए भाजपा और सपा दोनों के प्रत्याशियों में जंग है। इस सीट पर दोबारा भाजपा का रथ रोकने के लिए सपा प्रत्याशी कार्तिकेय राणा का दारोमदार सजातीय मतों के साथ मुस्लिम और जाट मतदाताओं पर टिका है। विधायक ब्रजेश सिंह भाजपा के परंपरागत सजातीय मतों के साथ अति पिछड़े और सवर्णों को साधने में जुटे हैं। उन्होंने बसपा के माजिद अली को हराया था। इस चुनाव में ब्रजेश को 102244 वोट जबकि दूसरे नंबर पर रहे माजिद अली को 72844 वोट मिले थे वहीं तीसरे नंबर पर रहे समाजवादी पार्टी के माविया अली को 55385 वोट मिले थे। 2017 विधानसभा चुनाव में वोट प्रतिशत की बात करें तो भाजपा सबसे बड़ी पार्टी थी। भाजपा का वोट प्रतिशत 43.64 जबकि बसपा का वोट प्रतिशत 31.09 और समाजवादी पार्टी का वोट प्रतिशत 23.64 रहा था। इस सीट पर सबसे अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। इसमें करीब एक लाख 20 हजार मुस्लिम मतदाता है जबकि 70 हजार दलित, 57 हजार ठाकुर, 35 हजार ब्राह्मण और 30 हजार गुर्जर मतदाता है। देवबंद एक मुस्लिम बहुल विधानसभा सीट है लेकिन यहां के ठाकुर मतदाता निर्णायक की भूमिका निभाते रहे हैं।




- मां शाकुंभरी सिद्धपीठ और इस्लामिक शैक्षिक संस्था दारुल उलूम रहे हैं आकर्षण के केन्द्र
- 1993 में भाजपा की शशीबाला पुंडीर, 1996 में सुखबीर सिंह पुंडीर व 2017 में ब्रजेश ने दर्ज की थी जीत




## प्रमुख मुद्दे

**देवबंद** दारुल उलूम और मां बाला सुंदरी सिद्ध पीठ इन दोनों धर्म स्थलों को लेकर देवबंद में अक्सर धर्म की राजनीति की जाती है। यह अलग बात है कि देवबंद दारुल उलूम कभी भी राजनीतिक मसलों में हस्तक्षेप नहीं करता लेकिन यहां हिंदू मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण करने के लिए आए दिन इन दोनों धार्मिक प्रमुख स्थलों का राजनीतिक भाषा में इस्तेमाल किया जाता है। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एटीएस कमांडो सेंटर बनाए जाने की घोषणा की और उसका शिलान्यास भी किया है हालांकि मुस्लिम लोग इसका खुलकर विरोध नहीं कर रहे लेकिन कहीं न कहीं यह एटीएस सेंटर हिंदू मुस्लिम राजनीति का ध्रुवीकरण कर रहा। हाल ही में नामांकन दाखिल करने के लिए पहुंचे देवबंद से भाजपा विधायक कुंवर बृजेश सिंह ने यह बयान दिया है कि देवबंद दारुल उलूम तालिबानी सोच का जन्मदाता है और इसीलिए मु यमंत्री ने देवबंद में एटीएस कमांडो सेंटर की घोषणा की है। महिलाओं की सुरक्षा यहां एक प्रमुख मुद्दा है। कानून-व्यवस्था को लेकर यहां सभी धर्मो की महिलाओं ने योगी सरकार के काम को सराहा है। यहां की कई मुस्लिम शिक्षिकाओं का कहना है कि

पछली सरकार में अपराध बहुत था। इस सरकार में महिलाओं को बहुत ज्यादा सुरक्षा है। महिला किसी भी समय कही भी निकल जाए उसको कोई डर नहीं है अब। पहले महिलाएँ निकलती थीं तो उनके पीछे बाइकों पर हुल्लड़ करने वाले लग जाते थे। लड़कियों को छेड़ते थे। इस सरकार में ऐसा नहीं है। पुलिस-प्रशासन सही है अब। किसी तरह का कोई खतरा नहीं है। पहले सड़क पर चलते-फिरते गुंडे लड़कियों को परेशान करते थे। लड़कियां स्कूल नहीं जाया करती थीं। यहाँ एक इंग्लिश स्पीकिंग स्कूल चलता है। 2017 तक वहाँ 5 बजे शाम को लास्ट क्लास चलती थी। उसके बाद छुट्टी हो जाती थी। वहाँ से निकलने वाली लड़कियों को मनचले इतना छेड़ते थे कि घर वालों ने उनकी पढ़ाई छुड़वा दी और बहुत से इंस्टीट्यूट ने अपना टाइम घटा दिया लेकिन आज वही इंस्टीट्यूट रात 10 बजे तक चल रहे हैं।

# दूसरे चरण में बसपा से दो को दोबारा मौका, बाकी पर बाहरी या नए चेहरे

- सात फीसद आधी आबादी को भी मौका, 25 फीसद दागी तो 45 फीसद धनकुबेर मैदान में

सतीश सिंह। लखनऊ

**उत्तरप्रदेश** विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण के मतदान को लेकर शनिवार को चुनाव प्रचार का शोर थम गया। नौ जिलों की 55 सीटों पर सोमवार को होने वाले मतदान में 586 उम्मीदवारों के भाग्य पर जनता की मोहर लगेगी। इस चरण में बसपा के पास खोने के लिए एक भी सीट नही है इसलिए यह चरण बसपा के लिए फायदे का सौदा बन सकता है। वहीं इस बार चुनावी मैदान में 25 फीसद दागी के साथ ही 45 फीसद धन कुबेर मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। यानी बाहुबल के साथ धनबल भी विधानसभा पहुचेंगे। टिकट बंटवारे में बसपा की तरफ से केवल दो रनर अप को दोबारा मौका दिया गया है। इनमें रामपुर मनिहारन सुरक्षित से वर्ष 2012 में बसपा विधायक रहे रविंद कुमार मोल्हू को पार्टी ने दोबारा मौका दिया है। वहीं कुंदरकी से मो. रिजवान पर भी पार्टी ने भरोसा जताते हुए दोबारा मौका दिया है। इनके अलावा दूसरे दलों से आये नेता और नए चेहरे को पार्टी ने मैदान में उतारा है। 2017 में कांग्रेस के टिकट पर रनर रहे नोमान मसूद को पार्टी ने उनके घर की सीट पर मौका दिया है। इसी तरह पिछले चुनाव में सपा से रनर रुचिवीरा पर पार्टी ने भरोसा जताया है। इनके अलावा बढ़ापुर से मो गाजी के अलावा धामपुर सीट पर मूलचन्द्र चौहान व अन्य इस लिस्ट में शामिल है। पार्टी की तरफसे आधी आबादी के रूप में शामिल सात फीसद आबादी पर भी भरोसा जताते हुए 4 महिलाओं को टिकट दिया है।



### 45 फीसद धनकुबेर आजमा रहे किस्मत

**अगर** हम करोड़पति उम्मीदवारों कि बात करे तो 584 में से 45 फीसद दूसरे चरण में करोड़पति उम्मीदवार है। करोड़पति उम्मीदवारों की दलवार की बात करें तो बीजेपी के 53 में से 98 फीसद समाजवादी पार्टी के 52 में से 92 फीसद बसपा के 55 में से 84 फीसद आरएलडी के तीन में से 67 फीसद कांग्रेस के 54 में से 57 फीसद और 49 में से 33 फीसद आप पार्टी के उम्मीदवार करोड़पति हैं। जिनकी घोषित संपत्ति 1 करोड़ से ज्यादा है।

### पिछले चुनाव में 10 सीटों पर पार्टी रही दूसरे नंबर पर

बात अगर पिछले चुनाव की करें तो पार्टी 10 सीटों पर रनर की भूमिका में रही जबकि 2017 में 17 व इस बार 23 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे हैं। वर्ष 2012 के चुनाव में पार्टी के खाते में 14 सीटें आई थी। वहीं पार्टी 12 सीटों पर दूसरे नम्बर पर रही।

### 25 फीसद दागी मैदान में

दूसरे चरण में चुनाव लड़ने वाले 586 में से 584 उम्मीदवारों में से 25 फीसद उम्मीदवार दागी हैं। इनमे समाजवादी पार्टी के 52 में से 67 फीसद कांग्रेस के 54 में से 43 फीसद बसपा के 55 में से 36 फीसद बीजेपी के 53 में से 34 फीसद आरएलडी के तीन में से 33 फीसद और 49 में से 14 फीसद आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार दागी हैं।

### दागी में पिता पहले स्थान पर तो बेटा तीसरे पर

दूसरे चरण में उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामलों में पहले स्थान पर रामपुर से समाजवादी पार्टी के मोहम्मद आज़म खान जिनके ऊपर 87 मामले दर्ज है। दूसरे स्थान पर चमरौआ से समाजवादी पार्टी के नसीर अहमद खान हैं जिनके ऊपर 30 मामले और तीसरे स्थान पर समाजवादी पार्टी के स्वार विधानसभा क्षेत्र से मोहम्मद अब्दुल्लाह आज़म खान हैं।

### नवाब काजीम अली खान धनकुबेरों में शीर्ष पर

धनकुबेरों में पहले स्थान पर कांग्रेस के रामपुर से उम्मीदवार नवाब काजिम अली खान है जिन्होंने अपनी संपत्ति 296 करोड़ बतायी है। दूसरे स्थान पर बरेली कैन्ट से समाजवादी पार्टी की सुप्रिया एरन है जिनकी संपत्ति 157 करोड़ है। वहीं तीसरे स्थान पर बीजेपी के अमरोहा से देवेन्द्र नागपाल हैं जिन्होने अपनी संपत्ति 140 करोड़ बतायी है।

### 33 फीसद उम्मीदवारों की योग्यता इंटर तक

दूसरे चरण में 33 फीसद उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5वीं और 12वीं के बीच घोषित की है। जबकि 52 फीसद उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा घोषित की हैं। पांच उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता डिप्लोमा धारक घोषित की हैं वहीं 67 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर और 12 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता असाक्षर घोषित की है। दो उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता घोषित नहीं की है।

# जितेंद्र प्रसाद की कोठी में खिंचे पाले

**बीच में रह गई विरासत**

भाषा। शाहजहांपुर

**कभी** शाहजहांपुर और आसपास के कई जिलों की राजनीति का केंद्र रही दिवंगत वरिष्ठ कांग्रेस नेता जितेंद्र प्रसाद उर्फ बाबा साहब की 124 साल पुरानी मशहूर कोठी के दो हिस्से अब दो परस्पर विरोधी पार्टियों के लिए विधानसभा चुनाव के वार रूम में तब्दील हो गए हैं। कभी देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के अध्यक्ष पद के दावेदार रहे जितेंद्र प्रसाद की कोठी एक जमाने में इलाकाई राजनीति का केंद्र हुआ करती थी और यहीं से चुनाव की रणनीतियां बना करती थीं, लेकिन वक्त बदलने के साथ उनके वारिसों की राजनीतिक आस्था बदल गई और 16 एकड़ क्षेत्र में बनी 124 साल पुरानी इस कोठी में दो पाले खिंच गए। एक पाले में जितेंद्र के बेटे और हाल में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए प्रदेश के मौजूदा प्राविधिक शिक्षा मंत्री जितिन प्रसाद और दूसरे में जितेंद्र के भतीजे समाजवादी पार्टी नेता जएश प्रसाद हैं। बीच में रह गई जितेंद्र प्रसाद की विरासत। पूर्व में, कांग्रेस की सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे जितिन प्रसाद अपनी चुनावी सभाओं में खास तौर पर ब्राह्मण मतदाताओं से अपनी इज्जत की दुहाई दे रहे हैं। जितिन की एक जनसभा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह कह रहे हैं, भाजपा प्रत्याशियों को जिताओ। हमारा सीना चौड़ा हो जाएगा तभी तो हम भविष्य में आप के लिए लड़ सकते हैं। नहीं तो नेतृत्व कहेगा कि काहे के नेता और काहे इन्हें पद दिया जाए। कभी कांग्रेस के प्रमुख ब्राह्मण चेहरों में शुमार किए जाने वाले जितिन प्रसाद पिछले साल के शुरू में प्रदेश के भाजपा शासन में ब्राह्मणों पर हुए कथित अत्याचार का मुद्दा ब्राह्मण चेतना परिषद के बैनर तले जोर-शोर से उठा रहे थे। बाद में जून 2021 में वह भाजपा में शामिल हो गए और भाजपा ने



जितिन प्रसाद




जएश प्रसाद

उन्हें न सिर्फ विधान परिषद सदस्य बनाया बल्कि कैबिनेट मंत्री का पद भी दे दिया। दूसरी ओर, जितिन के चचेरे भाई जएश प्रसाद सपा के पक्ष में वोट मांग रहे हैं।

जितेंद्र की विरासत किस तरफ जा रही है, इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, जितेंद्र प्रसाद जी की विरासत शाहजहांपुर की जनता तय करेगी। जिसको वह समर्थन करेगी, विरासत उसी की होगी। मेरी जितिन प्रसाद से विरासत की कोई लड़ाई नहीं है। बस विचारधारा की लड़ाई है। उन्होंने सवाल उठाया, अभी आठ महीने पहले तक वह ब्राह्मण चेतना परिषद के बैनर तले भाजपा शासन काल में ब्राह्मणों के उत्पीड़न का मुद्दा उठा रहे थे। जिस दिन उन्होंने भाजपा का दामन थामा उसके बाद से उनकी नजरों में भाजपा सरकार द्वारा एक भी ब्राह्मण को प्रताड़ित नहीं किया गया। प्रसाद ने दावा किया, ब्राह्मणों के एक हजार से ज्यादा ऐसे परिवार हैं जिन्हें बेवजह प्रताड़ित किया गया। हमारे पड़ोसी जिले में अनुपम दुबे बहुत ही प्रतिष्ठित व्यक्ति थे, उनको प्रताड़ित किया गया। वह अब भी शायद जेल में ही हैं। हमारे जिले में ढाबा चलाने वाले एक बाजपेई जी की अपनी जमीन थी, उस पर प्रशासन ने बुलडोजर चलवा दिया। यह सब प्रमाण है कि भाजपा ब्राह्मण विरोधी सरकार है और पूरे पांच साल तक उसने ब्राह्मणों को तुच्छ नजर से देखा है। उन्होंने विश्वास जताया कि शाहजहांपुर की सभी छह विधानसभा सीटें समाजवादी पार्टी ही जीतेगी। शाहजहांपुर में विधानसभा की छह सीटें हैं। शाहजहांपुर सदर सीट पर खास तौर पर सबकी नजर है। यहां से प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना भाजपा प्रत्याशी हैं जबकि उनके मुकाबले सपा से तनवीर खान, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से सर्वेश कुमार तथा कांग्रेस से पूनम पांडे उम्मीदवार हैं। सदर सीट से सुरेश खन्ना लगातार आठ बार से विधायक चुने गए हैं। इस बार उनका यह नौवां चुनाव है। जिले में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत आगामी 14 फरवरी को मतदान होगा।

# देश में निजी क्रिप्टोकरेंसी के भविष्य पर अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकताः वित्त राज्य मंत्री

● संवाददाताओं से कहा, क्रिप्टोकरेंसी को रिजर्व बैंक या सरकार की ओर से नही दी गई है कोई मान्यता



**भाषा।** इंदौर

**वित्त राज्य** मंत्री डॉ. भागवत कराड ने शनिवार को कहा कि देश में चल रही निजी क्रिप्टोकरेंसी वैध नहीं है और भविष्य में इसकी वैधानिक स्थिति के बारे में फिलहाल कुछ भी नहीं कहा जा सकता। कराड ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, भारत में (निजी) क्रिप्टोकरेंसी को रिजर्व बैंक या सरकार की ओर से कोई मान्यता नहीं दी गई है। क्रिप्टोकरेंसी देश में फिलहाल वैध नहीं है।

वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि वह अभी नहीं बता सकते कि भविष्य में निजी क्रिप्टोकरेंसी को वैध किया जाएगा या नहीं? उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में सरकार के शीर्ष स्तर पर चर्चा होने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। ऐसी खबरें हैं कि कुछ लोगों ने (निजी) क्रिप्टोकरेंसी में निवेश किया है। लिहाजा क्रिप्टोकरेंसी के लेन-देन से अर्जित लाभ पर 30 प्रतिशत कर लगाने का प्रस्ताव हाल ही में पेश आम बजट में किया गया है। वित्त राज्य मंत्री ने इस सवाल का सीधा जवाब नहीं दिया कि क्या वह जनता को आश्वस्त कर सकते हैं कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद पेट्रोल-डीजल के दामों में इजाफा नहीं होगा? उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले साल दीपावली पर पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क की दरों में क्रमशः पांच और 10 रुपए प्रति लीटर की कटौती की थी। तब प्रधानमंत्री ने देश के तमाम मुख्यमंत्रियों से आह्वान किया था कि वे भी पेट्रोलियम पदार्थों पर राज्यों के कर घटाएं। कराड ने भाजपा के विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया, जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है, वहां तो (प्रधानमंत्री के आह्वान पर) पेट्रोल-डीजल पर कर घटा दिए गए। लेकिन गैर भाजपा शासित सूबों में पेट्रोलियम पदार्थों पर करों में कटौती नहीं की गई। उन्होंने दावा किया कि भाजपा शासित मध्यप्रदेश की तुलना में महाराष्ट्र में पेट्रोल-डीजल के दाम बहुत ज्यादौ हैं। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश के पड़ोसी महाराष्ट्र में शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और कांग्रेस की गठबंधन सरकार है। कराड ने कहा कि केंद्र सरकार ने आम बजट में प्रावधान करते हुए चीन से छाते सरीखी वस्तुओं के आयात पर कर बढ़ा दिया है ताकि वोकल फॉर लोकल की परिकल्पना के तहत भारत के छोटे उद्यमों को प्रोत्साहित किया जा सके। वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत काल में पेश बजट से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# गैर-ऊर्जा क्षेत्र को आपूर्ति बढ़ाने के लिए कोल इंडिया के पास कोयले का पर्याप्त बफर भंडार

**भाषा।** नई दिल्ली

**सार्वजनिक क्षेत्र** के उपक्रम कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने शनिवार को कहा कि गैर-ऊर्जा क्षेत्र को वह अभी प्रतिदिन करीब 3.4 लाख टन कोयले की आपूर्ति कर रहा है जो इस क्षेत्र को कंपनी की ओर से की जाने वाली औसत आपूर्ति है। सीआईएल ने कहा कि क्षेत्र को आपूर्ति बढ़ाने के लिए उसके पास कोयले का पर्याप्त बफर भंडार है।

इस्पात और एल्युमिनियम समेत विभिन्न क्षेत्रों में निजी उपयोग वाले बिजली संयंत्रों में ईंधन की कमी की खबरों के बीच सीआईएल का यह बयान महत्वपूर्ण है। गैर-ऊर्जा क्षेत्र (एनपीएस) एक वित्त वर्ष के दौरान घरेलू कोयले के साथ मिश्रण के लिए करीब 17 करोड़ टन कोयले का आयात करता है। लेकिन चालू वित्त वर्ष में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोयले की कीमतों में आई तेजी से आवश्यक मात्रा में कोयले का आयात करना मुश्किल हुआ जिससे कोयले की कमी की समस्या का सामना करना पड़ा।

महारत्न उपक्रम सीआईएल ने एक बयान में कहा, कोल इंडिया ने चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से जनवरी के बीच एनपीएस को 10.17 करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की जो 2019-2020 में महामारी से पहले के समय के 9.4 करोड़ टन से 8.2 फीसदी अधिक है। इस अवधि में, ऊर्जा क्षेत्र में आपूर्ति की तुलना में गैर-ऊर्जा क्षेत्र के ग्राहकों को आपूर्ति में वृद्धि कहीं अधिक दर से हुई। कंपनी ने कहा, गैर-ऊर्जा क्षेत्र को आपूर्ति बढ़ाने के लिए सीआईएल के पास पर्याप्त बफर भंडार है। कोयले की उपलब्धता को लेकर कोई समस्या नहीं है।

## क्विक न्यूज

### देवाशीष मित्रा आईसीएआई के अध्यक्ष अनिकेत सुनील तलाटी उपाध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने शनिवार को कहा कि देवाशीष मित्रा को 2022-23 के कार्यकाल के लिए संस्था का अध्यक्ष चुना गया है। एक विज्ञप्ति के अनुसार अनिकेत सुनील तलाटी आईसीएआई के उपाध्यक्ष होंगे। आईसीएआई में 3.40 लाख से अधिक सदस्य और सात लाख से अधिक छात्र है। दोनों पदाधिकारियों ने शनिवार को कार्यभार संभाला।

### जैन इरिगेशन सिस्टम्स का घाटा तीसरी तिमाही में 72.03 करोड़ पर

**मुंबई।** जैन इरिगेशन सिस्टम्स ने शनिवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान आय बढ़ने से उसका संचई घाटा काम होकर 72.03 करोड़ रुपए रह गया। जैन इरिगेशन सिस्टम्स ने शेयर बाजार को बताया कि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कंपनी का घाटा 122.84 करोड़ रुपए था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय 20 प्रतिशत बढ़करI,613.75 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि मेंI,331.76 करोड़ रुपए थी।

### दिसंबर तिमाही में मुथूट फाइनेंस का शुद्ध मुनाफा चार फीसदी बढ़कर 1,044 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** मुथूट फाइनेंस का दिसंबर में खत्म तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ चार फीसदी बढ़करI,043.60 करोड़ रुपए हो गया। पिछले वर्ष समान अवधि में उसेI,006.60 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ था। कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया कि अक्टूबर-दिसंबर 2021-22 में उसकी कुल आय पांच फीसदी बढ़कर 3,168.10 करोड़ रुपए हो गई जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,016.40 करोड़ रुपए थी। समीक्षाधीन अवधि में ब्याज से होने वाली आय भी पांच फीसदी बढ़कर 3,086.70 करोड़ रुपए हो गई।

### वाणिज्यिक खनन के लिए अब तक 42 कोयला खदानों की नीलामी की गईः सरकार

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक खनन के लिए सरकार अब तक कुल 42 कोयला खदानों की नीलामी कर चुकी है। कोयला मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि इन ब्लॉक में दस कोयला खदानों की नीलामी तीसरे दौर में इस हफ्ते ही की गई है। बयान में कहा गया, वाणिज्यिक कोयला खनन के लिए नीलामी प्रक्रिया के तहत अब तक कुल 42 कोयला खदानों की नीलामी की गई है। इसमें कहा गया कि इस हफ्ते जो दस ब्लॉक बिके है उनसे 2,858.20 करोड़ रुपए का सालाना राजस्व मिलने का अनुमान है।

### ग्रांथम रिसर्च इंस्टीट्यूट में विजिटिंग प्रोफेसर बने सुरेश प्रभु

**नई दिल्ली।** द ग्रांथम रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑन क्लाइमेट चेंज एंड द एनवायरनमेंट ने राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु को विजिटिंग प्रोफेसर नियुक्त करने की घोषणा की है। इस सूचना की पुष्टि करते हुए प्रभु ने कहा, समाज और अगली पीढ़ी की बेहतरी के लिए अपने अनुभव एवं ज्ञान का उपयोग करने को मैं हमेशा उत्सुक रहता हूं। प्रभु पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट और विधि स्नातक हैं। वह ऋषिहुड विश्वविद्यालय के संस्थापक चांसलर हैं। वह केंद्र सरकार में ऊर्जा, पर्यावरण एवं वन, रेलवे, नागर विमानन और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री रह चुके हैं।

### एयरएशिया ने कहा, एयर इंडिया के साथ यात्री स्थानांतरण समझौता सामान्य व्यवहार

**नई दिल्ली।** किफायती विमान वाहक एयरएशिया इंडिया ने शनिवार को कहा कि परिचालन में व्यवधान की स्थिति में यात्री स्थानांतरण के लिए एयर इंडिया के साथ उसका समझौता एक सामान्य व्यवहार है और उसने अन्य विमानन कंपनियों के साथ भी इसी तरह की व्यवस्था की है। एयर इंडिया और एयरएशिया इंडिया ने एक समझौता किया है, जिसके तहत संचालन में व्यवधान की स्थिति में वे एक-दूसरे के यात्रियों को ले जा सकेंगी। एयरएशिया के एक प्रवक्ता ने शनिवार को एक बयान में कहा, यह एक मानक समझौता है, जो विमानन कंपनियों के परिचालन में अंतिम समय में व्यवधान की स्थिति में मेहमानों को समायोजित करने की व्यवस्था देता है। हमारा पहले ही लगभग सभी अन्य भारतीय विमान वाहकों के साथ इस तरह का समझौता है। एयरएशिया और एयर इंडिया, दोनों विमानन कंपनियां टाटा समूह का हिस्सा हैं।

### श्रम मंत्रालय ने ईएसआईसी स्वास्थ्य जांच योजना का 15 शहरों तक विस्तार किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के 40 वर्ष से अधिक आयु के सदस्यों के लिए वार्षिक स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम के दायरे को मौजूदा पांच शहरों से बढ़ाकर 15 शहरों तक कर दिया गया है। इस योजना को दिसंबर 2021 में पायलट आधार पर अहमदाबाद, फरीदाबाद, हैदराबाद, वाराणसी और कोलकाता में ईएसआई अस्पतालों में लागू किया गया था। ईएसआईसी की 187वी बैठक को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि अब तक पांच शहरों में लागू इस योजना के परिणाम संतोषजनक हैं। उन्होंने बताया कि अब ईएसआईसी ने अपनी बैठक में पायलट योजना के दूसरे चरण को मंजूरी दी है और इसे कुल 15 शहरों तक बढ़ाया गया है।

### मुंबई-नागपुर बुलेट ट्रेन परियोजना की डीपीआर जल्द तैयार होगी, मंत्री दानवे ने कहा

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे ने शनिवार को कहा कि प्रस्तावित मुंबई-नागपुर हाई स्पीड रेल कॉरिडोर, जिसे आमतौर पर बुलेट ट्रेन परियोजना कहा जाता है, उसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) इस महीने के अंत तक या मार्च के पहले सप्ताह तक तैयार हो जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र ने किसानों और कृषि क्षेत्र की मदद के लिएI,900 किसान रेल सेवाएं चलाई है, जिसमें 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है। इस संबंध में 90 करोड़ रुपए की राशि पहले ही आवंटित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सात कॉरिडोर के लिए बुलेट ट्रेन की डीपीआर का काम चल रहा है।

# एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया निफ्टी 100 इंडेक्स फंड

**मुंबई।** म्यूचुअल फंड में निवेश करने वाले लोगों के लिए निवेश का नया मौका खुलने जा रहा है। एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट ने दो न्यू फंड ऑफर लॉन्च करने का एलान किया हैए जिसमें एचडीएफसी निफ्टी 100 इंडेक्स फंड और एचडीएफसी निफ्टी 100 इक्वल वेट इंडेक्स फंड शामिल हैं। एएमसी ने एक बयान में कहा कि एचडीएफसी निफ्टी 100 इंडेक्स फंड औरएचडीएफसी निफ्टी 100 इक्वल वेट इंडेक्स फंड को एचडीएफसी म्यूचुअल फंड इंडेक्स सॉल्यूशन के हिस्से के रूप में पेश किया गया है। कंपनी का दावा है कि दोनों एनएफओ को उन निवेशकों के लिए लॉन्च किया गया हैए जो निफ्टी 100 इंडेक्स और निफ्टी 100 इक्वल वेट इंडेक्स की परफॉर्मेंस के अनुरूप रिटर्न चाहते हैं। ये एनएफओ 11 फरवरी 2022 को खुले और 18 फरवरी 2022 को बंद होंगे। दोनों ही स्कीम में कम से कम 5000 रुपए से निवेश की शुरुआत कर सकते हैं। फंड हाउस ने कहा कि ये भारत के लार्ज कैप में निवेश का एक आसान तरीका प्रदान करते हैं। 31 दिसंबर 2021 तक के आंकड़ों के अनुसारए मार्केट कैप के आधार पर लिस्टेड भारतीय कंपनियों में 68 फीसदी हिस्सेदारी लॉर्ज कैप की है। एचडीएफसी एएमसी के एमडी और सीईओ नवनीत मुनोट ने कहा कि ये दो एनएफओ ग्राहकों को भारत की 100 सबसे बड़ी कंपनियों में निवेश की सुविधा देंगे।

### रिलायंस इंफ्रा का घाटा दिसंबर तिमाही में 107 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने शनिवार को बताया कि 31 दिसंबर 2021 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसका संचई शुद्ध घाटा 106.91 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि इससे एक साल पहले की समान अवधि में उसने 80.08 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### रिलायंस का दुनिया के सबसे बड़े ब्लू हाइड्रोजन उत्पादकों में शामिल होने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने वैश्विक स्तर पर ब्लू हाइड्रोजन के सबसे बड़े उत्पादकों में शामिल होने का लक्ष्य तय किया है। इसके साथ ही रिलायंस ने शून्य उत्सर्जन वाले इसी ईंधन को वैश्विक औसत उत्पादन लागत के मुकाबले आधी कीमत पर तैयार करने की बात कही है। रिलायंस ने एक प्रस्तुति में कहा कि कंपनी इस समय पेट्रोलियम कोक को संश्लेषण गैस में परिवर्तित करने वाले 30,000 करोड़ रुपए के संयंत्र को ब्लू हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए फिर से तैयार करेगी। हाइड्रोजन अभी तक ज्ञात ईंधनों में सबसे स्वच्छ ईंधन है, और उत्पादन के तरीके के आधार पर यह हरा, नीला या ग्रे हो सकता है। इनमें ब्लू हाइड्रोजन को कार्बन सापेक्ष भी कहा जाता है, क्योंकि इससे वातावरण में उत्सर्जन का फैलाव नहीं होता है। रिलायंस ने 2035 तक अपने व्यवसायों के लिए शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### मीशो के हेल्थ प्रोडक्ट्स की मांग में वृद्धि

**मुंबई।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते इंटरनेट कॉमर्स प्लेटफॉर्म मीशो ने वेलेंटाइन डे से पहले परिधान,व्यक्तिगत देखभाल, गहने, सॉफ्ट टॉय और सैक्सुअल हेल्थ प्रोडक्ट्स की बिक्री में काफी वृद्धि दर्ज की है। इससे इन श्रेणियों में ऑर्डर में औसतन 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्यार के इस मौसम में इस साल पुरुषों की तुलना में 2 गुना अधिक महिलाएं उपहारों की खरीदारी कर रही हैं। मीशो ने महानगरों की तुलना में विशाखापत्तनम, गुवाहाटी, अगरतला, भुवनेश्वर, विजयवाड़ा, रायपुर और कोयंबटूर जैसे शहरों से ऑर्डर में 2 गुना वृद्धि देखी है। उत्कर्ष कुमार सीएक्सओ बिजनेस एट मीशो के अनुसार देश में वैल्यू ई-कॉमर्स मार्केट में अपार संभावनाएं हैं। मीशो में हम देश भर के ग्राहकों के लिए विविध प्रोडक्ट्स को सुलभ बना रहे हैं और साथ ही कीमत से जुड़े इश्यू का समाधान भी पेश कर रहे हैं। जैसे ही लोगों ने वेलेंटाइन डे मनाने के लिए खरीदारी की शुरुआत की है, हमने ऑर्डर में 1.5 गुना की वृद्धि देखी है। यह देखना दिलचस्प है कि इस मांग का 80 प्रतिशत हिस्सा टियर 2 प्लस शहरों से उभर रहा है। स्पष्ट है कि आज के ग्राहक डिजिटल रूप से जानकार हैं और अपनी जरूरतों के लिए खरीदारी करने के एक सुरक्षित साधन के रूप में ई.कॉमर्स की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। कई श्रेणियों में 77 मिलियन से अधिक यूनिक प्रोडक्ट्स तक पहुंच प्रदान करता है।

### वाणिज्य मंत्रालय तीन देशों के एक रसायन पर निर्यात सब्सिडी देने की कर रहा है जांच

**नई दिल्ली।** भारत ने शैम्पू, साबुन और डिटर्जेंट जैसे व्यक्तिगत देखभाल वाले उत्पादों के विनिर्माण में उपयोगी एक रसायन के निर्यात पर इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड द्वारा कथित सब्सिडी दिए जाने की जांच शुरू की है, जो यहां घरेलू उद्योग को प्रभावित कर रहा है। एक घरेलू फर्म की शिकायत के बाद वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय ने इस बात की जांच शुरू कर दी है कि क्या इन देशों में संतृप्त वसायुक्त अल्कोहल के निर्यात के लिए सब्सिडी कार्यक्रम से घरेलू उद्योग प्रभावित हो रहा है।

### विश्व सतत् विकास शिखर सम्मेलन 16 से 18 फरवरी तक

**नई दिल्ली।** द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) के वार्षिक कार्यक्रम, 21वां विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन (डब्ल्यूएसडीएस), 2022 का आयोजन 16 से 18 फरवरी तक डिजिटल माध्यम से होगा। टेरी की महानिदेशक डॉ. विभा धवन ने कहा, विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन किसी विकासशील देश द्वारा आयोजित अपनी तरह का इकलौता आयोजन है। इसमें दुनिया भर से राजनीतिज्ञों, विज्ञान विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को आमंत्रित किया जाता है। टेरी की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक 20 से अधिक वर्षों से आयोजित होता आ रहा यह कार्यक्रम विचार-विमर्श के जरिए सतत विकास और जलवायु कार्वाई पर विभिन्न विचारों को सफलतापूर्वक सामने लाता रहा है ताकि राजनीतिक प्रतिष्ठानों और नागरिक समाज को कार्वाई के लिए संवेदनशील बनाया जा सके।

# सीबीआई ने 22,842 करोड़ रुपए के सबसे बड़े बैंक धोखाधड़ी मामले में एबीजी के खिलाफ मुकदमा किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**सीबीआई** ने देश के सबसे बड़े बैंक धोखाधड़ी मामले में एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड और उसके तत्कालीन अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ऋषि कमलेश अग्रवाल सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि यह मुकदमा भारतीय स्टेट बैंक की अगुवाई वाले बैंकों के एक संघ से कथित रूप से 22,842 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी के संबंध में दर्ज किया गया। एजेंसी ने अग्रवाल के अलावा तत्कालीन कार्यकारी निदेशक संथानम मुथास्वामी, निदेशकों- अश्विनी कुमार, सुशील कुमार अग्रवाल और रवि विमल नेवेतिया और एक अन्य कंपनी एबीजी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भी कथित रूप से आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और आधिकारिक दुरुपयोग जैसे अपराधों के लिए मुकदमा दर्ज किया। उन्होंने कहाकि इन लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा किया गया है। बैंकों के संघ ने सबसे पहले आठ नवंबर 2019 को शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर सीबीआई ने 12 मार्च 2020 को कुछ स्पष्टीकरण मांगा था। बैंकों के संघ ने उस साल अगस्त में एक नई शिकायत दर्ज की और डेढ़ साल से अधिक समय तक जांच करने के बाद सीबीआई ने इस पर कार्रवाई की।

# स्पष्टवक्ता, निडर उद्योगपति, जिन्होंने मध्यमवर्ग की आकांक्षाओं को पंख दिए

**भाषा।** नई दिल्ली

राहुल बजाज की जीवनी



**उदारीकरण** से पहले के दौर में भारत में हमारा बजाज धुन एक वक्त मध्यमवर्गीय भारतीय परिवारों की महत्वाकांक्षा का प्रतीक थी और उनके बेहतर भविष्य की आकांक्षाओं को प्रतिध्वनित करती थी। यह धुन थी बजाज ऑटो की और इसके पीछे बेहद बड़े कद वाले बेखौफ उद्योगपति थे राहुल बजाज। स्पष्ट और खुलकर बोलने वाले राहुल बजाज ने परमिट राज के दौरान दो पहिया और तीन पहिया वाहनों का ब्रांड स्थापित करके अपना दम दिखाया था। बजाज समूह के पूर्व चेयरमैन राहुल बजाज का शनिवार को पुणे में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। उन्होंने बजाज ऑटो में गैर-कार्यकारी निदेशक और चेयरमैन पद से पिछले वर्ष 30 अप्रैल को इस्तीफा दिया था हालांकि वह चेयरमैन एमेरिटस बने रहे। बिना लाग लपेट के अपनी बात रखने वाले बजाज कूटनीति में पारंगत अन्य उद्योगपतियों से अलग थे, साफगोई उनकी खासियत थी भले इसकी वजह से सरकार के साथ ठन जाए, चाहे अपने खुद के बेटे के साथ आमना-सामना हो जाए।

नवंबर 2019 की बात है, उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह, समेत मंत्रियों के एक समूह पर चुभने वाले सवाल दाग दिए थे। राहुल बजाज का जन्म 10 जून 1938 को कलकत्ता में हुआ था। उनके दादा जमनालाल बजाज ने 1926 में बजाज समूह की स्थापना की थी। बजाज ने दिल्ली के स्टीफन कॉलेज से स्नातक और अमेरिका के हार्वर्ड बिजने स्कूल से एमबीए किया। अपने पिता कमलनयन बजाज की टीम में उप महाप्रबंधक के रूप में उन्होंने काम शुरू किया और 1968 में 30 साल की उम्र में वह मुख्य कार्यपालक अधिकारी बने। ऑटोमोबाइल, जनरल बीमा तथा जीवन बीमा, निवेश एवं उपभोक्ता फाइनेंस, घरेलू उपकरण, इलेक्ट्रिक लैंप, पवन ऊर्जा, स्टेनलेस स्टील जैसे क्षेत्रों में कारोबार करने वाले बजाज समूह का नेतृत्व संभालकर उन्होंने इसे वृद्धि के रास्ते पर बढ़ाया। उनके नेतृत्व में बजाज ऑटो का कारोबार 7.2 करोड़ रुपए से बढ़कर 12,000 करोड़ रुपए हो गया। 2008 में उन्होंने बजाज ऑटो को तीन इकाईयों-बजाज ऑटो, बजाज फिनसर्व और एक होल्डिंग कंपनी में बांटा। उनके बेटे राजीव बजाज और संजीव बजाज ऑटो और फाइनेंस कंपनियों को संभाल रहे हैं। कंपनी का बजाज चेतक स्कूटर मध्यमवर्गीय भारतीय परिवारों की आकांक्षा का प्रतीक बना।

# पेज एक का शेष

## दो साल...

करेगा तो शिक्षक उस पर दबाव नहीं बनाएंगे। वहीं, बच्चों के जोड़े के साथ समूह का गठन किया जाएगा, जिससे बच्चे खुलकर अपनी बात रख सकें। छात्रों को कविता या चित्र के माध्यम से भी उनके लॉकडाउन का अनुभव साझा करने के लिए कहा जा सकता है। निदेशालय ने शिक्षकों को कक्षा छह से आठ तक के छात्र-छात्राओं के साथ उनकी आशाओं, अपेक्षाओं और आकांक्षाओं के बारे में बात करने का निर्देश दिया है। वहीं, छात्रों को करीब दो सप्ताह तक आमने-सामने अनौपचारिक चर्चा करने का निर्देश है।

## बंगाल राज्यपाल...

आधिकारिक आदेश को सोशल मीडिया के जरिए सार्वजनिक कर रहे हैं। टीएमसी के राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर रॉय ने कहा कि यह अभूतपूर्व है और अन्यायपूर्ण कार्रवाई है। देश के किसी राज्यपाल ने ऐसा पहले कभी नहीं किया। राज्यपाल ने अपने संवैधानिक कर्तव्यों का उल्लंघन किया है, क्योंकि राज्य के दो सत्रों के बीच छह माह का अंतराल होना चाहिए। टीएमसी नेता ने संकेत दिया कि राज्य सरकार इस फैसले के खिलाफ कोर्ट जा सकती है। पार्थो चटर्जी ने कहा कि कैसे राज्यपाल विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को रोक रहे थे। हम बंगाल में अब तक का सबसे अधिक पक्षपाती राज्यपाल देख रहे हैं। पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि राज्यपाल के शनिवार के कदम से साबित हो गया कि उन्होंने राजभवन को भाजपा पार्टी कार्यालय में तब्दील कर दिया है। आलोचकों ने धनखड़ की कार्रवाई को उस संभावित कदम को विफल करने की कवायद बताया जिसमें राज्य सरकार राज्यपाल के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव लाने की संभावना थी।

## टीएमसी में...

का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि नए पदाधिकारियों के नाम पार्टी अध्यक्ष घोषित करेंगी। मुख्यमंत्री के अलावा एनडब्ल्यूसी में डॉ. अमित मित्रा, पार्थ चटर्जी, फिरहाद हकीम, सुब्रत बख्शी, सुदीप बंदोपाध्याय, अभिषेक बनर्जी, अनुब्रत मंडल, अरूप विश्वास, यशवंत सिन्हा, आशिमा पात्रा, ज्योतिप्रिया मलिक, गौतम देब राजीव त्रिपाठी शामिल हैं।

## जानेमाने उद्योगपति...

तथा बेटी सुनैना केजरीवाल हैं। राहुल बजाज का जन्म 10 जून 1938 को हुआ था। उन्होंने ऑटोमोबाइल, जनरल बीमा तथा जीवन बीमा, निवेश एवं उपभोक्ता फाइनेंस, घरेलू उपकरण, इलेक्ट्रिक लैंप, पवन ऊर्जा, स्टेनलेस स्टील जैसे क्षेत्रों में कारोबार करने वाले बजाज समूह का नेतृत्व किया। उन्होंने बजाज समूह के कारोबार की कमान 1965 में संभाली और इसे वृद्धि के रास्ते पर बढ़ाया। उनके नेतृत्व में बजाज ऑटो का कारोबार 7.2 करोड़ रुपए से बढ़कर 12,000 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी का बजाज चेतक स्कूटर मध्यमवर्गीय भारतीय परिवारों की आकांक्षा का प्रतीक बना और उस दौर में हमारा बजाज धुन उनके बेहतर भविष्य की आकांक्षाओं को प्रतिध्वनित करने लगी। 2005 में उन्होंने कंपनी की जिम्मेदारी धीरे-धीरे अपने बेटे राजीव बजाज को सौंपनी शुरू की। राजीव बजाज ऑटो के प्रबंध निदेशक बन गए और कंपनी को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया। देश के सबसे उद्योगपतियों में से एक बजाज जून 2006 में राज्यसभा में मनोनीत हुए और 2010 तक सदस्य रहे। राहुल बजाज को पद्मभूषण से सम्मानित किया गया था तथा कई विश्वविद्यालयों से डॉक्टरेट की मानद उपाधि दी गई। वह इंडियन एयरलाइंस के चेयरमैन, आईआईटी-बॉम्बे के निदेशक मंडल के चेयरमैन समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। राहुल बजाज ने दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातक किया था। उन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई की थी और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एमबीए किया था। बजाज के निधन पर भारतीय उद्योग जगत के लोगों ने दुख जताया। महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने ट्विटर पर लिखा, राहुल भाई सलाह देने, मनोबल बढ़ाने के लिए आपका आभार। भारतीय कारोबार पर आपकी अमिट छाप रहेगी। बायोकॉन की कार्यकारी चेयरपर्सन किरण मजूमदार शॉ ने ट्वीट किया, उद्योगपति एवं बजाज समूह के पूर्व चेयरमैन राहुल बजाज का 83 वर्ष की आयु में निधन। मैं बहुत दुखी हूं। वह बहुत ही प्रिय मित्र थे। देश ने एक महान बेटा और राष्ट्र निर्माता खो दिया। टीवीएस मोटर कंपनी के चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन ने कहा, वह भारतीय वाहन उद्योग गढ़ने वाले चुनिंदा सितारों में से एक थे। वह गुणवत्ता और प्रौद्योगिकी की संस्कृति की स्थापना करने वाले अगुवा थे। रेमंड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गौतम हरि सिंघानिया ने एक बयान में कहा कि बजाज का निधन कॉरपोरेट जगत के लिए एक बड़ी क्षति है। आरपीजी समूह के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने ट्वीट किया, भारतीय कारोबार की रीढ़ टूट गई। करीबी पारिवारिक मित्र, वह दूरदृष्टा, स्पष्टवक्ता थे। एक युग का अवसान हुआ।

## अंतरराष्ट्रीय मादक...

मंगाए जा रहे थे। उन्होंने कहा कि कोलकाता में हमने मादक पदार्थ का एक पार्सल पकड़ा था और उसके बाद चले लंबे अभियान के बाद इस नेटवर्क का खुलासा हुआ। डार्कनेट के इस्तेमाल को रोकने के लिए साइबर निगरानी करने वाले हमारे विशेष जांच दल ने देश में चल रहे तीन बड़े बाजारों का पता लगाया है। डार्कनेट, अज्ञात क्रिप्टोकरेंसी के लेनदेन और फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए ये कारोबार किया जा रहा था। सिंह ने दावा किया कि कोविड-19 महामारी के बाद से मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त के लिए कुरियर पार्सल का इस्तेमाल बढ़ गया है। सिंह ने बताया कि चार महिलाओं सहित 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और वे न्यायिक हिरासत में हैं। एक व्यक्ति को परीक्षा में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दी गई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की उम्र 20-35 साल के बीच है। इनमें इंजीनियर, सॉफ्टवेयर विशेषज्ञ, चिकित्सक, वित्तीय सलाहकार, कारोबारी, एमबीए प्रोफेशनल, संगीतकार और स्कूल छोड़ चुके कुछ छात्र शामिल हैं। कुछ लोग 13-14 की उम्र से इन अवैध गतिविधियों में शामिल है।

## उप्र में...

के चुनाव में सोमवार को 55 सीट के लिए मतदान होगा। मतों की गिनती 10 मार्च को होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा, आप संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित कई शीर्ष नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में कई रैलियां कीं। निर्वाचन आयोग ने प्रत्यक्ष रैलियों पर लगे प्रतिबंधों को एक फरवरी से चरणबद्ध तरीके से हटा लिया था। चुनाव प्रचार थमने से पहले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा के सत्ता में आने पर राज्य में समान नागरिक संहिता लाने का वादा किया जिससे विवादास्पद मुद्दा एक बार फिर सुर्खियों में आ गया। धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता महिला सशक्तीकरण को मजबूत करने के अलावा सामाजिक सौहार्द और लैंगिक समानता को बढ़ावा देगी। राजनीतिक दलों ने कर्नाटक में चल रहे हिजाब से संबंधित विवाद का मुद्दा भी उठाया है। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन मोदी ने रुद्रपुर, आदित्यनाथ ने टिहरी और कोटद्वार में, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कपकोट, सल्ट तथा रामनगर में रैली की, जबकि शाह ने धनोल्टी, सहसपुर और रायपुर में रैलियों को संबोधित करने के अलावा हरिद्वार में घर-घर जाकर प्रचार किया और हर की पौड़ी में पूजा-अर्चना की। रुद्रपुर रैली में प्रधानमंत्री ने राज्य के लोगों से अपील की कि वे कांग्रेस के तुष्टीकरण के एजेंडे को चुनाव में सफल न होने दें। उन्होंने कहा कि यह लोगों के लिए विपक्षी पार्टी का सफाया करने का एक अवसर है जो पहले से ही कई राज्यों से उखड़ चुकी है। प्रियंका गांधी ने खटीमा और हल्द्वानी में अपनी रैलियों में महंगाई, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दों को उठाया। हालांकि आम आदमी पार्टी (आप) ने उत्तराखंड में चुनाव को त्रिकोणीय बनाने के लिए इन चुनावों में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस और भाजपा वर्ष 2000 में राज्य की स्थापना के बाद से उत्तराखंड में बारी-बारी से सत्ता में आती रही हैं। गोवा की 40 विधानसभा सीट पर कुल 301 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस राज्य में भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के अलावा गोवा फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी), महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी), राकांपा, शिवसेना, रिवोल्यूशनरी गोवांस, गोएंचो स्वाभिमान पार्टी, जय महाभारत पार्टी और संभाजी ब्रिगेड भी मैदान में हैं। इस बार गोवा में 68 निर्दलीय उम्मीदवार भी हैं जिनमें प्रमुख राजनीतिक दलों के बागी भी शामिल हैं। भाजपा के दिवंगत नेता मनोहर पर्रिकर के बेटे उत्पल पर्रिकर पणजी से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं क्योंकि भाजपा ने उन्हें इस सीट से टिकट नहीं दिया था। भाजपा, जिसने कोई भी चुनाव पूर्व गठबंधन नहीं किया है, तटीय राज्य में सत्ता बनाए रखने की कोशिश कर रही है। पिछले पांच वर्षों में गोवा में कांग्रेस के कई विधायकों ने पार्टी छोड़ दी और अब इसके केवल दो विधायक रह गए हैं। आम आदमी पार्टी यहां 39 सीट पर चुनाव लड़ रही है। उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण की 55 विधानसभा सीट के लिए प्रमुख दलों- भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस, रालोद के वरिष्ठ नेताओं ने अंतिम समय तक मतदाताओं को लुभाने की कोशिश की। सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, रामपुर, अमरोहा, बदायूं, बरेली और शाहजहांपुर जिलों में फैले इन विधानसभा क्षेत्रों से 586 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वर्ष 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में इन 55 सीटों में से भाजपा ने 38 जबकि सपा ने 15 और कांग्रेस ने दो सीटों पर जीत दर्ज की थी। सपा और कांग्रेस ने पिछला चुनाव गठबंधन कर लड़ा था। उत्तर प्रदेश में सात चरणों में विधानसभा चुनाव होना है।


## ईशान बने...

में गुजरात ने राहुल तेवतिया पर नौ करोड़ जबकि पंजाब ने शाहरूख खान के लिए इतनी ही धनराशि खर्च की और हरप्रीत बरार को 3.80 करोड़ रुपए में खरीदा। केकेआर ने 7.25 करोड़ रुपए में शिवम मावी को फिर से अपनी टीम से जोड़ा। सनराइजर्स ने राहुल त्रिपाठी के लिए 8.50 करोड़ रुपए और अभिषेक शर्मा के लिए 6.50 करोड़ रुपए की बोली लगाई। रॉयल्स ने रेयान पराग के लिए 3.80 करोड़ रुपए जबकि मुंबई ने दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को तीन करोड़ रुपए में अपनी टीम से जोड़ा। दिल्ली के विकेटकीपर अनुज रावत 3.40 करोड़ रुपए में आरसीबी से जबकि स्पिनर आर साई किशोर तीन करोड़ रुपए में गुजरात से जुड़े। भारत के स्टार लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को राजस्थान रॉयल्स ने छह करोड़ 50 लाख रुपए तथा राहुल चाहर को पंजाब किंग्स ने पांच करोड़ 25 लाख रुपए में खरीदा। दिल्ली ने कुलदीप यादव को दो करोड़ रुपए में अपनी टीम से जोड़ा।

# पुतिन और बाइडन में फोन पर हुई वार्ता

● यूक्रेन संकट

भाषा। मास्को





**यूक्रेन पर रूस** के आक्रमण की आशंकाओं के मद्देनजर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तथा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच फोन पर अति महत्वपूर्ण वार्ता शुरू हो गई है। बाइडन से बातचीत करने से पहले पुतिन ने फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों से बातचीत की।
मैक्रों संकट के समाधान के प्रयास के तहत इस सप्ताह के शुरू में पुतिन से मॉस्को में मिल भी चुके हैं। रूस ने यूक्रेन की सीमा पर एक लाख से ज्यादा सैनिकों का जमावड़ा कर रखा है और पड़ोसी देश बेलारूस में युद्धाभ्यास के लिए अपने सैनिक भेजे हैं। हालांकि रूस लगातार इस बात से इनकार करता रहा है कि वह यूक्रेन पर आक्रमण करने वाला है। अमेरिका के विदेश विभाग के शनिवार को यात्रा परामर्श में कहा गया कि यूक्रेन की राजधानी कीव स्थित दूतावास से अधिकतर अमेरिकी कर्मचारियों को वहां से हटने का आदेश दिया गया है। परामर्श में कहा गया है कि यूक्रेन में अमेरिकी लोगों को भी देश छोड़ देना चाहिए। इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शांति प्रदर्शित करने की कोशिश की। उन्होंने क्रीमिया के पास शनिवार को सैन्य अभ्यास देखा। रूस ने 2014 में क्रीमिया को अपना हिस्सा बना लिया था। जेलेंस्की ने कहा, हम डरते नहीं हैं, हम घबराए हुए नहीं हैं। सब चीज नियंत्रण में है। ब्रिटेन ने भी शनिवार को अपने नागरिकों से यूक्रेन छोड़ने को कहा। वहीं, संकट को और अधिक बढ़ाते हुए अमेरिकी रक्षा विभाग ने 3000 अतिरिक्त अमेरिकी सैनिक पोलैंड भेजने का आदेश दिया है। यूक्रेनी सेना को प्रशिक्षण देने वाले ब्रिटेन के सैनिकों ने भी देश छोड़ने की योजना बनाई है। जर्मनी, नीदरलैंड और इटली ने अपने नागरिकों से जल्द से जल्द वहां से निकलने को कहा है। कनाडा, नॉर्वे और डेनमार्क ने भी अपने नागरिकों को यूक्रेन छोड़ने के लिए कहा है। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और उनके रूसी समकक्ष सर्गेई शोइगु ने भी शनिवार को टेलीफोन पर चर्चा की। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि खुफिया सूचना मिली है कि रूस बुधवार को हमला कर सकता है। हालांकि उन्होंने कहा कि यह सूचना कितनी पुष्ट है इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। यूक्रेन के आसपास रूस का सैन्य जमावड़ा उस बिंदु पर पहुंच गया है जहां से वह किसी भी समय आक्रमण कर सकता है।

## यूक्रेन में अपना दूतावास खाली करेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** पश्चिमी खुफिया अधिकारियों द्वारा यूक्रेन पर रूसी आक्रमण का खतरा जताए जाने के बीच अमेरिका यूक्रेन में अपने दूतावास को खाली करने की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि विदेश मंत्रालय जल्द ही यह घोषणा करने वाला है कि रूसी आक्रमण की आशंका के मद्देनजर कीव दूतावास के सभी अमेरिकी कर्मचारियों को पहले ही देश छोड़ना होगा। विदेश मंत्रालय ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। मंत्रालय ने पहले यूक्रेन में अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों के परिवारों को देश छोड़ने का आदेश दिया था। इसके अलावा गैर-आवश्यक कर्मियों से कहा गया था कि वे वहां से प्रस्थान करना चाहते हैं या नहीं, यह उनके विवेक पर निर्भर है। नया कदम ऐसे वक्त में उठाया गया है जब अमेरिका ने यूक्रेन पर संभावित रूसी आक्रमण के बारे में अपनी चेतावनियों को बढ़ा दिया है। अधिकारियों ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर बताया कि सीमित संख्या में अमेरिकी राजनयिकों को यूक्रेन के सुदूर पश्चिम में नाटो के सहयोगी पोलैंड के साथ लगती सीमा के पास स्थानांतरित किया जा सकता है, ताकि देश में अमेरिका की राजनयिक उपस्थिति बरकरार रखी जा सके।



यूक्रेन के लोग रूस और यूक्रेन के बीच तनाव के संभावित बढ़ने के विरोध में मध्य कीव में एक रैली में भाग लेते हुए

### सीरिया में तोप के गोले दागे जाने से दो बच्चों सहित छह लोगों की मौत

**बेरूत।** सीरियाई सेना ने देश के उत्तर पश्चिमी इलाके में विद्रोहियो के कब्जे वाले एक गांव को निशाना बनाते हुए तोप के गोले दागे, जिसमें एक ही परिवार के दो बच्चों सहित छह लोगो की मौत हो गई। विपक्षी कार्यकर्ताओं ने यह जानकारी दी। स्थानीय निवासियो ने बताया कि जिस वक्त उक्त घर पर हमला किया गया,उस वक्त घरवाले अच्छे मौसम का मजा लेते हुए चाय पी रहे थे। इदलिब प्रांत के मरात अल नासान गांव मे हमले के बाद एक विमान ने क्षेत्र के चक्कर लगाए। विपक्ष के संगठन सीरियन सिविल डिफेंस ग्रुप ने कहा कि बच्चों की उम्र तीन और सात वर्ष थी। इसने कहा कि पिछले छह माह मे रूस समर्थित सीरियाई सरकार द्वारा इदलिब में किए गए हमलो में कुल 65 बच्चे मारे गए है।

### चीन में बस में हुए विस्फोट में एक की मौत, 42 घायल

**बीजिंग।** चीन के लियाओनिंग प्रांत के शेनयांग शहर मे शनिवार को एक बस में हुए विस्फोट में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 42 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। घायलो में से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय पुलिस ने कहा कि घटना शेनयांग के हुआंगगु जिले मे हुआंग स्ट्रीट और निंगशान रोड पर हुई। पुलिस इस धमाके के कारणो का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियो ने कहा कि उन्होंने विस्फोट के कारण जोरदार धमाका सुना, लेकिन बस मे आग नही लगी।

### पेरिस पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को शहर में घुसने से रोका

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस की पुलिस ने शनिवार को कोविड संबंधी प्रतिबंधो के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगो के 500 वाहनो को शहर मे घुसने से रोक दिया। प्रदर्शनकारी प्रतिबंधो के खिलाफ उस विरोध प्रदर्शन में शामिल होना चाहते थे, जो कनाडा के आजादी काफिला (फ्रीडम कनवाय) से प्रभावित है। पुलिस ने ट्वीट किया कि कई काफिले शहर के मुख्य इलाकों मे पहुंचने से पहले ही रोक दिए गए और करीब 200 मोटरसाइकिल सवारो को टिकट थमाए गए। चाकू, हथौड़ा और अन्य समान बरामद किए जाने के बीच कम से कम दो प्रदर्शनकारियो को गिरफ्तार किया गया है। सप्ताहांत प्रदर्शन को देखते हुए करीब 7000 अधिकारियो को तैनात किया गया है। फ्रांस मे रेस्तरां समेत अन्य स्थानो पर जाने के लिए टीकाकरण पास की अनिवार्यता के खिलाफ प्रदर्शनकारियो ने पेरिस के उत्तर, दक्षिण, पूरब और पश्चिम से शहर मे प्रवेश करने का प्रयास किया। पुलिस को भनक ना लगे इसके लिए वाहनो के कुछ काफिलो ने शुक्रवार को राजधानी जाने वाले राजमार्गो के बजाय स्थानीय सड़कों से शहर मे पहुंचने की कोशिश की।

### अमेरिका सीमा पर प्रदर्शनकारियों को हटाने पहुंची कनाडा पुलिस

विंडसर (कनाडा)। कनाडा की पुलिस शनिवार को उन प्रदर्शनकारियो को हटाने के पहुंची जिन्होंने अमेरिका की सीमा के पास एक बड़े पुल पर कनाडा-अमेरिका व्यापार को बाधित कर दिया है। सुबह के समय पुलिस के पहुंचते ही कई प्रदर्शनकारी भागने लगे। प्रदर्शनकारियो ने नाकाबंदी को समाप्त करने की नई चेतावनियो के बावजूद अमेरिका और कनाडा के बीच सबसे व्यस्त क्रॉसिंग पर रात बिताई। इस नाकेबंदी ने दोनो देशो के बीच माल के प्रवाह को बाधित कर दिया है और दोनो पक्षो के ऑटो उद्योग को अपना सामान वापस लाने को मजबूर कर दिया है। प्रदर्शनकारी कनाडा के कोविड-19 रोधी प्रतिबंधो का विरोध कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के प्रति भी रोष का माहौल है। विंडसर पुलिस और इसके पुलिस सहयोगियो ने एंबेसडर ब्रिज पर तथा उसके आसपास अपना काम शुरू कर दिया है।

# जयशंकर व ब्लिंकन ने संबंधों की समीक्षा की, रूस–यूक्रेन संकट पर की चर्चा

भाषा। वाशिंगटन

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने क्वाड (चतुष्पक्षीय) मंत्रिस्तरीय वार्ता के इतर अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मेलबर्न में मुलाकात की और इस दौरान दोनों नेताओं ने अफगानिस्तान में मौजूदा हालात, रूस–यूक्रेन संकट से निपटने के रायनयिक प्रयासों और कोविड–19 पर चर्चा की। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने बताया कि ब्लिंकन और जयशंकर ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। दोनों नेताओं ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद महासागर क्षेत्र में क्वाड समूह के माध्यम से सहयोग को मजबूत करने के प्रयासों की समीक्षा की। उन्होंने नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को लागू करने समेत साझा प्राथमिकताओं पर सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की। जयशंकर 10 से 13 फरवरी तक विदेश मंत्री के रूप में ऑस्ट्रेलिया की पहली यात्रा पर हैं। वह क्वाड विदेश मंत्रियों की चौथी बैठक में भाग लेने मेलबर्न गए। भारत और अमेरिका के अलावा ऑस्ट्रेलिया और जापान इस समूह का हिस्सा हैं। प्राइस ने बताया कि ब्लिंकन और जयशंकर ने कोविड–19 से निपटने, यूक्रेन की सीमा पर रूसी बलों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर राजनयिक प्रयासों, अफगानिस्तान के समक्ष चुनौतियों और म्यांमा में लोकतंत्र के भविष्य समेत आपसी हित से जुड़े कई मामलों पर चर्चा की। प्राइस ने कहा, ब्लिंकन और जयशंकर ने अमेरिका–भारत रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देने तथा गहरा करने के लिए पिछले साल किए गए प्रयासों की समीक्षा की। यह साझेदारी हिंद प्रशांत क्षेत्र में और उससे परे भी शांति, सुरक्षा एवं समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए अहम है। जयशंकर ने शुक्रवार को ट्वीट किया, मैंने ब्लिंकन के साथ द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। विभिन्न क्षेत्रों में हमारी प्रगति सकारात्मक है।

### भारत को चीन से बहुत महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने हिंद–प्रशांत रणनीतिक रिपोर्ट जारी करते हुए कहा है कि भारत को भू–राजनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है विशेषकर चीन और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर उसके व्यवहार के कारण। शुक्रवार को जारी की गई रणनीतिक रिपोर्ट राष्ट्रपति जो बाइडन के नेतृत्व वाले प्रशासन की पहली क्षेत्र विशिष्ट रिपोर्ट है। रिपोर्ट में हिंद–प्रशांत में अमेरिका की स्थिति को दृढ़ता से मजबूत करने, क्षेत्र को मजबूत करने और इस प्रक्रिया में भारत के उदय एवं क्षेत्रीय नेतृत्व का समर्थन करने के लिए राष्ट्रपति के दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया है। व्हाइट हाउस ने कहा, हम एक रणनीतिक साझेदारी का निर्माण करना जारी रखेंगे जिसमें अमेरिका और भारत दक्षिण एशिया में स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए एक साथ और क्षेत्रीय समूहों के माध्यम से काम करते हैं, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष और साइबर स्पेस जैसे नए क्षेत्र में सहयोग करते हैं, हमारे आर्थिक और प्रौद्योगिकी सहयोग को मजबूत करते हैं, तथा एक स्वतंत्र और खुले हिंद–प्रशांत में योगदान करते हैं।

## बाइडन ने पोलैंड में 3,000 से अधिक और सैन्य बलों को भेजने का आदेश दिया

भाषा। वाशिंगटन

**यूक्रेन पर रूस के** हमले की आशंका से चिंतित उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सहयोगियों के प्रति अमेरिकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए पेंटागन पोलैंड में और 3,000 सैन्य बलों को भेज रहा है। पोलैंड में 1,700 सैनिक पहले से ही तैनात हैं। अमेरिका के एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने बताया कि ए अतिरिक्त सैनिक अगले कुछ दिनों में उत्तर कैरोलाइना के फोर्ट ब्रैग से रवाना होंगे और अगले सप्ताह की शुरुआत तक पोलैंड में होंगे। इन सैनिकों का मिशन प्रशिक्षण देना होगा और हमले को रोकना होगा, लेकिन वे यूक्रेन में लड़ाई में शामिल नहीं होंगे। इस घोषणा से कुछ देर पहले ही अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने यूक्रेन में रह रहे सभी अमेरिकी नागरिकों को सचेत किया था कि वे जल्द से जल्द वहां से निकल जाएं।

## क्विक न्यूज

### बाइडन ने अफगानिस्तान की जब्त अरबों डॉलर की रकम 9-11 पीड़ितों की मदद के लिए दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को एक आदेश पर हस्ताक्षर किया, जिससे अमेरिका में जब्त सात अरब डॉलर की अफगान संपत्ति को अब मुक्त कर दिया जाएगा और इसे दो भागों में बांटा जाएगा। धनराशि का एक हिस्सा गरीबी से त्रस्त अफगानिस्तान के लिए मानवीय सहायता और 11 सितंबर के पीड़ितों की मदद के लिए दिया जाएगा। धनराशि तुरंत जारी नहीं की जाएगी। लेकिन बाइडन के आदेश में बैंकों से अफगान राहत और बुनियादी जरूरतों के लिए मानवीय समूहों के माध्यम से वितरण के लिए एक ट्रस्ट फंड को जब्त राशि का 3.5 अरब डॉलर प्रदान करने का आह्वान किया गया है। अन्य 3.5 अरब डॉलर अमेरिका में आतंकवाद के शिकार लोगों के मुकदमों के दौरान हुए खर्चे की भरपाई के लिए दिए जाएंगे। अगस्त में तालिबान द्वारा देश पर नियंत्रण करने के बाद अफगानिस्तान को अंतरराष्ट्रीय वित्त पोषण रोक दिया गया था और विदेशों में देश की अरबों डॉलर की संपत्ति ज्यादातर अमेरिका में जब्त कर दी गई थी।

### तालिबान ने हिरासत में लिए यूएनएचसीआर के कर्मचारी, दो विदेशी पत्रकारों को रिहा किया

**काबुल।** संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त कार्यालय (यूएनएचसीआर) ने शुक्रवार को कहा कि तालिबान ने शरणार्थी एजेंसी के साथ काम करने वाले दो विदेशी पत्रकारों और सहायता संगठन के कई अफगान कर्मचारियों को राजधानी काबुल में उनकी नजरबंदी के बारे में खबर आने के कुछ घंटे बाद रिहा कर दिया। तालिबान द्वारा नियुक्त संस्कृति और सूचना उप मंत्री जबीहुल्ला मुजाहिद के एक ट्वीट के बाद यह घोषणा की गई। मुजाहिद ने कहा कि उन्हें हिरासत में इसलिए लिया गया था क्योंकि उनके पास ऐसे दस्तावेज नहीं थे जो उनके यूएनएचसीआर के कर्मचारी होने की पुष्टि करते हो। मुजाहिद ने कहा कि उनकी पहचान की पुष्टि होने के बाद उन्हें मुक्त कर दिया गया। जिनेवा स्थित संगठन ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, हम यूएनएचसीआर के साथ काम करने वाले दो पत्रकारों और उनके साथ काम कर रहे अफगान नागरिकों की काबुल में रिहाई की पुष्टि करते हुए राहत महसूस कर रहे हैं। हम उन सभी के आभारी हैं जिन्होंने चिंता व्यक्त की और मदद की पेशकश की। हम अफगानिस्तान के लोगों के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### भारत ने संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए अमेरिका के मेयर, गवर्नर से बातचीत की

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने लोगों के बीच आपसी संबंधों और स्थानीय स्तर पर संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से देशभर के स्थानीय मेयर और गवर्नर के साथ संवाद बढ़ाया है। भारत सरकार की यह नीति घरेलू तथा राष्ट्रीय राजनीति में शक्तिशाली महानगरों न्यूयॉर्क, लॉस एंजिलिस और शिकागो में निर्वाचित प्रतिनिधियों के बढ़ते दबदबे के संदर्भ में महत्वपूर्ण है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने लॉस एंजिलिस शहर के मेयर एरिक गार्सेटी को भारत में अपना राजदूत नामित किया है। पिछले पखवाड़े में ही संधू ने तीन प्रमुख मेयर से मुलाकात की। इसके अलावा उन्होंने अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों तथा 40 से अधिक राज्यों के गवर्नर से मुलाकात की। भारतीय राजनयिक मिशन और राजदूत स्थानीय प्रशासनों तक पहुंच बनाने के लिए विशेष प्रयास कर रहे हैं। पिछले महीने संधू ने न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स से मुलाकात की थी।

### न्यूजीलैंड में प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए पानी की बौछारों, बैरी मानिलो के गानों का इस्तेमाल

**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)।** न्यूजीलैंड में कोविड–19 टीकाकरण की अनिवार्यता के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों को तितर–बितर करने के लिए पुलिस ने पानी की बौछारें करने के अलावा एक अनोखा तरीका अपनाते हुए अमेरिकी गायक बेरी मानिलो के गीतों का सहारा लिया। पुलिस ने संसद के घास भरे मैदानों में डेरा डाले हजारों प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाने के लिए शुरुआत मंगलवार से पानी की बौछारों से की। इसका कोई खास असर नहीं हुआ। प्रदर्शनकारियों ने इसके जवाब में मैदान में गड्ढे खोदे और पानी निकालने के लिए अस्थाई पाइप लगाईं। जब शनिवार को बौछारें की गईं, तो प्रदर्शनकारियों की संख्या कम होने के बजाय बढ़ गई। इसके बाद, संसद के स्पीकर ट्रेवर मलार्ड ने प्रदर्शनकारियों को असहज करने के लिए एक अनोखा तरीका खोजा। उन्होंने लाउड स्पीकर लगवाकर टीकों संबंधी संदेश जोर–जोर से चलाए और बैरी मानिलो एवं लोकप्रिय गीत माकारेना को बार–बार चलाया।

## लॉकडाउन में दावतों के आयोजन को लेकर पुलिस ने ब्रिटेन के पीएम से संपर्क किया



भाषा। लंदन

**ब्रिटेन के** प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को लॉकडाउन के दौरान डाउनिंग स्ट्रीट में दावतों के आयोजन संबंधी जांच के तहत लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस से एक प्रश्नावली मिली है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। यदि यह पाया जाता है कि जॉनसन ने अपनी सरकार के स्वयं के कोविड रोधी नियमों को तोड़ा तो संकटग्रस्त प्रधानमंत्री पर जुर्माना लगाया जा सकता है तथा पार्टीगेट कहे जा रहे इस मामले में उन्हें अपने साथी सांसदों के और अधिक विरोध का सामना करना पड़ सकता है। उनकी अपनी पार्टी के ऐसे सांसदों की संख्या बढ़ती जा रही है जो उनके इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। यहां तक कि पूर्व नेताओं ने भी कहा है कि यदि जॉनसन नियम तोड़ने के दोषी पाए जाते हैं तो उनका सत्ता से चिपके रहना ठीक नहीं होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में पुष्टि की कि पुलिस ने जॉनसन से संपर्क किया है।

### अफगानिस्तान के नागरिकों ने बाइडन के आदेश के विरोध में प्रदर्शन किया

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी में प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के उस आदेश की निंदा की है जिसमें कहा गया है कि अमेरिका में अफगानिस्तान की संपत्ति से अमेरिका में 9111 हमले के पीड़ित परिवारों के लिए 3.5 अरब डॉलर विमुक्त किए जाएंगे। काबुल के ईदगाह मस्जिद के बाहर एकत्र हुए प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका से अफगानिस्तान में 20वर्ष चल युद्ध में मारे गए लाखों लोगों के परिवारों को मुआवजा देने की मांग की। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को एक आदेश पर हस्ताक्षर किया, जिससे अमेरिका में जब्त सात अरब डॉलर की अफगान संपत्ति को अब मुक्त कर दिया जाएगा और इसे दो भागों में बांटा जाएगा।

## भारत ने छात्रों के लिए ऑस्ट्रेलियाई सीमाओं को खोलने की सराहना की : जयशंकर



भाषा। मेलबर्न

**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत, ऑस्ट्रेलियाई सीमा को खोलने की बहुत सराहना करता है जिससे लौटने का इंतजार कर रहे खासतौर से छात्रों, अस्थाई वीजा धारकों और अलग रह रहे परिवारों को मदद मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया टीके की खुराक ले चुके सभी पर्यटकों और कारोबारी यात्रियों के लिए अपनी सीमाएं 21 फरवरी से खोलेगा। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने महामारी संबंधी पाबंदियों में सात फरवरी को ढील देने की घोषणा की थी। ऑस्ट्रेलिया ने अपने नागरिकों और स्थानीय निवासियों पर मार्च 2020 को दुनिया की सबसे सख्त यात्रा पाबंदियां लगाई थीं। जयशंकर ने ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री मारिस पायने के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं ऑस्ट्रेलिया सरकार के अपनी सीमाओं को खोलने के कदम का स्वागत करता हूं, जिससे भारत में इंतजार कर रहे लोगों, खासतौर से छात्रों, अस्थाई वीजा धारकों, अलग रह रहे परिवारों को मदद मिलेगी। इस फैसले की बहुत सराहना की जा रही है। उन्होंने कहा, मुझे कल कुछ छात्र प्रतिनिधियों से मुलाकात करने का अवसर मिला। इस फैसले के बारे में जानकर उनमें काफी उत्साह आ गया है। पायने ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच गहरे व्यापारिक और निवेश संबंध भी हैं। उन्होंने नई दिल्ली में शुक्रवार को दोनों देशों के बीच समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया के वाणिज्य मंत्री डान टेहान ने नई दिल्ली में शुक्रवार को अपने समकक्ष के साथ पर्यटन पर समझौता ज्ञापन किया।

### ऑस्ट्रेलिया ने मैत्री पहल की घोषणा की

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया सरकार ने मैत्री कार्यक्रम के तहत भारत के साथ शिक्षा और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए शनिवार को कई नई पहल की घोषणा की। विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री मारिस पायने ने कहा कि भारत के विदेश मंत्री के साथ कोविड–19 से निपटने से लेकर आर्थिक सुधार, समुद्री सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला और साइबर खतरों तक पर हुई चर्चा में लोकतंत्र और कानून के शासन सहित दोनों देशों के साझा हित के मुद्दों और मूल्यों को रेखांकित किया गया। पायने ने कहा कि व्यापार और निवेश के क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया तथ भारत का गहरा संबंध है।

## सोलोमन आइलैंड्स में दूतावास खोलकर चीन को टक्कर देना चाहता है अमेरिका

भाषा। वेलिंगटन

**अमेरिका का कहना** है कि वह सोलोमन आइलैंड्स में एक दूतावास खोलेगा, जिसे दक्षिण प्रशांत क्षेत्र में चीन के मजबूत होने से पहले अमेरिकी प्रभाव बढ़ाने की स्पष्ट योजना कहा जा सकता है। अमेरिकी संसद को दी गई विदेश विभाग की एक अधिसूचना में इस तर्क की व्याख्या की गई है। यह अधिसूचना एसोसिएटेड प्रेस को प्राप्त हुई है। इस योजना की पुष्टि अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शनिवार को फिजी की यात्रा के दौरान की। ब्लिंकन प्रशांत क्षेत्र के दौरे पर हैं जिसकी शुरुआत आस्ट्रेलिया से हुई है। ब्लिंकन हवाई की अपनी यात्रा के लिए आज देर शाम फिजी से रवाना हो गए। हवाई में वह जापान और दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रियों की मेजबानी करेंगे और उत्तर कोरिया द्वारा हाल ही में किए गए मिसाइल परीक्षणों के मद्देनजर उससे (उत्तर कोरिया से) उत्पन्न खतरे पर विचार विमर्श करेंगे। यह अधिसूचना ऐसे समय आई है, जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन प्रशांत क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं और जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, फिजी और अन्य देशों के राजनयिकों से मिल रहे हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि सोलोमन आईलैंड्स के वासियों ने द्वितीय विश्व युद्ध के मैदान में अमेरिकियों के साथ अपने इतिहास को संजोया है, लेकिन अमेरिका को अपने तरजीही संबंधों को खोने का खतरा था, क्योंकि चीन सोलोमन आइलैंड्स में कुलीन राजनेताओं और कारोबारी लोगों से अति महत्वाकांक्षा के साथ जुड़ना चाहता है। सात लाख की आबादी वाले देश में नवंबर में हुए दंगों के बाद यह कदम उठाया गया है। शांतिपूर्ण विरोध ने दंगे का रूप ले लिया और इसने चीन के साथ देश के बढ़ते संबंधों को लेकर लंबे समय से चल रही क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्विता, आर्थिक समस्याओं और चिंताओं को भी उजागर किया। दंगाइयों ने इमारतों में आग लगा दी और दुकानों को लूट लिए। अमेरिका ने इससे पहले भी सोलोमन आइलैंड्स में एक दूतावास खोला था और पांच साल तक दूतावास रखने के बाद 1993 में बंद कर दिया था। तब से, पड़ोसी पापुआ न्यू गिनी के अमेरिकी राजनयिकों को सोलोमन से मान्यता प्राप्त है। दूतावास खोलने की शुक्रवार को की गई घोषणा हिन्द–प्रशांत के लिए बाइडन प्रशासन की नई रणनीति के अनुरूप है, और चीन के बढ़ते प्रभाव और महत्वाकांक्षाओं का मुकाबला करने के लिए इस क्षेत्र में सहयोगियों के साथ साझेदारी बनाने पर जोर देती है।




मिहैल कोगलनिकेनु एयर बेसरू नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग और रोमानियाई राष्ट्रपति क्लाउस इओहानिस की यात्रा के दौरान अमेरिकी सैनिक मिहैल कोगलनिकेनु एयरबेस लाइन पर

## स्वास्थ्य के लिए अच्छा है चिकन सूप

अध्ययनों के अनुसार, चिकन में मौजूद प्रोटीन, विशेष रूप से इसके अंग, रक्तचाप को कम करने में सहायता करते हैं। अपने आहार में चिकन सूप को शामिल करना एक विकल्प है। जानवरों की हड्डियों में कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटेशियम, फास्फोरस और अन्य ट्रेस खनिज प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो आपकी अपनी हड्डियों के निर्माण और मजबूती के लिए आवश्यक पोषक तत्व हैं। चिकन शोरबा, जिसमें ये अधिकांश खनिज उच्च मात्रा में होते हैं, निश्चित रूप से गठिया को दूर रखेगा। चिकन प्रोटीन और अमीनो एसिड का अच्छा स्रोत होने के लिए जाना जाता है, जो मांसपेशियों और अन्य ऊतकों के निर्माण के लिए आवश्यक हैं। नतीजतन, एक कटोरी चिकन सूप आपके दैनिक आहार में एक अतिरिक्त स्वादिष्ट इजाफा हो सकता है।

**DOC टॉक**

डॉ. बीरेन नाडकर्णी
सीनियर कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक
ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
होली फैमिली हॉस्पिटल



## स्वस्थ रहना है तो सक्रिय रहें



इसे बुजुर्गों को प्रभावित करने वाली अवस्था माना जाता था। कुछ साल पहले तक यह आम समझ थी कि युवाओं को जोड़ों की समस्याएं नहीं होती हैं, लेकिन अब ऐसी बात नहीं रह गयी

लंदन विश्वविद्यालय में हुए एक अध्ययन के अनुसार, दुनिया भर में हर साल 15 मिलियन से अधिक लोग जोड़ में आसपास के कार्टिलेज के टूटने के कारण घुटने के जोड़ की विफलता से पीड़ित होते हैं।

तथ्य यह है कि 15 प्रतिशत भारतीय आबादी हर साल कार्टिलेज की खराबी से पीड़ित होती है और इंडिया आर्थरिटिक फाउंडेशन के आंकड़ों के अनुसार 2030 तक, 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के अनुमानित 6.7 मिलियन भारतीयों को  डॉक्टर-निदान गठिया होने का अनुमान है।

कार्टिलेज एक लचीला कनेक्टिव ऊतक है जो मनुष्यों के शरीर में कई क्षेत्रों में विशेष रूप से हड्डियों के बीच के जोड़ों में पाया जाता है जिससे हड्डियों को आपस में रगड़ने से रोका जा सकता है। इस प्रकार कार्टिलेज जोड़ों के बीच कुशन का काम करता है। यह हड्डियों को आपस में रगड़ने से रोकता है (जैसे कि घुटनों और कोहनी में कार्टिलेज) और चलने पर जोड़ में घर्षण को भी कम करता है। यह कुछ हड्डियों को भी एक साथ रखता है, जैसे रिब कार्टिलेज।

बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) में प्रत्येक 1-यूनिट की वृद्धि के लिए, त्वरित कार्टिलेज क्षति का जोखिम 11 प्रतिशत बढ़ जाता है, साथ ही अधिक वजन बढ़ने का जोखिम भी एक महत्वपूर्ण कारक था। जैसे जैसे दिन बीतते हैं, खड़े होने, बैठने और अन्य दैनिक गतिविधियों से हमारी हड्डियों के बीच का कार्टिलेज संकुचित हो जाता है। कार्टिलेज या उपास्थि का बिगड़ना 40 वर्ष और उससे अधिक की आयु के बाद शुरू होता है और कभी-कभी जोड़ में चोट लगने की वजह से पहले भी होता है।

जब आप उम्रदराज होते हैं तो कार्टिलेज भी हड्डी बनाता है - आपकी लंबी हड्डियों (हाथ और पैर की हड्डियों) के सिरे युवा होने पर कार्टिलेज से बनते हैं, और यह धीरे-धीरे हड्डी में बदल जाता है और लंबा हो जाता है।

मोटापा भी वो कारक है जो उपास्थि के जल्दी खराब होने का कारण बनता है क्योंकि गतिहीन जीवन शैली वाले लोगों की मांसपेशियां कमजोर होती हैं जिसके परिणामस्वरूप शरीर का दबाव जोड़ों पर केंद्रित होता है। यह उपास्थि में जल्द कमी उपस्थित होने का कारण बनता है।

ये परिवर्तन सर्वाधिक संभावना है कि उपास्थि ऊतक को बनाए रखने और मरम्मत करने के लिए चोंड्रोसाइट्स (उपास्थि को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार मुख्य कोशिकाएं) की क्षमता में उम्र से संबंधित कमी का परिणाम है।

आर्टिकुलर कार्टिलेज में उम्र से संबंधित परिवर्तन ऑस्टियोआर्थराइटिस के विकास और प्रगति में योगदान कर सकते हैं। जैसे-जैसे कुशनिंग कार्टिलेज आजीवन उपयोग से टूटने लगता है, जोड़ों में सूजन और गठिया हो जाता है।

कोई भी कारक (बार-बार आघात, अधिक आयु, मोटापा आदि) जो जोड़ के टूटने का कारण बनता है, अंततः जोड़ के आकार और संरेखण की क्षति होता है। साथ ही, हड्डियों के सिरे मोटे हो जाते हैं और हड्डी बढ़ जाती है जिसे स्पर्स कहा जाता है।

जोड़ के क्षेत्र में हड्डियों को ढकने वाला कार्टिलेज (जिसे आर्टिकुलर कार्टिलेज कहा जाता है) उम्र और गतिविधि के साथ पतला होता जाता है, जिसके परिणामस्वरूप हड्डी दूसरी हड्डी से रगड़ खाने लगती है, गतिशीलता कम होती है और दर्द होता है।

ऑस्टियोआर्थराइटिस अधिक तनाव (जैसे घुटने और कूल्हे) के संपर्क में आने वाले जोड़ों को प्रभावित करता है और इसे जोड़ों में उपास्थि को प्रभावित करने वाली रोजमर्रा टूट-फूट का परिणाम माना जाता है।

**लक्षण**

- यह आमतौर पर 40 वर्ष की आयु के बाद होता है और वर्षों की अवधि में धीरे-धीरे विकसित होता है
- यह मुख्य रूप से घुटनों व कूल्हों जैसे भार वहन करने वाले जोड़ों को प्रभावित करता है। हालांकि, इसमें उंगली के छोटे जोड़ भी शामिल हो सकते हैं (जैसे टाइपिस्ट और कंप्यूटर ऑपरेटरों में उंगली के जोड़ों के अति प्रयोग के कारण ऊंगलियों में तकलीफ) और बूढ़े लोगों को रीढ़ में तकलीफ का सामना करना पड़ता है।
- प्रभावित जोड़ में दर्द। लंबे समय तक बैठने की मुद्रा से अचानक उठने और कभी-कभी नम या बरसात के मौसम में (संभवतः वायुमंडलीय दबाव में बदलाव के साथ जोड़ों के दबाव में बदलाव के कारण) घुटनों में दर्द बढ़ सकता है।
- सुबह-सुबह लगभग आधे घंटे की अकड़न
- प्रभावित जोड़ में चरमराने और जोड़ो में हरकत के साथ पीसने जैसी अनुभूति होना
- जोड़ आमतौर पर ठंडे होते हैं क्योंकि कोई सूजन नहीं होती है
- व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करता

**डॉक्टर को दिखाएं**

40 वर्ष से ऊपर के लोगों को अगर उपरोक्त लक्षण महसूस हों तो उन्हें तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। सीढ़ियां चढ़ने पर या सामान्य चलने पर जोड़ों में दर्द, जोड़ों में अकड़न, जोड़ों में सूजन, चलने-फिरने और क्रियात्मक गतिविधियों में कमी और जोड़ों में विकृति हो। हमारे कार्टिलेज में कई बदलाव, आम तौर पर उम्र बढ़ने की बजाय गतिहीनता या अनुपयोग के कारण, अधिक होते हैं। नियमित व्यायाम, स्ट्रेचिंग, स्वस्थ व्यायाम की आदतों को बनाए रखना, वजन बनाए रखना हमारे कार्टिलेज की ताकत को बेहतर बनाने में मदद करता है।



# क्या है जेरोस्टोमिया

**डॉ. ऋषि अजय खन्ना** का कहना है कि जो लोग कैंसर के इलाज का सामना करते हैं, वे मुंह की समस्याएं व दुष्प्रभावों के लिए अधिक संभावित होते हैं क्योंकि विकिरण और कीमोथेरेपी नई व तेजी से बढ़ने वाली कोशिकाओं के विकास में बाधा डालती है

जेरोस्टोमिया या शुष्क मुंह उन उपचारों के परिणामस्वरूप हो सकता है जिनका उपयोग कैंसर से लड़ने के लिए किया जाता है। कैंसर के लिए विकिरण चिकित्सा या कीमोथेरेपी से गुजरने वालों के लिए, मुंह शुष्क होने के लक्षण आम हैं।

कैंसर के उपचार के दौरान, विकिरण या कीमोथेरेपी के कारण होने वाली जलन के कारण लार का उत्पादन वास्तव में बढ़ जाता है। उपचार के दौरान, लार मोटी हो जाती है और अक्सर रोगियों द्वारा इसे नियंत्रित करना मुश्किल बताया जाता है। एक बार जब उपचार समाप्त हो जाता है, तो अत्यधिक लार चली जाती है और मुंह सूख जाता है। यह एक अस्थायी दुष्प्रभाव हो सकता है या लार उत्पादन का स्थायी नुकसान हो सकता है। जेरोस्टोमिया भी वृद्ध वयस्कों में होने वाली एक आम शिकायत है। हालांकि, जेरोस्टोमिया उम्र से संबंधित नहीं है बल्कि उन दवाओं से संबंधित है जो साइड इफेक्ट के रूप में जेरोस्टोमिया का कारण बनती हैं।

### लक्षण

जेरोस्टोमिया तब होता है जब शरीर की लार ग्रंथियां मुंह को नम रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में लार का उत्पादन करने में विफल हो जाती हैं। लार के यांत्रिक सफाई क्रिया, रोगाणुरोधी गतिविधि, और मौखिक गुहाओं से खाद्य मलबे को हटाने, पीएच का नियंत्रण, मौखिक गुहा स्नेहन, और पुनर्खनिजीकरण और मौखिक श्लेष्म की अखंडता को बनाए रखने सहित कई महत्वपूर्ण कार्य होते हैं।

- मोटी, कड़ी लार
- मुंह में या जीभ पर जलन या दर्द महसूस होना
- मुंह या होठों के कोने में दरारें
- जीभ सूखना
- चबाने या निगलने में कठिनाई
- बात करने में कठिनाई
- स्वाद विकार
- दांत की सड़न
- त्वचा के लाल चकत्ते
- सूखी त्वचा व आंखें
- मौखिक कैंडिडिआसिस
- पैरोटिड ग्रंथि का बड़ा होना

### वजह

जो लोग कैंसर के उपचार से गुजरते हैं, वे विभिन्न कारणों से मुंह की समस्याओं व दुष्प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। एक सामान्य कारण यह है कि विकिरण चिकित्सा और कीमोथेरेपी नई और तेजी से बढ़ने वाली कोशिकाओं के विकास में बाधा डालती है। मुंह की परत में सामान्य और कैंसर, दोनों कोशिकाएं तेजी से बढ़ रही हैं, और उपचार उनके विकास में बाधा डाल सकता है।

इसके अलावा, विकिरण चिकित्सा और कीमोथेरेपी मुंह में मौजूद स्वस्थ, सामान्य बैक्टीरिया के संतुलन को बदल सकती है। इस तरह के उपचार लार ग्रंथियों को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं और बदले में लार के उत्पादन को कम कर सकते हैं।

### इलाज

कैंसर का उपचार प्राप्त करते समय शुष्क मुंह का अनुभव करने वाले रोगियों को कुछ सरल प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए जो इस दुष्प्रभाव को कम करने में मदद कर सकती हैं। यदि शुष्क मुंह आपके खाने और निगलने की क्षमता को प्रभावित कर रहा है, तो सुनिश्चित करें कि :

- गर्म, अम्लीय या मसालेदार खाद्य पदार्थों से दूर रहें।
- ऐसे खाद्य पदार्थ खाएं जो गीले व मुलायम हों
- यदि किसी को भोजन निगलने में परेशानी हो रही हो तो भोजन को अच्छी तरह चबाएं और केवल छोटे-छोटे कौर लें
- यदि भोजन का स्वाद हल्का हो तो उसे तपाएं या मैरीनेट करें



**डॉ. ऋषि अजय खन्ना**
(एमएस ईएनटी), सीएचएल
अस्पताल, इंदौर, चिकित्सा सलाहकार
ईएनटीओडी फार्मास्यूटिकल्स

कैंसर के उपचार के परिणामस्वरूप शुष्क मुंह के लिए, नियमित रूप से दंत चिकित्सा कराने सहित, मौखिक स्वच्छता दिनचर्या को बनाए रखना आवश्यक है। शुष्क मुंह की समस्या से दैनिक आधार पर निपटने का एक चुनौतीपूर्ण दुष्प्रभाव हो सकता है। इस दुष्प्रभाव को प्रबंधित करने में सहायता के लिए चिकित्सक से संपर्क करना सबसे अच्छा है।

- दांतों की सड़न से बचने के लिए चीनी का सेवन कम करें
- निगलने में आसान बनाने के लिए तरल व ठोस खाद्य पदार्थों को मिलाएं

मौखिक जटिलताओं को रोकने और शुष्क मुंह को कम करने के लिए पालन करने हेतु यहां कुछ अन्य दिशानिर्देश दिए गए हैं:

खूब सारे तरल पदार्थ पिएं (प्रति दिन 3-4 लीटर), खासकर अगर मुंह सूखा लगता है

### शराब और तंबाकू से दूर रहें

- अपने दांतों व मसूड़ों को दिन में 2 से 3 बार हर बार दो से तीन मिनट तक ब्रश करें इसके  लिए एक नरम टूथब्रश का उपयोग करें
- सोते समय बेडरूम में ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करें
- होठों पर रोजाना मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें

किसी भी दवा का उपयोग करने से पहले, चिकित्सक से परामर्श करना महत्वपूर्ण है। चिकित्सक संभावित रूप से किसी भी दवा की समीक्षा करेगा। यह देखने के लिए कि ली जा रही दवा मुंह में सूखापन तो नहीं पैदा कर रही है। चिकित्सक एक या अधिक नुस्खे बदल सकता है, या खुराक बदलने की भी सिफारिश कर सकता है।

डॉक्टर मुंह में लार के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कृत्रिम लार या ई-लार प्लस जैसी दवाएं भी लिख सकते हैं।

कैंसर के उपचार के परिणामस्वरूप शुष्क मुंह के लिए, नियमित रूप से दंत चिकित्सा कराने सहित, मौखिक स्वच्छता दिनचर्या को बनाए रखना आवश्यक है। शुष्क मुंह की समस्या से दैनिक आधार पर निपटने का एक चुनौतीपूर्ण दुष्प्रभाव हो सकता है। इस दुष्प्रभाव को प्रबंधित करने में सहायता के लिए चिकित्सक से संपर्क करना सबसे अच्छा है।

## समस्या ब्रेन फाग की



कितनी बार ऐसा होता है कि आप भूल जाते हैं कि आप दूसरे कमरे से क्या लेकर आना चाहते थे? ऐसा क्यों होता है तथा इस समस्या के अन्य तमाम पहलुओं की चर्चा कर रही हैं **मुग्धा प्रधान**

क्या आपके साथ कभी ऐसा वाकया पेश आया है कि जब आप किसी चीज की तलाश करते हैं, केवल यह पता लगाने के लिए कि आप उसे हर समय अपने हाथ में पकड़े रहते थे, या हो सकता है कि आपने अपने सिर पर चश्मा लगाया हो और फिर भी उसे हर जगह खोजते हैं? कभी-कभी आप कुछ करने के लिए एक कमरे से दूसरे कमरे में जा सकते हैं, और जब आप वास्तव में उस दूसरे कमरे में पहुँचते हैं, तो आप पूरी तरह से भूल जाते हैं कि आप  दूसरे कमरे में क्या करने आए थे।

ये केवल गाहे बगाहे की घटनाएं नहीं हैं, वास्तव में इसके लिए एक शब्द है। इसे ब्रेन फॉग कहा जाता है, यह एक ऐसा लक्षण है जो आपके निर्णय को धूमिल कर देता है और आपकी अल्पकालिक स्मृति को प्रभावित करता है। लोग अक्सर सोचते हैं कि यह उम्र बढ़ने की निशानी है, हालांकि, इसका आपकी उम्र से कोई लेना-देना नहीं है।

**लक्षण**

जानकारी याद रखने में परेशानी या ध्यान केंद्रित करने या ध्यान केंद्रित करने में असमर्थता होना, ब्रेन फॉग के कुछ लक्षण हैं। आप विचलित या भ्रमित महसूस कर सकते हैं। कभी-कभी आप किसी विशेष शब्द को भूल सकते हैं जो आपकी भाषा में एक बिलकुल सामान्य शब्द है, लेकिन आप याद करने में असमर्थ प्रतीत होते हैं।

**कमियां :** इन लक्षणों को बी कॉम्प्लेक्स, मैग्नीशियम, विटामिन डी, या ओमेगा -3 की कमी जैसी बुनियादी चीजों के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। हाइपोथायरायडिज्म, थायरॉइड का कम काम करना, या अंडरएक्टिव थायराइड भी ब्रेन फॉग का कारण बन सकता है। बेशक, यह किसी विशेष दिन नींद की कमी जैसी सामान्य चीजों के कारण भी हो सकता है या यदि आप ऐसे व्यक्ति हैं जो लंबे समय से कम सो रहे हैं और सात से आठ घंटे की अच्छी गुणवत्ता वाली नींद नहीं ले रहे हैं।

**संक्रमण :** हमने इसे लंबी कोविड महामारी या अन्य प्रकार के संक्रमण जैसे कि एच पाइलोरी संक्रमण के साथ देखा है। आपके शरीर में किसी भी प्रकार के संक्रमण होना आपके मस्तिष्क के काम नहीं करने का कारण बन सकता है, क्योंकि आपके शरीर की समूची ऊर्जा का इष्टतम स्तर और सभी महत्वपूर्ण संसाधन लगातार संक्रमण से लड़ने में खर्च हो रहे हैं। उस समय सोच और ध्वन्यात्मक कौशल को बैक बर्नर पर रखा जाता है।

**तनाव और दवाएं :** पुराना, मानसिक या भावनात्मक तनाव जैसा दूरगामी तनाव ब्रेन फॉग की समस्या को उकसा सकता है। कुछ दवाएं, विशेष रूप से एंटी-एलर्जी दवाइयां, एंटीहिस्टामाइन, एंटीडिपेंटेंट्स और बुखार और फ्लू को ठीक करने के लिए ली जाने वाली बहुत सारी ओवर-द-काउंटर दवाएं ब्रेन फॉग का कारण बन सकती हैं। यहां तक कि रक्तचाप के इलाज के लिए दी जाने वाली दवाएं भी ब्रेन फॉग के लक्षण शुरू कर सकती हैं। बहुत से लोग इसे पहले से ही जानते हैं, ज्यादा शराब का सेवन, यहां तक कि एक दिन में भी, ब्रेन फॉग को ट्रिगर कर सकता है, जिसे हैंगओवर के रूप में जाना जाता है।

**इस पर कैसे काबू पाएं**

सबसे पहले तो मूल कारण का पता लगाएं। आप जो कारण पाते हैं उसके आधार पर, उस मूल कारण से जूझना शुरू करें जो अंततः ब्रेन फॉग से छुटकारा पाने में मदद करेगा।

आप अपने आहार में बहुत सारे बदलाव करके भी इसे दूर कर सकते हैं जैसे कि बीज का तेल, चीनी, प्रसंस्कृत भोजन और जंक फूड खाना बंद करें। अंडे, मांस उत्पादों, और जई व शहद जैसे खाद्य पदार्थों जैसे अच्छी गुणवत्ता वाले प्रोटीन का सेवन करें। कोई भी चीज जो आमतौर पर खाए जाने वाले भोजन से होने वाली सूजन को कम करने में मदद करने वाली हो वो फायदेमंद होगी और दिमाग के कोहरे को दूर करने में मदद करेगी।

**-लेखिका कार्यात्मक पोषण विशेषज्ञ, आईथ्राइव की संस्थापक व सीईओ हैं।**

# समय रहते निदान आवश्यक

**डॉ. प्रवीण गर्ग** का कहना है कि कैंसर पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि इसमें मेटास्टेटिक होने और शरीर के अन्य भागों में फैलने की क्षमता होती है

एक दुर्लभ मामले में, नई दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में एक 61 वर्षीय महिला का डबल ट्यूमर का  सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया था। उच्च रक्तचाप, मोटापा और मधुमेह जैसी अंतर्निहित स्थितियों के साथ, महिला की गर्दन और छाती में दो गांठें थीं। उसकी छाती के अंदर की गांठ सांस लेते समय बेचैनी पैदा कर रही थी और धीरे-धीरे बढ़ रही थी। हालांकि ये गांठ दर्दनाक नहीं थी, मगर छाती में सूजन और गर्दन में प्रमुख उभार ने उसकी पहचान के लिए तत्काल निदान कराने के लिए प्रेरित किया। निदान होने पर, महिला में थायरॉयड सूजन और छाती के अंदर ट्यूमर का पता चला था।



**डॉ प्रवीण गर्ग**
वरिष्ठ सलाहकार,
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी,
अपोलो अस्पताल, नई दिल्ली

कैंसर पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता थी क्योंकि इसमें मेटास्टेटिक होने और शरीर के अन्य भागों में फैलने की क्षमता थी, इसलिए डॉक्टरों ने तत्काल सिक्वेंशियल कैंसर ट्यूमर हटाने की सर्जरी की सिफारिश की, जिसे डॉ प्रवीण गर्ग, वरिष्ठ सलाहकार, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी की देखरेख में पांच घंटे की लंबी प्रक्रिया में सफलतापूर्वक किया गया।

डॉ गर्ग ने कहा, ''हालांकि महिलाओं में थायराइड विकार आम हैं, मगर इस रोगी की जटिलता चुनौतीपूर्ण थी क्योंकि उसे क्रमशः थायराइड और छाती में ट्यूमर के दुर्लभ संयोजन की स्थिति बताई गयी थी। कुछ मामलों में थायरॉइड की असामान्य वृद्धि के कारण, छाती में गांठदार सूजन दिखाई दे सकती है, इस प्रकार के मामले दुर्लभ हैं (सालाना 2-3)। लेकिन हमारे लिए आश्चर्य की बात यह कि इस रोगी में थायराइड सूजन और छाती के अंदर सूजन अलग थी और उनमें कोई संबंध नहीं था।''



रोगी में एक बड़ी गण्डमाला होने का पता चला था जिससे थायरॉइड के दोनों लोब और छाती में गांठ का विस्तार हो गया था। शारीरिक जांच के दौरान उसने सांस लेने में लगातार तकलीफ की शिकायत की। आमतौर पर ऐसे मामलों में दो अलग-अलग सर्जरी की जाती हैं। पहली थायरॉयड ग्रंथि को हटाने के लिए, और दूसरी में छाती को हार्ट बाईपास सर्जरी की तरह खोलकर वहां से छाती का ट्यूमर निकाला जाता है। इस मामले में, रक्तचाप और मधुमेह जैसी मरीज की सहवर्ती बीमारियों को ध्यान में रखते हुए, जिनको कि दवाओं के माध्यम से नियंत्रण में रखा गया था, छाती को खोले बिना गर्दन के जरिए एक ही सर्जरी में दोनों ट्यूमर को हटा दिया गया था। उसकी पोस्टऑपरेटिव अवधि असमान थी और जैसा कि छाती को नहीं खोला गया था इसलिए मरीज को 48 घंटों में छुट्टी दे दी गई।

मौजूदा महामारी ने स्वास्थ्य संस्थानों में अनेक बीमारियों की निवारक स्वास्थ्य जांच में देरी की है। कैंसर उन बीमारियों में से एक है जिसका जल्द पता लगाने और इलाज की जरूरत होती है। हालांकि, लोगों के मन में अभी भी कोविड-अनुरूप व्यवहार का पालन करने के बावजूद कोविड -संक्रमित होने का डर बना हुआ है, मगर लोगों को स्वेच्छा से कैंसर जैसी बीमारियों के शीघ्र निदान के लिए आना चाहिए। इस कार्रवाई से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है।

**डॉ. प्रवीण गर्ग अपोलो अस्पताल, नई दिल्ली के सर्जिकल आंकोलोजी विभाग में वरिष्ठ सलाहकार हैं।**

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 13 फरवरी, 2022




# ऊर्जा से भरपूर है ओट्स (जौ)

## ओट्स की पौष्टिकता के बारे में जानकारी दे रही हैं डॉ. पवित्रा के.

ओट्स, एक प्रसिद्ध साबुत अनाज, काफी समय से हमारे आहार में लोकप्रियता और स्वीकृति प्राप्त कर रहा है। लस मुक्त और विटामिन, खनिज, फाइबर और एंटीऑक्सिडेंट का एक समृद्ध स्रोत होने के कारण, वे स्वास्थ्य लाभ से भरे हुए हैं। वजन घटाने, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने और हृदय रोग के जोखिम को कम करने के लिए ओट्स अच्छी तरह से अनुकूल हैं। ओट्स में मुख्य यौगिक बीटा-ग्लूकन, एक घुलनशील फाइबर है। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने के लिए जाना जाता है, खाने के बाद तृप्ति की बढ़ती भावना प्रदान करता है और आंत में स्वस्थ बैक्टीरिया के विकास को बढ़ावा देता है, जिससे आंत के स्वास्थ्य में सुधार होता है। जई को 10,000 साल पहले प्राचीन ग्रीक दुनिया में पेश किया गया था और आमतौर पर दलिया के रूप में खाया जाता था जबकि पशुओं को भी खिलाया जाता था। जैसे-जैसे मानव जाति आगे बढ़ी, वैसे-वैसे ओट्स भी। आज के समय में ओट्स को कई तरह से खाया जाता है। इसलिए, जई का सेवन करते समय, हमें जई के विभिन्न रूपों के बारे में पता होना चाहिए, जहां प्रत्येक रूप को अलग तरह से संसाधित किया जाता है और इसलिए इसका अलग-अलग सेवन किया जाता है। कम से कम संसाधित से सबसे अधिक संसाधित होने के क्रम में; ओट्स के प्रकारों में ओट ग्रोट्स, स्टील-कट ओट्स, रोल्ड ओट्स और इंस्टेंट ओट्स शामिल हैं।

**जई का दलिया :** यह मानव उपभोग के लिए उपलब्ध जई का सबसे कम संसाधित रूप है। जई की गुठली से अखाद्य भाग हटा दिए जाते हैं, अनाज को फिर साफ किया जाता है और शेल्फ जीवन को बढ़ाने के लिए गर्मी का इलाज किया जाता है। चूंकि ओट्स का यह रूप साबुत अनाज के सबसे करीब होता है, इसलिए इसे पकाने में अधिक समय लगता है (लगभग 30-45 मिनट) पकाने से पहले भिगोने की आवश्यकता होती है।

**स्टील-कट ओट्स :** स्टील-कट ओट्स प्राप्त करने के लिए प्रत्येक जई को दो-तीन टुकड़ों में काटा जाता है, आमतौर पर स्टील ब्लेड का उपयोग किया जाता है। स्टील-कट ओट्स को ओट ग्रेट्स की तुलना में पकाने में कम समय लगता है - लगभग 20 मिनट। स्टील-कट ओट्स मोटे, चबाने वाले और अखरोट के स्वाद वाले होते हैं।

**रोल्ड ओट्स :** रोल्ड ओट्स को पुराने जमाने के ओट्स के रूप में भी जाना जाता है, रोल्ड ओट्स मूल रूप से ओट्स होते हैं जिन्हें हल्के से स्टीम किया जाता है और फिर उन्हें वह विशेष आकार और बनावट देने के लिए रोल, चपटा और सुखाया जाता है। रोल्ड ओट्स में स्टील-कट ओट्स की तुलना में नरम बनावट और हल्का स्वाद होता है और खाना पकाने का समय लगभग 10-15 मिनट तक कम हो जाता है। झटपट/ झटपट पकने वाला ओट्स- ओट्स को इंस्टेंट ओट्स बनाने के लिए ओट्स को लंबे समय तक स्टीम किया जाता है और रोल्ड ओट्स की तुलना में पतले भी चपटे होते हैं। तुरंत ओट्स कुछ ही मिनटों (लगभग एक-तीन मिनट) में पक जाते हैं, जिससे एक भावपूर्ण बनावट मिलती है।

**झटपट/ झटपट पकने वाला ओट्स :** ओट्स को इंस्टेंट ओट्स बनाने के लिए ओट्स को लंबे समय तक स्टीम किया जाता है और रोल्ड ओट्स की तुलना में पतले भी चपटे होते हैं। तुरंत ओट्स कुछ ही मिनटों (लगभग एक-तीन मिनट) में पक जाते हैं, जिससे एक भावपूर्ण बनावट मिलती है। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि ओट्स और स्टील-कट ओट्स में रोल्ड और इंस्टेंट ओट्स की तुलना में फाइबर का स्तर थोड़ा अधिक होता है और पाचन में अधिक समय लगता है।

**ओट्स का सही प्रकार चुनना :** ओट्स खरीदने से पहले, कृपया नीचे दी गई बातों को सुनिश्चित कर लें : क्या आपकी कोई निश्चित स्वास्थ्य स्थिति है, जिसके लिए आपको विशिष्ट खाना पकाने के समय/पाचन समय के अनाज का उपभोग करने की आवश्यकता होती है? क्या आपके मन में एक निश्चित नुस्खा है जिसके लिए एक निश्चित स्वाद और बनावट के जई की आवश्यकता होगी? उदाहरण के लिए, रात भर के ओट्स को रोल्ड ओट्स के साथ सबसे अच्छा बनाया जाता है; जबकि ओट्स सूप के लिए इंस्टेंट ओट्स स्वादिष्ट हो सकते हैं। क्या आप पहली बार अपने आहार में ओट्स के



साथ प्रयोग कर रहे हैं? यदि हां, तो सुनिश्चित करें कि आप जो भी जई खरीदते हैं उसे कैसे पकाना है। इसके अतिरिक्त, सुनिश्चित करें कि आपके द्वारा खरीदे गए ओट्स में कोई अतिरिक्त परिष्कृत चीनी, कृत्रिम सामग्री या संरक्षक नहीं है, और प्रमाणित स्वच्छ लेबल है। जई के प्रसंस्करण के दौरान जई की धूल बनने की संभावना होती है। इसलिए, सुनिश्चित करें कि आप खरीद समझौता नहीं करते हैं या आप अनाज की तुलना में अधिक धूल खरीद सकते हैं। कुछ ब्रांड सफाई और एक निश्चित प्रक्रिया का पालन करके शून्य धूल सुनिश्चित करते हैं ताकि आप धूल के बजाय पैकेज में अनाज के साथ समाप्त हो जाएं।

**ओट्स पकाने के लिए सुझाव :** ओट्स को पैकेज के निर्देशों के अनुसार, या अतिरिक्त प्रोटीन, (दूध, दही या एक पूरक) और कुछ स्वस्थ वसा (अखरोट का मक्खन या नट्स और बीज) के साथ कुछ ताजे, मौसमी फलों के साथ पकाया जा सकता है। आप कुछ अतिरिक्त स्वाद और विविधता प्राप्त करने के लिए 100 प्रतिशत डार्क चॉकलेट के साथ चॉकलेट ग्रेनोला का सेवन भी शुरू कर सकते हैं क्योंकि ग्रेनोला में रोल्ड ओट्स एक महत्वपूर्ण घटक है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप सबसे अच्छा खा रहे हैं, ऐसे ब्रांड देखें जो क्लीन लेबल और होलग्रेन प्रमाणित हों। यह आपको आश्वस्त करता है कि उनके उत्पाद जिन प्रक्रियाओं से गुजरते हैं वे शीर्ष पायदान पर हैं। यदि आप पारंपरिक भारतीय भोजन पसंद करते हैं, तो चटपटे ओट्स पोंगल, ओट्स कांजी का एक गर्म कटोरा, या एक स्वादिष्ट ओट्स पोहा देखें। यदि आप अपने पसंदीदा व्यंजनों में ओट्स जोड़ना चाहते हैं, तो आप अपने सूप या खिचड़ी के कटोरे में कुछ अच्छी तरह से पके हुए ओट्स / स्टील-कट ओट्स जोड़ सकते हैं- अतिरिक्त फाइबर के लिए; या बेले हुए ओट्स को पीसकर बारीक पाउडर बना लें और स्वादिष्ट पैनकेक, डोसा या चीला बना लें; इसके अलावा, आप कुकीज और केक बेक करने के लिए रोल्ड ओट्स (पूरे या पाउडर के रूप में) का उपयोग कर सकते हैं। संक्षेप में, यह जई खरीदने के लिए मायने रखता है जो प्रमाणित स्वच्छ-लेबल, सत्य और स्वस्थ हैं; और उन्हें सही तरीके से पकाना एक अच्छी शुरुआत है। स्वस्थ भी स्वादिष्ट हो सकता है!

**(लेखक लीड, न्यू प्रोडक्ट डेवलपमेंट, टू एलिमेंट्स हैं)**

# पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य

## इष्टतम व्यायाम सत्र सुनिश्चित करने के लिए, विकास जैन पूर्व-कसरत आहार के लिए सुझाव दे रहे हैं।

जब आप नियमित रूप से कसरत करते हैं तो अपने शरीर को पौष्टिक खाद्य पदार्थों से भरना महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि व्यायाम के लिए बहुत अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। प्री-वर्कआउट भोजन हमारे शरीर पर बहुत प्रभाव डालता है। विशेष रूप से जब कसरत के दौरान और बाद में आपको केंद्रित और ऊर्जावान बनाए रखने की बात आती है और मांसपेशियों को बनाने और बनाए रखने और तेजी से ठीक होने में भी मदद करता है।

आइए हम आपके वर्कआउट सेशन के माध्यम से आपको बढ़ावा देने के लिए कुछ बेहतरीन प्री-वर्कआउट फूड विकल्पों पर एक नज़र डालें:



### ब्लैक कॉफ़ी

चूंकि ब्लैक कॉफी में कैफीन होता है जिसमें जागृति तत्व होते हैं, यह व्यायाम प्रदर्शन को बढ़ाने और लम्बा करने के लिए जाना जाता है। यह किसी व्यक्ति के शारीरिक प्रदर्शन को बढ़ाने में भी मदद करता है। इसके अलावा, संज्ञानात्मक कार्य को बढ़ाता है और संभावित रूप से वसा जलने की मात्रा को बढ़ाता है।

**कब:** वर्कआउट से 45-60 मिनट पहले
**मात्रा :** 200-300 मिलीग्राम

### मूंगफली का मक्खन

चूंकि इसमें लगभग 30 आवश्यक खनिज और विटामिन होते हैं, मूंगफली का मक्खन प्रोटीन का एक बड़ा स्रोत है। यह आपके व्यायाम प्रदर्शन को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकता है। आप इसे एक ही बार में कार्ब्स और प्रोटीन का मिश्रण बनाने के लिए इसे ऐसे ही या ब्रेड के टुकड़े के साथ ले सकते हैं।

**कब :** जिम जाने से 10-20 मिनट पहले
**मात्रा :** एक चम्मच

### दलिया

यह प्रोटीन से भरपूर, फाइबर से भरपूर, और कम वसा वाला भोजन है जो एक छोटी या लंबी कसरत के लिए निरंतर ऊर्जा जारी करता है। ओट मील बहुत ही पौष्टिक और पेट भरने वाला माना जाता है इसलिए यह वजन घटाने में भी मदद करता है।

**कब:** वर्कआउट से एक से दो घंटे पहले
**मात्रा:** आधा कप खाने के लिए या स्मूदी के रूप में

### प्रोटीन शेक

यदि आप मांसपेशियों को बढ़ाना चाहते हैं तो यह अविश्वसनीय रूप से सहायक है। प्रोटीन शेक भी मांसपेशियों की क्षति को कम करने में मदद करता है और इस प्रकार रिकवरी में सहायता करता है।

**कब :** कसरत से पहले 30 मिनट और दो घंटे के बीच
**मात्रा :**25-35 ग्राम

### दही

यह सबसे अच्छा गो-टू-प्री-वर्कआउट भोजन है जिसे अधिमानत: बिना मीठा लिया जाता है क्योंकि यह कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन का एक बेहतरीन संयोजन है। बेहतर परिणामों के लिए दही को ताजे फलों के साथ मिलाएं।

**कब :** वर्कआउट से 30 मिनट से एक घंटे पहले
**मात्रा :** दो-तीन चम्मच

### ब्राउन राइस और चिकन

यह एक क्लासिक प्री-वर्कआउट भोजन है। वर्कआउट से पहले कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और फैट की जरूरत होती है। ब्राउन राइस और चिकन कुछ सब्जियों के साथ मिलकर आपके शरीर के लिए इस पोषण को पूरा करते हैं। इसके साथ ही, यह



अमीनो एसिड में भी समृद्ध है जो मांसपेशियों की वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सिद्ध होते हैं और धीमी गति से रिलीज होने वाली ऊर्जा का स्रोत होते हैं।

**कब :** कसरत से दो घंटे पहले
**मात्रा :**200-300 ग्राम

### केला

केले में पोटेशियम और कार्बोहाइड्रेट जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं जो व्यायाम के प्रदर्शन को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाते हैं। केला प्री-वर्कआउट के लिए एक अच्छा विकल्प है क्योंकि वे शरीर को वजन कम किए बिना या पेट खराब किए लंबे समय तक चलने वाली ऊर्जा प्रदान करते हैं।

**कब :** वर्कआउट से 15-20 मिनट पहले
**मात्रा :** एक या दो

### ग्लूकॉन-डी

ग्लूकॉन-डी कुछ बहुत ही आवश्यक मोनोसेकेराइड प्रदान करता है जो तत्काल ऊर्जा जनरेटर हैं। यह मानव शरीर को रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है जो समय के साथ कम हो जाता है क्योंकि आप काम में ऊर्जा का निवेश करते हैं।

**कब:** वर्कआउट से 10-15 मिनट पहले या वर्कआउट के दौरान भी इंस्टेंट एनर्जी के लिए।
**मात्रा:** दो चम्मच 100-200 मिली पानी में

**आपको भोजन से कब बचना चाहिए?**

योग जैसी शारीरिक गतिविधियों के लिए खाली पेट रहना जरूरी है। सौचा, शरीर, परिवेश और मन की सफाई एक बेहतर कसरत में मदद करती है।

### शाम की कसरत के लिए खाना

जो लोग शाम को कसरत करना पसंद करते हैं उन्हें नाश्ते और दोपहर के भोजन के लिए उच्च कार्ब भोजन करना चाहिए क्योंकि ये ग्लाइकोजन भंडारण की भरपाई करते हैं। उन्हें कैफीन से बचना चाहिए क्योंकि इससे नींद के चक्र में गड़बड़ी होगी और रात की अच्छी नींद मांसपेशियों की वृद्धि और रिकवरी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

ये पूर्व-कसरत भोजन मांसपेशियों की वृद्धि और पुनर्प्राप्ति के लिए आवश्यक पोषण प्रदान करने में बहुत कुशल हैं।

हालांकि, किसी को भी अपने आहार चार्ट को डिजाइन करने के लिए हमेशा अपने फिटनेस विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए, जिसमें उनके शरीर के प्रकार और कसरत के स्तर के अनुसार पूर्व और बाद के भोजन के साथ-साथ पूरे दिन कैलोरी की मात्रा शामिल है।

**(लेखक एनीटाइम फिटनेस इंडिया के एमडी हैं**



# रिया चक्रवर्ती दो साल बाद काम पर लौटीं

**मुंबई।** अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती ने शनिवार को कहा कि वह दो साल बाद काम पर वापस लौटी हैं। उन्होंने इन दो वर्षों को अपनी जिंदगी का सबसे मुश्किल दौर बताया। अभिनेत्री चक्रवर्ती उस वक्त विवादों में आई थीं जब उनके प्रेमी एवं अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत 2020 में मृत पाए गए थे। 29 वर्षीय चक्रवर्ती पर राजपूत को आत्महत्या के लिए उकसाने तथा उनके परिवार पर अभिनेता की संपत्ति का दुरुपयोग करने का आरोप लगा था।

चक्रवर्ती को पिछली बार 2021 में आई थ्रिलर फिल्म चेहरे में देखा गया था जिसमें अमिताभ बच्चन ने भी काम किया है। चक्रवर्ती ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया जिसमें उन्हें एक रेडियो स्टेशन में देखा जा सकता है।

उन्होंने लिखा, कल, मैं दो साल बाद काम पर गई थी। उन सभी लोगों का बहुत-बहुत शुक्रिया जो मेरे सबसे मुश्किल वक्त में मेरे साथ खड़े रहे। क्या होता है यह मायने नहीं रखता, सूरज हमेशा चमकता है। कभी हार मत मानो। मेरे डैड की मारुति और जलेबी जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुकीं चक्रवर्ती को 2020 में राजपूत की मौत से जुड़े मादक पदार्थ मामले में यहां 28 दिन जेल में रहना पड़ा था। वह अभी जमानत पर हैं।

# *माई नेम इज खान* के बनाने में हमने पूरी जान लगा दी थीः करण

**मुंबई।** फिल्मकार करण जौहर ने शनिवार को शाहरुख खान-काजोल अभिनीत माई नेम इज खान की 12वीं वर्षगांठ मनाई और



कहा कि यह फिल्म उनके दिल का एक कीमती हिस्सा है। जौहर ने इस फिल्म का निर्देशन किया था।

वर्ष 2010 में आई इस फिल्म की कहानी, एसपरजर्स सिंड्रोम नामक बीमारी से पीड़ित भारत के एक मुस्लिम (खान) के इर्द-गिर्द घूमती है जिसकी दुनिया अमेरिका




पर हुए 9।11 आतंकी हमले के बाद उजड़ गई थी। खान (किरदार) पूरे अमेरिका की यात्रा कर राष्ट्रपति बराक ओबामा से मिलने जाता है। काजोल ने इस फिल्म में खान की पत्नी की भूमिका निभाई थी। माई नेम इज खान 12 फरवरी 2010 को रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर इसने अच्छी कमाई की थी।

जौहर ने ट्विटर के जरिए फिल्म के गाने नूर ए खुदा की पृष्ठभूमि में फिल्म से जुड़े क्षणों को साझा किया। उन्होंने लिखा, मेरे दिल का एक कीमती हिस्सा आज 12 साल का हो गया। इसे बनाने में मेरी टीम और मैंने अपनी जान लगा दी थी। बदले में आप सबसे इसे असीमित प्यार मिला।

# खिलाड़ियों पर जमकर हुई धनवर्षा

**भाषा।** बेंगलुरू

**भारत के स्टार** खिलाड़ियों पर आज आईपीएल नीलामी में जमकर धनवर्षा हुई। विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में युवराज सिंह के बाद दूसरे सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बन गए जबकि कुल 10 खिलाड़ियों को यहां चल रही नीलामी के पहले दिन शनिवार को 10 करोड़ रुपए या इससे अधिक की धनराशि में खरीदा गया। ईशान को मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद से लंबी होड़ के बाद 15 करोड़ 25 लाख रूपए में फिर खरीदा। तेज गेंदबाजों में भी टीमों ने दिलचस्पी दिखाई जबकि अनकैप्ड (जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेले हैं) खिलाड़ियों पर भी मोटी बोली लगाई गई। तेज गेंदबाज दीपक चाहर में कई टीमों ने दिलचस्पी दिखाई लेकिन आखिर में चेन्नई सुपर किंग्स उन्हें 14 करोड़ रुपए खर्च करके अपनी टीम से फिर से जोड़ने में सफल रहा।

विकेटकीपरों ने भी टीमों को आकर्षित किया और इनमें सबसे बड़ी धनराशि मिली ईशान को जिनके लिए मुंबई और हैदराबाद के बीच जबर्दस्त होड़ लगी। ईशान का आधार मूल्य दो करोड़ रूपए था। विश्व कप 2011 में भारत की जीत के नायक रहे युवराज को दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) ने 2015 सत्र से पहले रिकॉर्ड 16 करोड़ रूपए में खरीदा था। आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला क्रिस मौरिस हैं जिन्हें 2021 में मिनी नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने 16 . 25 करोड़ रूपए में खरीदा था। भारत के स्टायलिश बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को केकेआर ने 12 करोड़ 25 लाख रूपए में तो श्रीलंका के हरफनमौला वानिंदु हसरंगा को आरसीबी ने 10.75 करोड़ रूपए में खरीदा। वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन को सनराइजर्स ने 10.75 करोड़ रूपए में खरीदा। दिनेश कार्तिक को आरसीबी ने साढे पांच करोड़ रूपए में जबकि जॉनी बेयरस्टॉ को पंजाब किंग्स ने पौने सात करोड़ रूपए में अपनी टीम में शामिल किया। अंबाती रायुडू को चेन्नई ने इसी रकम पर फिर से खरीदा। आवेश आईपीएल नीलामी में सबसे बड़ी कीमत पर बिकने वाले अनकैप्ड खिलाड़ी बने। अन्य अनकैप्ड खिलाडियों में गुजरात ने राहुल तेवतिया पर नौ करोड़ जबकि पंजाब ने शाहरूख खान के लिए इतनी ही धनराशि खर्च की और हरप्रीत बरार को 3.80 करोड़ रुपए में खरीदा। केकेआर ने 7.25 करोड़ रुपए में शिवम मावी को फिर से अपनी टीम से जोड़ा। सनराइजर्स ने राहुल त्रिपाठी के लिए 8.50 करोड़ रुपए और अभिषेक शर्मा के लिए 6.50 करोड़ रुपए की बोली लगाई। रॉयल्स ने रेयान पराग के लिए 3.80 करोड़ रुपए जबकि मुंबई ने दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को तीन करोड़ रुपए में अपनी टीम से जोड़ा। दिल्ली के विकेटकीपर अनुज रावत 3.40 करोड़ रुपए में आरसीबी से जबकि स्पिनर आर साई किशोर तीन करोड़ रुपए में गुजरात से जुड़े। भारत के स्टार लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को राजस्थान रॉयल्स ने छह करोड़ 50 लाख रुपए तथा राहुल चाहर को पंजाब किंग्स ने पांच करोड़ 25 लाख रुपए में खरीदा। दिल्ली ने कुलदीप को दो करोड़ रुपए में अपनी टीम से जोड़ा। केकेआर ने आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस को सात करोड़ 25 लाख रूपए में फिर खरीदा जबकि पिछली बार वह 15 करोड़ रूपए में बिके थे। भारत के सीनियर सलामी बल्लेबाज धवन को भी पंजाब ने आठ करोड़ 25 लाख रूपए में खरीदा। रविचंद्रन अश्विन को राजस्थान ने पांच करोड़ रूपए में जबकि देवदत्त पडिक्कल को रॉयल्स ने पौने आठ करोड़ रूपए में खरीदा।

## विकेटकीपरों ने भी टीमों को आकर्षित किया और इनमें सबसे बड़ी धनराशि मिली ईशान को जिनके लिए मुंबई और हैदराबाद के बीच जबर्दस्त होड़ लगी



## आईपीएल में पहले दिन की नीलामी के बाद टीमों की स्थिति

**बेंगलुरू।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को यहां पहले दिन की नीलामी समाप्त होने के बाद टीमों की स्थिति इस तरह से है।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायुडू, मोइन अली, एमएस धोनी, रविंद्र जडेजा, दीपक चाहर, ड्वेन ब्रावो, रॉबिन उथप्पा, केएम आसिफ, तुषार देशपांडे (खिलाड़ी खरीदे: 10, शेष बजट : 20.45 करोड़ रुपए)

दिल्ली कैपिटल्स: डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, मिशेल मार्श, ऋषभ पंत, सरफराज खान, केएस भरत, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, एनरिक नोर्किया, कमलेश नागरकोटी, मुस्तफिजुर रहमान, अश्विन हेब्बार (खिलाड़ी खरीदे: 13, शेष बजट: 16.50 करोड़ रुपए)

**गुजरात टाइटन्स:** शुभमन गिल, जेसन रॉय, अभिनव मनोहर, हार्दिक पंड्या, राहुल तेवतिया, राशिद खान, मोहम्मद शमी, लॉकी फर्ग्यूसन, आर साई किशोर, नूर अहमद (खिलाड़ी खरीदे: 10, शेष बजट: 18.85 करोड़ रुपए)

कोलकाता नाइट राइडर्स: वेंकटेश अय्यर, नितीश राणा, श्रेयस अय्यर, शेल्डन जैक्सन, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, पैट कमिंस, शिवम मावी, वरुण चक्रवर्ती (खिलाड़ी खरीदे: नौ, शेष बजट: 12.65 करोड़ रुपए)

**लखनऊ सुपरजाइंट्स:** केएल राहुल, क्विंटन डिकॉक, मनीष पांडे, दीपक हुड्डा, मार्कस स्टोइनिस, क्रुणाल पंड्या, जेसन होल्डर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, मार्क वुड, अंकित राजपूत (खिलाड़ी खरीदे: 11, शेष बजट : 6.90 करोड़ रुपए)

**मुंबई इंडियंस:** रोहित शर्मा, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, कीरोन पोलार्ड, जसप्रीत बुमराह, एम अश्विन, बासिल थंपी (खिलाड़ी खरीदे: आठ, शेष बजट: 27.85 करोड़ रुपए)

**पंजाब किंग्स:** शिखर धवन, मयंक अग्रवाल, जॉनी बेयरस्टो, जितेश शर्मा, प्रभसिमरन सिंह, शाहरुख खान, हरप्रीत बराड़, कगिसो रबाडा, राहुल चाहर, अर्शदीप सिंह, ईशान पोरेल (खिलाड़ी खरीदे: 11, शेष बजट: 28.65 करोड़ रुपए)

**राजस्थान रॉयल्स:** देवदत्त पडिक्कल, यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, रेयान पराग, आर अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा, केसी करियप्पा (खिलाड़ी खरीदे: 11, शेष बजट : 12.15 करोड़ रुपए)

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर:** फाफ डु प्लेसी, विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, शाहबाज अहमद, वानिन्दु हसरंगा, हर्षल पटेल, जोश हेजलवुड, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप (खिलाड़ी खरीदे: 11, शेष बजट : 9.25 करोड़ रुपए)

**सनराइजर्स हैदराबाद:** अभिषेक शर्मा, राहुल त्रिपाठी, केन विलियमसन, निकोलस पूरन, प्रियम गर्ग, अब्दुल समद, वाशिंगटन सुंदर, भुवनेश्वर कुमार, जे सुचित, श्रेयस गोपाल, कार्तिक त्यागी, टी नटराजन, उमरान मलिक (खिलाड़ी खरीदे : 13, शेष बजट : 20.15 करोड़ रुपए)

# मिताली राज के अर्धशतक बेकार हारी भारतीय महिला टीम

● न्यूजीलैंड की 62 रन से जीत, सूजी का शतक



**भाषा।** क्वींसटाउन

**कप्तान मिताली** राज के अर्धशतक के अलावा भारतीय बल्लेबाज एक बार फिर नाकाम रहीं और न्यूजीलैंड ने पहला महिला एक दिवसीय क्रिकेट मैच शनिवार को 62 रन से जीत लिया। पहले बल्लेबाजी का फैसला लेने वाली न्यूजीलैंड टीम के लिए सूजी बेट्स ने 111 गेंद में 106 रन बनाए जिसकी मदद से मेजबान ने 275 रन का स्कोर बनाया। जवाब में भारतीय टीम 49 . 4 ओवर में 213 रन पर आउट हो गई। अपना 221वां वनडे खेल रही 39 वर्ष की मिताली ने शानदार फॉर्म कायम रखते हुए पिछली 11 पारियों में सातवां अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 73 गेंद में छह चौकों की मदद से 59 रन बनाए। भारतीय महिला टीम ने पिछले वनडे में गत वर्ष सितंबर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे बड़े लक्ष्य 265 रन को हासिल करके जीत दर्ज की थी। उस जीत के साथ भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया का 26 मैचों का जीत का सिलसिला भी तोड़ा था। मिताली ने वनडे क्रिकेट में चार अलग अलग टीमों आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड , श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ एक एक हजार रन पूरे करने के साथ ही चार्लोट एडवर्ड्स की बराबरी भी कर ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ महिला वनडे में एक हजार रन पूरे करने वाली वह पहली भारतीय क्रिकेटर हो गई। यस्तिका भाटिया ने उनका बखूबी साथ दिया तो तीसरे नंबर पर उतरी। उन्होंने 63 गेंद में 41 रन बनाए और दोनों ने 88 रन की साझेदारी की। हेली जेनसेन की शॉर्ट गेंद पर हालांकि वह अपना विकेट गंवा बैठी। इसके बाद कोई भारतीय बल्लेबाज टिक नहीं सकीं। जेस केर ने 35 रन देकर चार विकेट लिए और भारतीय टीम 49 . 4 ओवर में 213 रन पर आउट हो गई। इससे पहले भारत को एकमात्र टी20 मैच में 18 रन से पराजय झेलनी पड़ी थी। भारत को हरमनप्रीत कौर की खराब फॉर्म का खामियाजा भी भुगतना पड़ रहा है। बिग बैश लीग में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रही हरमनप्रीत ने 22 गेंद में 10 रन बनाए। पिछली पांच पारियों में उनका स्कोर 10, 16, 19,। और नाबाद 30 रहा है। चार मार्च से शुरू हो रहे विश्व कप से पहले भारत के लिए यह चिंता का सबब है। स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना के पृथकवास का समय बढ़ाए जाने से भी भारत की बल्लेबाजी कमजोर लग रही है। मिताली ने कहा , हमें 270 रन बनाने चाहिए थे। हमें स्मृति मंधाना की कमी खली लेकिन यह दूसरों के पास अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा मौका है। हमने पहली पारी के दूसरे हाफ में वापसी की लेकिन गेंदबाजों को तेज हवाओं के बीच खुद को ढालने में समय लगा। इससे पहले न्यूजीलैंड के लिए सूजी ने अपना 11वां वनडे शतक लगाया लेकिन भारत ने आखिरी पांच विकेट 25 रन के भीतर लेकर मेजबान को 48 .। ओवर में 275 रन पर रोक दिया।

सूजी को 14 के स्कोर पर जीवनदान भी मिला जब पूजा वस्त्राकर की गेंद पर राजेश्वरी गायकवाड़ ने प्वाइंट में उनका कैच छोड़ा।

### स्कोर

**न्यूजीलैंड** महिला पारी :सूजी का शेफाली बो दीप्ति 106, ग्रीन का भाटिया बो दीप्ति 17, केर बो पूनम 33,सैटर्थवेट का घोष बो गोस्वामी 63,डेवाइन का मिताली बो वस्त्राकर 13,ताहुहू का हरमनप्रीत को वस्त्राकर 13, मार्टिन रन आउट 6,हालीडे का घोष बो गोस्वामी 6,जेनसेन का मिताली बो गायकवाड़ 6,केर का मेघना बो गायकवाड़ 4, रोव नाबाद 5, **अतिरिक्त** : आठ रन, कुल **योग** : 48 .। ओवर में 275 रन, विकेट पतन :।-54, 2-106, 3-204, 4-222, 5-236, 6-250, 7-258, 8-265, 9-269,**गेंदबाजी** : गोस्वामी 10-0- 58-2, वस्त्राकर 9- 0-55-2, गायकवाड़ 7.1-0-28-2, दीप्ति 8-0-72-2, पूनम 10-1-51 -1, हरमनप्रीत 4-0-30-0

**भारत महिला पारी** : मेघना का ग्रीन बो ताहुहू 4, शेफाली पगबाधा बो डेवाइन 12,भाटिया का ग्रीन बो जेनसेन 41, मिताली का एमेलिया बो जेस 59,हरमनप्रीत का हालीडे बो जेस 10, घोष स्ट मार्टिन बो रोव 22, दीप्ति का ग्रीन बो एमेलिया 16,वस्त्राकर का बेट्स बो जेनसेन 23, गोस्वामी नाबाद 13, पूनम का मार्टिन बो जेस 3, गायकवाड़ बो जेस 0,**अतिरिक्त** : 10 रन, **कुल योग** : 49 . 4 ओवर में 213 रन, विकेट पतन :।-13, 2-17, 3-105, 4-130, 5-139, 6-164, 7-190, 8-201, 9-213, गेंदबाजी : ताहुहू 9-1-36-1, जेस 9.4-2-35-4, डेवाइन 7-0-23-।, जेनसेन 8-0-36 -2, रोव 6-0-25-1, एमेलिया 10- 0 -54-1

## क्विक न्यूज

### हैदराबाद एफसी ने खासा क्मारा से करार किया

**हैदराबाद।** हैदराबाद एफसी ने शनिवार को घोषणा की कि उसने मॉरिटानिया के अंतरराष्ट्रीय मिडफील्डर खासा क्मारा से कम समय के लिए इस सत्र के अंत तक करार किया है। वह हैदराबाद एफसी में फ्री एजेंट के तौर पर जुड़ेंगे और टीम में एडु गार्सिया की जगह लेंगे। क्मारा ने विज्ञप्ति में कहा, मै हैदराबाद एफसी से जुड़कर खुश हूं और इस सत्र में इस शानदार क्लब का हिस्सा होना शानदार है।

### दीक्षा डागर 21वें स्थान पर पहुंची, अमनदीप 57वें स्थान पर खिसकीं

**नैरोबी।** भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर ने मुश्किल परिस्थितियों से जूझने के बाद यहां मैजिकल कीनिया लेडीज ओपन में इवन पार 72 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 21वें स्थान पर चल रही है। वही हमवतन अमनदीप द्राल के लिए दिन मुश्किल रहा जिन्होंने सात ओवर 79 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 57वें स्थान पर खिसक गई। दीक्षा ने चार बर्डी लगाई जबकि एक डबल बोगी कर बैठी। वही अमनदीप के नाम एक भी बर्डी नही रही, पर वह पांच बोगी और एक डबल बोगी लगा बैठी।

### स्टेट टेनिस बाल क्रि केट चैंपियनशिप के ट्रायल आज

**लखनऊ।** आगरा में होने वाली सीनियर और जूनियर स्टेट टेनिस बाल क्रिकेट चैंपियनशिप के ट्रायल का आयोजन टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन ऑफलखनऊ के द्वारा 13 फरवरी को आईआईएसई कल्याणपुर व स्वामी योगानंद गर्ल्स कॉलेज ए छोटा तालाब राजाजीपुरम मोहान रोड पर किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी 8881803374 एम यू खान, 8299524763 वाकिफ हुसैन से संपर्क कर सकते हैं।

### पीएसएल में लाहौर क्लंदर्स ने मुल्तान सुल्तांस को हराया

**लाहौर।** लाहौर क्लंदर्स ने मुल्तान सुल्तांस का छह मैचों मे जीत का सिलसिला तोड़ते हुए शुक्रवार को पाकिस्तान सुपर लीग मे उसे 52 रन से हराया। जमान खान, हारिस रऊफ और कप्तान शाहीन शाह अफरीदी ने मिलकर छह विकेट लिए जिससे मुल्तान की टीम 19 . 3 ओवर मे 130 रन पर आउट हो गई। लाहौर ने पहले चार विकेट पर 182 रन बनाए थे। फखर जमां ने 60 रन बनाए और इस सत्र में 400 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। मुल्तान के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे।सोहेब मकसूद ने सर्वाधिक 29 रन बनाए जबकि मोहम्मद रिजवान ने 20 रन जोड़े। दोनों ने 44 रन की साझेदारी की जो मुल्तान के लिए सबसे बड़ी साझेदारी थी।

# सनराइजर्स से छोड़ने के बाद फिर से दिल्ली से जुड़ने से खुश हैं वार्नर

**भाषा।** बेंगलुरू



**आस्ट्रेलिया के** धाकड़ सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर सनराइजर्स हैदराबाद से नाता टूटने के बाद फिर से दिल्ली कैपिटल्स की टीम से जुड़कर खुश हैं जहां से उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने अभियान की शुरुआत की थी। यह वार्नर और दिल्ली दोनों के लिए फायदे की स्थिति रही है। दिल्ली फ्रेंचाइजी के सह मालिक पार्थ जिंदल को विश्वास नहीं हो रहा है उन्हें वार्नर जैसा दिग्गज खिलाड़ी केवल छह करोड़ 25 लाख रुपए में मिल जाएगा। जहां तक वार्नर का सवाल है तो सनराइजर्स के साथ उनके रिश्तों में पिछले साल खटास पैदा हो गई थी जबकि उन्हें टूर्नामेंट के बीच में कप्तानी से हटा दिया गया था और बाद में उन्हें अंतिम एकादश में भी जगह नहीं मिली थी। वार्नर ने आईपीएल की अपनी यात्रा दिल्ली फ्रेंचाइजी की टीम से ही की थी और उन्होंने फिर से इस टीम से जुड़ने पर खुशी जताई। मैंने जहां से शुरुआत की थी फिर से उसी टीम से जुड़ रहा हूं। मैं वास्तव में उत्साहित हूं। भारत में जल्द ही आप सभी से मिलने के लिए बेकरार हूं। इस बीच जिंदल ने कहा, डेविड वार्नर को खरीदकर वास्तव में हम उत्साहित हैं। मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि हमें इस तरह का दिग्गज खिलाड़ी छह करोड़ 25 लाख रुपए में मिल गया है।

## आईपीएल नीलामी के दौरान बेहोश हुए नीलामीकर्ता ह्यू एडमीड्स

**बेंगलुरू।** अनुभवी नीलामीकर्ता ह्यू एडमीड्स शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी के पहले सत्र के दौरान ब्लड प्रेशर कम होने (निम्न रक्तचाप) के कारण बेहोश होकर गिर गए लेकिन मेडिकल चेक-अप के बाद वह अब ठीक हैं। अनुभवी खेल प्रस्तोता चारू शर्मा को बची हुई नीलामी की जिम्मदारी सौंपी गई है क्योंकि एडमीड्स चिकित्सकों की देखरेख में हैं। आईपीएल के बयान के अनुसार, आईपीएल नीलामीकर्ता ह्यू एडमीड्स आज दोपहर आईपीएल नीलामी के दौरान अचानक ब्लड प्रेशर कम होने के कारण बेहोश होकर गिर गए। इस घटना के बाद चिकित्सा टीम ने उनकी जांच की और उनकी हालत स्थिर है। इसके अनुसार, चारू शर्मा आज नीलामी की प्रक्रिया जारी रखेंगे। एडमीड्स (60 वर्ष) नीलामी करते हुए ही बेहोश हो गए जिससे नीलामी में समय से पहले लंच कर दिया गया। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के एक सूत्र ने पीटीआई से कहा, डॉक्टरों ने उनकी जांच की। वह अब ठीक हैं, उनका रक्तचाप अचानक नीचे आ गया था और उनके अचानक बेहोश होकर गिरने का यही कारण था। पूरे चेक-अप के बाद ही हमें और कुछ पता चल पाएगा। बीसीसीआई प्रवक्ता ने बाद में कहा, उनकी हालत स्थिर है और हम बाद में और अपडेट देंगे। एडमीड्स दुनिया भर में 2700 नीलामी से ज्यादा कर चुके हैं जिनमें मुख्यत: कारों की नीलामी शामिल है। इसमें एस्टन मार्टिन भी शामिल है जिसका इस्तेमाल एक जेम्स बांड फिल्म में किया गया था। उन्होंने श्रीलंकाई लेग स्पिनर वानिंदु हसारंगा का नाम नीलामी के लिए पुकारा था, तभी वह गिर पड़े। उन्हें तुरंत ही मेडिकल चिकित्सा के लिए स्ट्रेचर पर ले जाया गया। बीसीसीआई सूत्र ने कहा, बैक-अप योजना के तहत चारू आ चुके हैं और बची हुई नीलामी कराएंगे। चारू शर्मा आईपीएल के पहले सत्र के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी थे।

# श्रृंखला में मध्यक्रम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन अच्छा रहा : रोहित



**भाषा।** अहमदाबाद

भारत की मध्यक्रम की बल्लेबाजी लंबे समय से चर्चा का विषय बनी हुई है लेकिन नए कप्तान रोहित शर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-0 से जीती श्रृंखला में श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव जैसे बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता जताई। सूर्य ने पहले दो वनडे में अच्छा प्रदर्शन किया जबकि तीसरे वनडे में श्रेयस और ऋषभ पंत ने अच्छी पारियां खेली। रोहित ने श्रृंखला के बाद कहा , बीच के ओवरों को लेकर हम चिंतित थे लेकिन इस श्रृंखला में मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा , हमने हालात के अनुरूप बल्लेबाजी की और लंबे समय से इस पर बात हो रही है कि शीर्ष तीन बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के कारण मध्यक्रम को ज्यादा मौके नहीं मिलते हैं। इस श्रृंखला में मध्यक्रम ने हालात के अनुरूप अच्छी बल्लेबाजी की। वनडे क्रिकेट में चौथा, पांचवां और छठा नंबर बल्लेबाजी में काफी महत्वपूर्ण है। भारतीय क्रिकेट के कुछ महान बल्लेबाजों ने उस क्रम पर बल्लेबाजी की है। इस नंबर पर उतरने वाले बल्लेबाजों को समय मिलना बहुत जरूरी है और इनमें से अगर कोई गेंदबाजी में भी सक्षम है तो इससे बेहतर क्या हो सकता है। रोहित ने स्वीकार किया कि नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण थी। ये पिच चुनौतीपूर्ण थी जिससे गेंदबाजों को काफी मदद मिली। तीनों मैचों में अलग तरह की चुनौती थी। लंबे समय से विराट कोहली का शतक नहीं बना पाना प्रशंसकों के लिए चिंता का सबब हो सकता है लेकिन रोहित ने इस सवाल पर हैरानी जताई। विराट कोहली को कांफिडेंस की जरूरत है। क्या बात कर रहे हो यार। शतक नहीं बनाना अलग बात है लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसने तीन मैचों में दो अर्धशतक बनाए। मुझे नहीं लगता कि चिंता की कोई बात है।

# साकेत-रामकुमार ने जीता युगल खिताब

● बेंगलुरू ओपन

**भाषा।** बेंगलुरू

**भारत के** साकेत मायनेनी और रामकुमार रामनाथन ने शनिवार को यहां फाइनल में फ्रांस के हुगो ग्रेनियर और एलेक्सांद्रे मुलर की जोड़ी को हराकर बेंगलुरू ओपन एटीपी चैलेंजर का युगल खिताब अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी ने केएसएलटीए स्टेडियम में 6-3 6-2 से जीत दर्ज की। यह चैलेंजर्स में साकेत का नौंवां युगल खिताब है जबकि रामकुमार ने तीन हफ्ते में तीसरी जीत हासिल की। वहीं क्रोएशिया के क्वालीफायर बोर्ना गोजो ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के एलेक्सांद्रे मुलर को हराकर एकल स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना खिताब के लिए चीनी ताइपे के चुन सिन सेंग से होगा। चुन सिन सेंग ने फ्रांस के छठे वरीय एंजो कोआकाड पर 7-5 6-4 से जीत हासिल की।




### प्रजनेश और रामकुमार को मुश्किल ड्रा

**बेंगलुरू।** भारत के प्रजनेश गुणेश्वरन रविवार को यहां क्वालीफायर्स के साथ शुरू होने वाले बेंगलुरू ओपन 2 एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में आस्ट्रेलिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्सांद्र वुकिच से भिड़ेंगे जबकि रामकुमार रामनाथन का सामना सातवीं वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी खिलाड़ी मैथियास बोर्ग से होगा। पच्चीस वर्षीय वुकिच अभी विश्व रैंकिंग में 138वें स्थान पर हैं और उन्हें यहां शीर्ष वरीयता दी गई है। फ्रांस के ह्यूगो ग्रेनियर को दूसरी और इंजो कोकाड को तीसरी वरीयता दी गई है। इटली के फेडरिको गाइयो को चौथी वरीयता मिली है। प्रजनेश बेंगलुरू ओपन। के दूसरे दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जिरी वेस्ली से हार गए थे जबकि रामकुमार पहले दौर में ही आस्ट्रेलिया के मैक्स पुरसेल से हारकर बाहर हो गए थे। बेंगलुरू ओपन 2 के क्वालीफाईंग दौर के मुकाबले रविवार और सोमवार को होंगे।

## गेंदबाजी इकाई बेहतर कर सकती है, दीप्ति शर्मा ने न्यूजीलैंड से हार के बाद कहा



**क्वीन्सटाउन ( न्यूजीलैंड )।** भारतीय ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने शनिवार को यहां न्यूजीलैंड महिला टीम से पहले वनडे में मिली 62 रन की हार के बाद कहा कि गेंदबाजी इकाई बेहतर काम कर सकती थी। भारतीय गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड पारी के अंत में विकेट चटकाकर लगाम कसी थी लेकिन मेजबानों की पूरी टीम फिर भी 48.1 ओवर में सिमटने तक 275 रन बना चुकी थी। दीप्ति ने दो विकेट चटकाए जिसमें शतक जड़ने वाली सूजी बेट्स का विकेट भी शामिल था। उन्होंने मैच के बाद वर्चुअल मीडिया कांफ्रेंस में कहा, हमने अच्छी गेंदबाजी की। अगर हम उन्हें थोड़ा पहले समेट देते तो यह अच्छा होता। उन्होंने 275 रन बना लिए थे। गेंदबाजी इकाई बेहतर कर सकती है। उन्होंने साथ ही कहा कि यहां के विकेटों पर सांमजस्य बिठाने में कुछ समय लगेगा। हम विकेट झटकने के लिए काफी कोशिश कर रहे हैं। इस तरह के विकेट पर कैसे गेंदबाजी की जाए, हम इस पर काम कर रहे हैं। यह पूछने पर कि क्या टीम पांच मैचों की वनडे श्रृंखला में प्रयोग करना चाहेगी तो उन्होंने कहा, कप्तान और कोच इस (प्रयोग करने) पर फैसला करेंगे। यह अच्छा है कि विश्व कप से पहले हमें इस श्रृंखला में खेलने का मौका मिल रहा है। बतौर टीम जितना ज्यादा खेलेंगे, उतना अच्छा होगा। बाएं हाथ की बल्लेबाज को भरोसा था कि टीम इस हार के बाद वापसी करेगी और उन्होंने कहा कि ध्यान बल्ले से अच्छा करने पर लगा होगा। वहीं न्यूजीलैंड की सलामी बल्लेबाज सूजी बेट्स ने कहा कि टीम सुनिश्चित करेगी कि वे आगामी मैचों में भी इसी जीत की लय को बनाए रखें।

## भारतीय शतरंज खिलाड़ी हरिका को भी भेजे गए यौन टिप्पणी वाले पत्र

**चेन्नई।** भारतीय शतरंज खिलाड़ी द्रोणवल्ली हरिका उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें कथित तौर पर पिछले साल नवंबर में लाटविया में यौन टिप्पणी वाले पत्र भेजे गए थे। विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज भारतीय ग्रैंडमास्टर हरिका ने कहा कि रीगा में ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट के दौरान उन्हें आखिरी दिन तक इसका पता नहीं चला और आयोजक तथा अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिटे) मामले से बखूबी निपटे। उन्होंने कहा , रीगा में मेरे नाम से पत्र भेजा गया लेकिन मुझे आखिरी दिन तक पता नहीं चला। मुझे कोई व्यवधान नहीं हुआ। फिडे ने मामले को बखूबी संभाला और पत्र पुलिस को सौंप दिए। उन्होंने कोई पत्र नहीं खोला और किसी तरह की समस्या नहीं आई। फिडे ने कहा कि टूर्नामेंट के दौरान पत्र मिलने पर उसने कार्वाई की थी और लाटविया पुलिस को मामले की जानकारी दे दी जो इसकी जांच कर रही है। फिडे ने कहा , फिडे ने रीगा में ग्रैंड शतरंज टूर्नामेंट के दौरान पत्र मिलने पर तुरंत कार्वाई की। हमने खिलाड़ियों की ओर से पुलिस को बताया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है और जांच चल रही है।

## लाहिड़ी फिनिक्स ओपन में कट से चूके



**स्कॉट्सडेल।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी यहां 82 लाख डॉलर के वेस्ट मैनेजमेंट फिनिक्स ओपन के दूसरे दौर में चार ओवर 75 का कार्ड खेलकर कट से चूक गए। लाहिड़ी ने पहले दौर में 70 और दूसरे दौर में 75 का कार्ड खेला। इससे वह तीन शुरूआत में एक बार भी कट लाइन तक नहीं पहुंच सके। उन्होंने दो बर्डी लगाई और छह बोगी ड्राप की। कट दो अंडर का था जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। भारतीय-अमेरिकी साहिथ थीगाला 12 अंडर के कुल स्कोर से शीर्ष पर चल रहे हैं।

## भुल्लर क्लासिक में संयुक्त 59वें स्थान पर खिसके

**रस अल खैमाह।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर रस अल खैमाह क्लासिक के तीसरे दौर में 74 निराशाजनक कार्ड से संयुक्त 59वें स्थान पर खिसक गए हैं। भुल्लर ने 70 और 67 के कार्ड से शुरूआत की थी। उन्होंने चार बोगी ड्राप की और केवल दो बर्डी ही लगा सके जिससे उनका कुल स्कोर पांच अंडर रहा। वहीं रेयान फॉक्स ने सात अंडर 65 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर 19 अंडर हो गया है और वह एकल बढ़त बनाए हैं।